डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 12 जून 2024, वर्ष-30, अंक-234, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज 12



मणिपुर हिंसा और चुनाव पर मोहन भागवत के बयान...


सेंसेक्स

76,456.59 -33.48

डॉलर

83.623 +0.105

पलामू सर्राफा

10 ग्राम 71,540

01 किलो 88,990

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## अन्नपूर्णा देवी व संजय सेठ ने संभाला मंत्रालय का कार्यभार





**नई दिल्ली।** कोडरमा की सांसद व केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। वहीं शास्त्री भवन में सावित्री ठाकुर ने भी मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला लिया। वहीं रांची के सांसद संजय सेठ ने भी मंगलवार को रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने एवं रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संजय सेठ का स्वागत किया। इस अवसर पर संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

पदभार ग्रहण करने के बाद अन्नपूर्णा देवी ने ट्वीट करके कहा कि सेवा यात्रा का एक निर्णायक मोड़, एक नई शुरूआत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में कार्यभार संभालते हुए उत्साह और गौरव की अनुभूति कर रही हूं। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने महिला सशक्तीकरण और बचपन के संरक्षण-संवर्द्धन के स्मरणीय दौर का साक्षात्कार किया है। मेरा प्रयास होगा कि प्रधानमंत्री की आकांक्षा के अनुरूप देश में वुमेन डेवलपमेंट के स्थान पर वुमेन लेड डेवलपमेंट की उपलब्धि प्राप्त करे।

वहीं संजय सेठ ने सांसद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में कार्य करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने राजनाथ सिंह के साथ पहले विभिन्न पदों पर काम किया है। संजय सेठ ने कहा कि वह रक्षा मंत्रालय की उन विभिन्न पहलों को पूरा करने का प्रयास करेंगे जिनका उद्देश्य राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत करना है।

## लोहरदगा में पुलिस पिकेट में रखे वाहनों में लगी आग, दर्जनों वाहन जलकर खाक

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शंख नदी स्थित पुलिस पिकेट में आग लग गई। इससे पिकेट में रखे दर्जनों वाहनों में आग लग गई। देखते ही देखते दर्जनों वाहन जलकर खाक हो गए हैं। मौके पर अग्निशमन विभाग के कई वाहनों को बुलाया गया है। इसके अलावा पुलिस प्रशासन की टीम भी मौके पर मौजूद थे। आग कैसे लगी यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है। आग पर काबू पाने का लगातार प्रयास किया जा रहा था। यह घटना लोहरदगा-रांची मुख्य पथ के शंख नदी मोड़ स्थित पुलिस पिकेट की है। जानकारी के अनुसार आगलगी की घटना में दर्जनों दो पहिया और चार पहिया वाहन जलकर खाक हो गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो चौकीदार के भरोसे पुलिस पिकेट को छोड़ दिया गया था। साथ ही वहा पर कार्यरत पुलिस के जवानों और पिकेट प्रभारी को चुनाव ड्यूटी में लगा दिया गया था।

## एक नजर

### भीषण गर्मी के कारण 12 से 15 जून तक बंद रहेंगे राज्य के सभी स्कूल



**रांची।** राज्य में गर्मी के प्रभाव को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी कोटि के स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश मंगलवार को जारी किया है। राज्य सरकार के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल ने स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा है कि राज्य में भीषण गर्मी पड़ रही है। तपिश का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी, सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त सभी स्कूल 12 से 15 जून तक बंद रहेंगे। इस अवधि के पश्चात स्कूल अपने निर्धारित समय पर खुलेंगे। इससे पहले नौ जून को विभाग के स्तर से जारी आदेश में कहा गया था कि सभी तरह के स्कूलों में केजी से 12 वीं तक की पढाई सुबह सात बजे से 11:30 बजे तक होगी।

### मोहन मांझी होंगे ओडिशा के नये मुख्यमंत्री



**नई दिल्ली/भुवनेश्वर।** केन्दुझर से विधायक तथा राज्य के जनजातीय नेता मोहन माझी ओडिशा के नये मुख्यमंत्री होंगे। उनके साथ-साथ पटनागढ़ से विधायक कनक वर्धन सिंह देव और निमापडा से विधायक प्रवाति परिडा उप मुख्यमंत्री बनेंगी। भुवनेश्वर में आज भाजपा विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। केन्द्रीय पर्यवेक्षक केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह व भूपेन्द्र यादव की उपस्थिति में विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने ओडिशा विधानसभा चुनाव में बीजद को सत्ता से बाहर किया है।

### अच्छी विधि व्यवस्था से बनती है बेहतर छवि, विकास को मिलता है नया आयाम

# राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम

- आपका मजबूत सूचना तंत्र, आधुनिक तकनीक का करें इस्तेमाल
- क्रिएटिविटी एवं सतर्कता से विधि-व्यवस्था का बेहतर संचालन संभव
- दूसरे राज्यों में विधि-व्यवस्था का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करें

*ब्यूरो रिपोर्ट*



**रांची।** विरोधी दलों खासकर भाजपा की ओर से राज्य की विधि-व्यवस्था पर लगातार उठाये जा रहे सवालों के बीच मंगलवार को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन में राज्य की विधि-व्यवस्था और अपराध-उग्रवाद नियंत्रण को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की। राज्य के वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिल उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ हुई इस समीक्षा बैठक में सीएम चंपाई सोरेन ने अवैध खनन, मादक पदार्थों और शराब तस्करी एवं बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया। साथ ही शेष पृष्ठ 11 पर

### अपनी कार्यशैली और सूचना तंत्र को मजबूत करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में काफी विविधताएं हैं। कहीं जंगल झाड़ है तो कहीं खदान। कुछ इलाकों में उद्योगों की बहुलता है तो कहीं लोग कृषि पर निर्भर हैं। इसी तरह यहां की परिस्थितियों के अनुरूप अपराध में भी काफी विविधताएं हैं। नित्य अपराध के स्वरूप में भी परिवर्तन आ रहा है। ऐसे में पुलिस की चुनौती बढ़ जाती है। ऐसे में अपराध को नियंत्रित करने में आपकी कार्यशैली और मजबूत सूचना तंत्र काफी कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अपराध के वर्तमान चुनौतियों से निपटने के साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति भी बनाएं।

### आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर अपराध पर करें नियंत्रण

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई ऐसी नवीनतम तकनीकें है, जिसके जरिए अपराध को जानने- समझने के साथ नियंत्रित करने में इस्तेमाल किया जा सकता है। पुलिस को ऐसी आधुनिक तकनीक से हमेशा अपडेट रहने की जरूरत है। इसके साथ अन्य राज्यों में विधि व्यवस्था को लेकर जो व्यवस्थाएं हैं, उसका भी अध्ययन करें, ताकि झारखंड की परिस्थितियों के अनुरूप उसकी जरुरत पड़े तो उसका इस्तेमाल किया जा सके। मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक सिस्टम में भी सुधार करने पर जोर दिया।

### डीसी-एसपी बेहतर समन्वय बनाकर करें काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी जिले में डीसी और एसपी के बीच बेहतर समन्वय से ही कानून एवं व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि डीसी और एसपी के बेहतर को-ऑर्डिनेशन से बेहतर नतीजे आते हैं। इससे विकास को गति मिलती है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि राज्य के तमाम अधिकारी अपनी बेहतर कार्य शैली से विधि व्यवस्था और अन्य सभी मामलों में बेहतर नतीजे देंगे। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जो भी संसाधन और जरूरतें होगी, उसे सरकार पूरा करेगी।

## सुप्रीम कोर्ट का नीट यूजी काउंसलिंग पर अंतरिम रोक से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट यूजी 2024 परीक्षा के बाद मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए जारी काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक के लिए कोई अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। इस साल 5 मई को हुई नीट यूजी परीक्षा को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने मामले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) तथा अन्य से जवाब मांगा है। पीठ में न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने कहा, ऐसा नहीं है कि आपने इसे किया है तो इसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। पवित्रता प्रभावित हुई है, और इसलिए हमें जवाब चाहिए। (याचिका पर जवाब देने के लिए) आपको कितना समय चाहिए? अदालत दोबारा खुलने के तुरंत बाद अन्यथा, काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। यदि आपको और समय चाहिए तो हम काउंसलिंग रोक देंगे। एनटीए के वकील ने बताया कि इसी तरह की एक याचिका पर 8 जुलाई को भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई होनी है। इस पर अदालत ने कहा, हम इस मामले पर 8 जुलाई को सुनवाई करेंगे। हम इसे लंबित याचिका के साथ टैग कर देंगे। तब तक आप अपना जवाब दाखिल कर दें। इससे पहले इसी तरह के एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी परीक्षा के परिणाम की घोषणा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। हालांकि उसने एनटीए तथा अन्य को नोटिस जारी किया था। परीक्षा में शामिल छात्रों द्वारा दायर याचिका में 5 मई को हुई नीट यूजी परीक्षा में कदाचार की गहन एवं जल्द जांच करने का निर्देश देने, और पेपर लीक की जांच पूरी होने तक परिणाम के प्रकाशन पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इसमें एनटीए को परीक्षा परिणाम वापस लेने और नये सिरे से परीक्षा के आयोजन का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

## जन्मदिन पार्टी में पहुंचे व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राहे ओपी क्षेत्र के लोहाहातु दुलमी में जन्मदिन की पार्टी में सोमवार रात पहुंचे अर्जुन महतो की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह बुंडू के बीच टोला का रहने वाला था। रांची पुलिस ने हत्या के समीर कोईरी को बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। बुंडू एसडीपीओ रतीभान सिंह ने बताया कि अर्जुन महतो रात में अपने बड़े साढ़ू झरिया महतो के राहे स्थित लोहाहातु दुलमी में जन्मदिन के पार्टी में गया था। लेकिन देर होने की वजह से रात में वहीं रूक गया। इसी बीच अर्जुन महतो का छोटा साढ़ू समीर कोईरी बाउंड्री क्रॉस कर वहां पहुंचा और उसने अर्जुन को गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया। यह पूरा घटनाक्रम झरिया महतो की पत्नी पुष्पा देवी ने देखा। मौके पर मौजूद रिश्तेदार अर्जुन को रांची के एक निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बुंडू के अर्जुन महतो तथा पुरुलिया के कोड़ाडीह निवासी समीर कोईरी के बीच किसी बात को लेकर लंबे समय से बातचीत बंद थी। दोनों अक्सर एक दूसरे को मारपीट की धमकी देते थे। अर्जुन पेशे से सब्जी कारोबारी था। वह अपने परिवार के साथ ताऊ में सब्जी का कारोबार करता था।

### अरुणाचल के लिए रविशंकर और चुघ केंद्रीय पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने अरुणाचल प्रदेश में विधायक दल के नेता के चयन के लिए वरिष्ठ नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद और राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 46 पर जीत दर्ज की।

## 41 अभ्यर्थियों के लिए अलग से लें सहायक आचार्य परीक्षा : हाईकोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को होने वाली सहायक आचार्य परीक्षा में शामिल होने के लिए दायर अमृता कुमारी और 41 अन्य अभ्यर्थियों की याचिका पर मंगलवार सुनवाई की। सुनवाई के दौरान झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अध्यक्ष प्रशांत कुमार अदालत के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। हाई कोर्ट ने उन्हें निर्देश दिया कि जिन 41 अभ्यर्थियों ने याचिका दाखिल की है, उनके लिए अलग से परीक्षा ली जाएगी। इसके लिए अदालत ने जेएसएससी को चार सप्ताह का समय दिया है। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि इस याचिका का जो भी अंतिम निष्कर्ष निकलेगा, उससे उनकी नियुक्ति प्रभावित होगी। इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की बेंच में हुई। अमृता कुमारी और अन्य की ओर से पूर्व महाधिवक्ता व हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार अधिवक्ता अपराजिता भरद्वाज ने बहस की। उन्होंने बहस में कहा कि संशोधित नियमावली को पूर्व के विज्ञापन में लागू नहीं किया जा सकता। वादी मूल नियमावली की सभी शर्तों को पूरा कर रहे हैं। इसलिए इन्हें एडमिट कार्ड मिलना चाहिए और इन्हें परीक्षा में शामिल किया जाना चाहिए।

## इंडिया



सुनील बादल

*21 मई को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायधीश सार्थक शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान विशेष न्यायधीश ने उन्हें समन जारी था और 11 जून को अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया था।*

## नई जिम्मेदारी में राहुल को निभानी होगी बड़ी भूमिका

राहुल गांधी 18 जून से शुरू होने वाले संसद में नेता प्रतिपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका में हो सकते हैं। विवादास्पद बयानों के कारण अक्सर वे चर्चा में रहते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मंगलवार को रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर होने को कहा गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर किए गए आपत्तिजनक टिप्पणी मामले को लेकर सुनवाई थी। 21 मई को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायधीश सार्थक शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान विशेष न्यायधीश ने उन्हें समन जारी था और 11 जून को अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया था। राहुल गांधी की ओर से कोर्ट से जारी समन को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को फिर से समन जारी किया था। 2018 में अधिवेशन हुआ था। इस अधिवेशन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि भाजपा में हत्या का आरोपित भी अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता है। इसको लेकर चाईबासा कोर्ट में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व में राहुल गांधी पर 1000 रुपए का जुमार्ना भी लगा चुका है। ये जुमार्ना अदालत में जवाब दाखिल करने में देरी के कारण लगाया गया। दरअसल, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला चाईबासा सिविल कोर्ट में चल रहा है, जिसे निरस्त करने के लिए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसी को लेकर अदालत ने जवाब मांगा था, जिसे नहीं देने पर कोर्ट ने जुमार्ना लगाया झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ तीन मुकदमे चल रहे हैं। पहला मामला नवीन झा ने रांची की निचली



अदालत में अमित शाह पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ चल रहा है। दूसरा मामला भी अमित शाह को लेकर है, बीजेपी नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में याचिका दायर की थी। तीसरा मामला, मोदी सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी से जुड़ा है। सभी मामले की सुनवाई रांची में हो रही है। लगभग दस वर्ष पूर्व कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी ने बयान दिया था कि मंदिर जाने वाले लोग ही महिलाओं के साथ गलत व्यवहार करते हैं। इस विवादित बयान की वजह से वह कानुपर के किदवई नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका पुतला फूंका था। आरोप है कि इस बयान से सनातन धर्म का अपमान हुआ है। अपनी सेक्युलर छवि को मजबूत बनाने के लिए राहुल गांधी ने एक वर्ग विशेष को नाराज करने वाला विवादित बयान देकर फिर से अपनी किरकिरी करवाई है। उनके इस बयान से गुस्साए भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका पुतला दहन किया और मांफी मांगने को कहा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान पूरी तरह से सनातन धर्म और हिंदू संस्कार के विरोध में है। उन्होंने कहा कि इससे सनातन धर्म की भावनाएं आहात हुई हैं। विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी को माफी मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में हार के बाद अब कांग्रेसी नेता बौखला गए हैं और बेतुके बयान दे रहे हैं। कुछ लोग उनकी परिपक्वता को लेकर सवाल खड़े करते रहे हैं। कई बार ऐसा हुआ है कि राहुल के बयान विवादों के घेरे में आ गए हैं। कई बार तो उनके बयानों पर सफाई देना कांग्रेस के लिए भी मुश्किल मालूम पड़ा है। 24 अक्टूबर, 2013 को इंदौर में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा था, 'मुजफ़्फ़रनगर में जो आग लगी है। ऐसे 10-15 लड़के हैं, मुसलमान लड़के हैं, जिनके भाई-बहनों को मारा गया है। पाकिस्तान के लोग उनसे बात कर रहे हैं। पाकिस्तान की खुफि या एजेंसी के लोग उन लड़कों से बात करना शुरू कर रहे हैं और मैं, उनसे बात कर रहा हूं, कह रहा हूं कि इनके बहकावे में मत आओ।' चंडीगढ़ के एक विश्वविद्यालय में 11 अक्टूबर, 2012 को भाषण देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यूरोप के राजदूत ने कहा कि आने वाली सदी भारत की है क्योंकि यहां ह्यूमन रिसोर्स बहुत अच्छा है। लेकिन पंजाब के ह्यूमन रिसोर्स का क्या हो रहा है। यहां 10 में से सात युवा नशे की गिरफ़्त में हैं। हाल ही में चुनाव पूर्व राहुल गांधी के एक वायरल वीडियो में राजा-महाराजाओं को लेकर की गई टिप्पणी पर घमासान शुरू हो गया। केंद्र शासित प्रदेश दमन में आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि राजा-महाराजा मनमानी करते थे। जब चाहते थे कमजोर, एससी व एसटी की जमीन छीन लेते थे। पूर्व गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस के युवराज यह भूल गए की राजा-महाराजाओं ने अपनी रियासतें देश को अर्पण की थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश को लूटने का काम तो कांग्रेस की सरकार करती थी। क्षत्रिय राजपूत संकलन समिति के प्रमुख करण सिंह चावड़ा ने राहुल के बयान को राजा-महाराजाओं का अपमान बताते हुए कहा कि वे मनमर्जी से जमीन छीन लेते थे, पूरी तरह से गलत है। कहा कि समिति की कोर कमेटी में इस मुद्दे पर भी चर्चा होगी।

अब देखना है कि नए नेता प्रतिपक्ष राजनीतिक रणनीति के तहत समाचारों में बने रहने के लिए ऐसे बयान देते रहे हैं या नहीं?

### अमित शाह पर राहुल गांधी की टिप्पणी मामले में अगली सुनवाई छह को

**रांची।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में मंगलवार को रांची स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की कोर्ट ने राहुल गांधी की उपस्थिति के लिए पूर्व में समन जारी किया था, जिसका तामिला प्रतिवेदन अभिलेख में संलग्न नहीं होने के कारण सुनवाई की अगली तिथि छह जुलाई निर्धारित की है। इससे पूर्व कोर्ट ने राहुल गांधी को समन जारी कर कोर्ट में उपस्थित होने को कहा था लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। राहुल गांधी ने पूर्व में एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा जारी समन को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को फिर से समन जारी किया था। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता नवीन झा के अधिवक्ता बिनोद कुमार साहू ने पैरवी की। यह जानकारी अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने दी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में मामले में शिकायतवाद दर्ज होने के बाद रांची सिविल कोर्ट ने पहली बार राहुल गांधी को समन जारी किया था।


खुल गया | खुल गया | खुल गया
नीलकमल फर्नीचर
मेसर्स विनय इंटरप्राइजेज
गायत्री मंदिर रोड, सुदना

प्रो. अभिषेक कुमार
नीलकमल के अधिकृत विक्रेता सभी तरह के | फर्नीचर के लिए एक बार जरूर पधारें
दीवान, सोफा, आलमीरा, स्कूल फर्नीचर, प्लास्टिक की कुर्सी, टेबल व सभी सामानों के सेट उपलब्ध
8789497720 | 9199963588

# निलंबित जन वितरण वैभव आजीविका सखी मंडल की अध्यक्ष पर अनाज गबन की प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी के आदेश पर हुसैनाबाद के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार पासवान ने जन वितरण प्रणाली विक्रेता वैभव आजीविका सखी मण्डल, ग्राम टिकरपर, महुअरी के विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि वैभव आजीविका सखी मंडल की अध्यक्ष जयमाला देवी द्वारा माह दिसम्बर 2023 से माह मार्च 2024 तक कार्डधारियों के शिकायत के अनुसार अंगूठा लगाकर 50 से 60 कार्डधारियों के बीच 41.20 (एकतालीस क्विंटल बीस किग्रा) खाद्यान्न नहीं देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जन वितरण प्रणाली विक्रेता वैभव आजीविका सखी मण्डल के अध्यक्ष जयमाला देवी, ग्राम टिकरपर, महुअरी को माह मार्च में कार्डधारियों के लिखित शिकायत के बाद स्थलीय जांच किया गया था। जांच के क्रम में जन वितरण प्रणाली विक्रेता वैभव आजीविका सखी मण्डल के अध्यक्ष के द्वारा राशन वितरण में अनियमितता को लेकर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा निलंबन करने के लिए अनुशंसा की गई थी। परिणामस्वरूप जिला आपूर्ति पदाधिकारी के आदेश के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए शेष बकाया खाद्यान्न वितरण करते हुए एक सप्ताह के अन्दर स्पष्टीकरण मांगा गया था। लेकिन जन वितण प्रणाली विक्रेता के द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। उसके बाद प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया कि शेष बकाया राशन कार्डधारियों के बीच वितरण करते हुए 24 घंटे के अन्दर स्पष्टीकरण का जवाब देने का निर्देश दिया गया। फिर भी उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। जवाब नहीं मिलने के बाद अधिकारी उनके घर पर भी गये, लेकिन वह घर पर नहीं मिली। साथ ही फोन से भी सम्पर्क करने पर फोन रिसीव नहीं किया गया। उसके बाद फिर से कार्डधारियों का लिखित शिकायत प्राप्त हुआ कि अभी तक जन वितरण प्रणाली विक्रेता वैभव आजीविका सखी मण्डल के अध्यक्ष जयमाला देवी द्वारा बकाया खाद्यान्न नहीं दिया गया है। लिखित शिकायत के अनुसार पुनः जन वितरण प्रणाली विक्रेता वैभव आजीविका सखी मण्डल के अध्यक्ष जयमाला देवी को प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी ने कारण पूछा। फिर भी उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी हुसैनाबाद द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मार्गदर्शन मांगी गई थी। उपरोक्त सभी वर्णित तथ्यों से स्पष्ट होता है कि जन वितरण प्रणाली विक्रेता वैभव आजीविका सखी मण्डल के अध्यक्ष जयमाला देवी द्वारा खाद्यान्न की कालाबाजारी का मामला प्रतिलक्षित होता है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के आदेश पर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार पासवान ने उपरोक्त वर्णित तथ्यों के अनुसार खाद्यान्न की कालाबाजारी करने मामला के आरोप में जन वितरण प्रणाली विक्रेता वैभव आजीविका सखी मण्डल की अध्यक्ष जयमाला देवी, पति राकेश सिंह पर हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करा दी है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार पासवान के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**जन वितरण प्रणाली विक्रेता वैभव आजीविका सखी मण्डल के अध्यक्ष के द्वारा राशन वितरण में अनियमितता**

## एक नजर

### अवैध बालू उठाव करने वाले तीन ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र के हुटार स्थित कोयल नदी से अवैध चालान के साथ बालू उठाव करने वाले तीन ट्रैक्टर चालकों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार चालकों में धावा के 35 वर्षीय कृष्णा भुइयां, पिता रघु भुइया, 39 वर्षीय नूर मोहम्मद, पिता स्व. अली मोहम्मद, गढ़वा जिला के रमकंडा थाना क्षेत्र के पटसर के रहने वाले 25 वर्षीय मनीष मुंडा, पिता सोमा मुंडा शामिल हैं। बतातें चलें कि सोमवार की सुबह नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के रोक के बावजूद रामगढ़ थाना क्षेत्र के हुटार में कोयल नदी से अवैध चालान पर बालू का उठाव करते तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। हुटार पिकेट प्रभारी कालिका पासवान ने कार्रवाई की थी। तीन ट्रैक्टर के चालकों को भी पकड़ा गया, जिन्हें मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### हैदरनगर पंचायत सचिवों के कार्यभार में फेरबदल

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यालय में नये पंचायत सचिवों के पदस्थापन के बाद कार्यभार में फेरबदल किया गया है। इस संबध में सोमवार की शाम बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने आदेश पत्र जारी कर दिया है। जारी आदेश पत्र कहा कि विकास कार्य में तेजी और जनहित को देखते हुए कार्यभार में बदलाव किया गया है। वर्तमान आदेश के तहत पंचायत सचिव नन्देव उरांव को इमामनगर बरेवा, संड़ेया, कुकही, युगेश्वर यादव को परता, खरगाड़ा व जयकृष्ण सिंह को हैदरनगर पश्चिमी पंचायत का कार्यभार दिया गया है। पंकज कुमार दास हैदरनगर पूर्वी, चौकड़ी, महेन्द्र कुमार मोकहर कला, बरडंडा व शैलेन्द्र कुमार को बभंडी, बिलासपुर पंचायत का कार्यभार दिया गया है। इसके अलावा जयप्रकाश राम जनसेवक को यथावत रखा गया है। इन्हें आपस में एक दूसरे से प्रभार का आदान प्रदान कर कार्यालय को अविलंब सूचना देने को कहा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है। आदेश की प्रतिलिपि प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, ग्राम रोजगार सेवक के अलावा जिला पंचायती राज पदाधिकारी व उप विकास आयुक्त को भेज दिया गया।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**हरिहरगंज।** पिपरा पुलिस ने मंगलवार को दमवा मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी विमल कुमार के नेत्तृत्व में एंटी क्राइम व सड़क सुरक्षा को लेकर दमवा मोड़ के पास दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को रोक कर आवश्यक कागजातों, डिक्की खुलवा कर जांच की गयी। हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने का नर्देश दिया गया। थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा व एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाएं। वाहन जांच अभियान में एसआई व पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

## रामनाथ ठाकुर को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने पर नाई समाज ने हर्ष व्यक्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** रामनाथ ठाकुर को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने पर पलामू जिला राष्ट्रीय नाई महासभा के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया। मौके पर राष्ट्रीय नाई महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष प्रो. बच्चन ठाकुर ने कहा कि पहली बार मोदी सरकार में नाई जाती के केंद्रीय राज्य मंत्री बनाया गया है, जो नाई समाज के लोगों को सम्मान बढ़ा है। पलामू जिला नाई समाज के लोगों ने रामानाथ ठाकुर को बधाई देने के साथ भाजपा के केंद्रीय कमेटी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। हर्ष व्यक्त करने वालो में पलामू जिला अध्यक्ष प्रो. बच्चन ठाकुर, पलामू जिला उपाध्यक्ष अमलेश ठाकुर, ध्रमेंन्द्र ठाकुर, मनोज ठाकुर, श्रीकांत ठाकुर, प्रेमप्रकाश ठाकुर, रंजय ठाकुर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर, पांकी प्रखंड अध्यक्ष विजय ठाकुर, संजय ठाकुर सहित सभी नाई समाज के लोग ने खुशी जाहिर किया। बता दें कि रामनाथ ठाकुर जदयू के प्रमुख नेताओं में एक हैं। उनके पिता स्व कर्पूरी ठाकुर बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। कर्पूरी ठाकुर आरक्षण और सादगी भरी राजनीती के लिए याद किये जाते है। जदयू के तरफ से वो राज्यसभा का प्रतिनिधित्व करते हैं। रामनाथ ठाकुर को लम्बा सियासी अनुभव है। वह बिहार सरकार में मंत्री पद की कमान संभाल चुके हैं। अलग-अलग सरकार में मंत्री बने हैं।

## न्यूज बॉक्स

### टेंपो पलटने से तीन घायल, एक रेफर

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के जपला-मोहम्मदगंज मुख्य सड़क के सोनबरसा गांव के समीप सोमवार की देर शाम को टेंपो पलट जाने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सोनबरसा गांव निवासी ज्योति कुमारी, सरस्वती कुमारी व हीना परवीन आदि का नाम शामिल है। सभी घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्रारंभिक इलाज के बाद हीना परवीन की स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि सभी लोग मोहम्मदगंज से बाजार कर अपने घर लौट रहे थे, इसी क्रम में टेपों का चक्का खुलने से टेपों अनियंत्रित होकर पलट गई। जबकि अन्य दो लोगों का इलाज हुसैनाबाद अस्पताल में चल रहा है।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर युवक घायल

**विश्रामपुर।** बीमोड़ मुख्य सड़क पर सोरडीहा गांव के समीप अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना मंगलवार दोपहर बाद की बताई जा रही है। घायल युवक की पहचान जपला निवासी 34 वर्षीय नीतीश कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह उत्कर्ष फाइनेंस का कर्मी बताया जा रहा है। उसे स्थानीय लोगों ने सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया। वहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### लू लगने से युवक की मौत

**सतबरवा।** लगातार लू चलने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लू से 9 जून को सतबरवा महावीर चौक निवासी 45 वर्षीय कमलेश प्रसाद पिता स्व. कुंज बिहारी की मौत हो गई। मृतक फुटपाथ पर मिठाई बेचने का काम करता था। मृतक की पत्नी ललिता देवी ने बताया कि उसके दो बेटा, एक बेटी है। बाजार में फुटपाथ पर मिठाई बेच कर जीविकोपार्जन चलता था। रविवार को कड़ी धूप में बाजार में बैठ कर मिठाई बेच रहे थे। इसी दौरान लू लग जाने उसकी मौत हो गई। कमलेश की मौत के बाद लोगों ने दाह संस्कार में सहयोग किया। आस-पास के ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के परिजनों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। परिवार को आर्थिक सहयोग की जरूरत है। दाह संस्कार की पूरी प्रक्रिया करने में भी यह परिवार सक्षम नहीं है। लोगों ने उपायुक्त पलामू से इस परिवार को सहयोग करने की अपील की है।

## एसडीएम ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद एसडीएम, आइएएस पियूष सिन्हा ने मंगलवार को अनुमंडलीय स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों को कई दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान रोस्टर के अनुरूप सभी कर्मी मौजूद थे। एसडीओ ने क्रमवार स्वास्थ्य केंद्र के सभी विभागों का अवलोकन किया। बाल चिकित्सा गहन देख-भाल इकाई के बारे में जानकारी ली। प्रसूति गृह की स्थिति से अवगत होते हुए ड्यूटी पर लगे एएनएम को कई दिशा निर्देश दिया। सामान्य वार्ड व अन्य संबंधित जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने दवा स्टॉक आदि की जानकारी लेते हुए चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को अपने कार्यों के प्रति सजग रहने का आदेश दिया। एसडीओ ने बताया कि जांच के क्रम में कुछ महत्वपूर्ण दवाएं स्टॉक में नहीं थी। कर्मचारियों को शीघ्र प्रतिवेदन देकर दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। नियमित टीकाकरण व स्टॉक के बारे में जानकारी ली। डेंटल मशीन में तकनीकी खराबी को शीघ्र दुरुस्त कराने की बात कही। साथ ही मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का ख्याल रखने का निर्देश दिया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डा. बिनेश कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक विभूति कुमार, सुनील कुमार समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## गांजा व देसी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार

**पांकी।** पांकी थाना पुलिस ने सोमवार की शाम गांजा व देसी कट्टा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने थाना क्षेत्र के भुइयां कुरहा गांव स्थित सिंचाई विभाग के जर्जर भवन के समीप से चार किलो गांजा व देसी कट्टा के साथ दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पांकी थाना प्रभारी उतम तिवारी ने बताया कि पलामू एसपी से मिली सूचना पर छापामारी की गई। पुलिस को सूचना मिली की प्रभाकर पांडेय व शिपू पांडेय दोनों पीपराटांड़ थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में चार किलो गांजा व देसी कट्टा के साथ छिपे हैं। तत्काल ही टीम गठित कर दोनों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजा गया। दोनों के पास से चार मोबाइल, एक बाइक भी जब्त की गई।

**न्याय**

### मोनू मिश्र हत्याकांड का 15 दिनों बाद भी उद्भेदन नहीं

# परिजनों ने लगाया पुलिस पर उदासीनता का आरोप

### बेटे के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए पिता ने मुख्यमंत्री, डीजीपी से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** थाना अंतर्गत नावाडीह कला ओपी क्षेत्र के छिपादोहर गांव निवासी मोनू मिश्रा के अपहरण व हत्याकांड का उद्भेदन नरकंकाल बरामद होने के पंद्रह दिनों बाद भी नहीं हो पाया है। नामजद हत्यारोपी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। मृतक मोनू मिश्रा के पिता चंद्रशेखर मिश्रा अपने भाई बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा के साथ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन व डीजीपी अजय कुमार सिंह से रांची कार्यालय जाकर मुलाकात की। चंद्रशेखर मिश्रा ने डीजीपी को अपनी व्यथा सुनाते हुए न्याय की गुहार लगाई। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मिश्रा को आश्वस्त किया कि इस संबंध में आईजी व पलामू एसपी को जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया जायेगा। बता दें कि छिपादोहर निवासी चंद्रशेखर मिश्रा का 25 वर्षीय पुत्र मोनू मिश्रा पिछले 10 मई से लापता था। उसका नरकंकाल 27 मई को महुआखला पचघारा जंगल से बरामद हुआ था।

### बेटे की बरामदगी के लिए पिता पुलिस के पास लगाते रहे गुहार

अपहरण के बाद से मोनू के पिता चंद्रशेखर मिश्रा अपने बेटे के बरामदगी के लिए प्रत्येक दिन पुलिस के पास जाकर गुहार लगाते रहे। इस दौरान चंद्रशेखर मिश्रा नावाडीह कला ओपी व विश्रामपुर थाना का प्रतिदिन चक्कर लगाते रहे। नावाडीह कला ओपी और विश्रामपुर पुलिस से मायूस होने के बाद मिश्रा पुलिस निरीक्षक से भी मिलकर अपनी व्यथा सुनाई। चंद्रशेखर मिश्रा पलामू एसपी से मिलने उनके कार्यालय भी गए, लेकिन चुनावी कार्य से मुख्यालय से बाहर होने के कारण मिश्रा की मुलाकात एसपी से नहीं हो पाई। उन्होंने अपना आवेदन एसपी कार्यालय में जमा करा दिया था। इसके बावजूद भी मामले का न तो आज तक उद्भेदन हुआ और न ही कोई नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी हुई।

### राजद कार्यकर्ताओं ने लालू यादव का जन्मदिन मनाया

**हरिहरगंज।** पिछड़ों की आवाज कहे जाने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन हरिहरगंज स्थित राजद कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। उनके जन्मदिन को सबने खास तरह से सेलिब्रेट किया। इस दौरान राजद कार्यकर्ताओं ने केक काटकर लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन मनाया। साथ ही उनके स्वस्थ, सुखी व दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया। मौके पर अशोक जायसवाल, राजकुमार पासवान, राजद छात्र जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंशी, प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव, शिक्षक सुरेंद्र भुइयां, सत्येंद्र भुइयां, सूरज यादव, वीरेंद्र यादव, अरविंद गुप्ता, राजू दास, महंगू प्रसाद गुप्ता, मिथिलेश भुइयां, चंदन भुईयां ,अखिलेश यादव, नागेश यादव, विजय यादव, विष्णु देव यादव, अमृत राम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस
सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क जाँच कराएं


सिकल सेल रोग क्या है?
- सिकल सेल अनुवांशिक रोग होता है.
- जब तक खून की जाँच नहीं करायी जाए रोग का पता नहीं चलता.
- परिवार के वैसे सदस्य, जिनकी उम्र शून्य से 40 वर्ष हो, सिकल सेल जाँच अवश्य कराएं.
- जाँच जरूरी है, नहीं तो मरीज को अन्य शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है.
- परिवार में किसी को सिकल सेल एनीमिया हो, तो परिवार के सभी सदस्य सिकल सेल जाँच जरूर कराएं.

सिकल सेल एनीमिया के लक्षण
- एनीमिया/पीलापन दिखाई देना.
- बार-बार संक्रमण/बीमार होना.
- थकान, बुखार एवं सूजन तथा कमजोरी महसूस करना.
- रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाना.
- जोड़ों में दर्द या सूजन.
- छाती में दर्द, साँस फूलना, पीठ/पेट में दर्द.

रोगी क्या नहीं करें :-
- ज्यादा गर्मी या धूप में बाहर नहीं निकलें.
- ज्यादा ऊँचाई वाले पहाड़ों, हिल स्टेशन पर न जाएँ.
- ज्यादा ठण्ढ में बाहर जाने से बचें.
- समय-समय पर डॉक्टर की सलाह लें.

बच्चों की देखभाल :-
- बच्चे को सिकल सेल एनीमिया हो, तो स्कूल के प्रिंसिपल/प्राचार्य तथा कक्षा शिक्षक को इसकी जानकारी दें.
- स्कूल में शारीरिक श्रम/व्यायाम या भारी काम न करवाने की जानकारी शिक्षक को दें.
- कक्षा में पीड़ित बच्चे को बार-बार पेशाब आने पर शिक्षक शौच जाने की अनुमति दें.
- शिक्षक को आपातकालीन लक्षणों की जानकारी दें.

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें
आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर-14555/10883456540
स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
PR No. 325948 (Health Med Edu and Family Welfare) 2024-25




## एक नजर

### 8 प्रतिशत वोट बढ़ा, कार्यकर्ता व संगठन को सम्मानित करने का निर्णय

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा इस बार लोकसभा में चुनाव में निगम क्षेत्र का वोट प्रतिशत भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, चेंबर सदस्यों व अन्य सामाजिक संगठन के सक्रिय प्रयास से लगभग आठ प्रतिशत बढ़ा है। फल स्वरुप पलामू लोकसभा के पूरे छह विधानसभा में डाल्टनगंज-भंडरिया विधानसभा में सर्वाधिक मत 80 हजार से से सांसद विजयी हुए। प्रथम महापौर ने कहा कि जल्द सांसद के आने के बाद एक कार्यक्रम तय कर डालटनगंज-भंडारिया विधानसभा के सभी भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, चेंबर सदस्य, अन्य सामाजिक संगठन के अध्यक्ष को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक परंपरा रही है जीत के बाद जीतने वाले प्रत्याशी को सम्मानित करने का। उसको तोड़ते हुए अब परंपरा होगी जीत के बाद जीतने वाले कार्यकताओं को सम्मानित कराने का। जल्द भाजपा जिलाध्यक्ष से बात कर कार्यकर्ता सम्मान समारोह रखा जाएगा।

### जलापूर्ति योजना में दो और वाटर टैंक बढ़ाने की होगी कोशिश

# निगम क्षेत्र में 100 अतिरिक्त टैंकरों से होगी जलापूर्ति: केएन त्रिपाठी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में पेयजल किल्लत को लेकर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि 100 अतिरिक्त टैंकरों से इस वर्ष भी जलापूर्ति शुरू करायी जायेगी। पिछले वर्ष भी इसी तरह की व्यवस्था देने पर लोगों को राहत मिली थी। मंगलवार को परिसदन में केएन त्रिपाठी पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में 24 हजार घरों को पानी देने के लिए जलापूर्ति योजना के तहत चार



वॉटर टैंक व एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की योजना है, लेकिन ड्राई जोन एरिया आबादगंज, निमियां में दो वाटर टैंक की आवश्यकता है। इन इलाकों में वॉटर टैंक नहीं बनाने की योजना है, लेकिन एक्सटेंशन करके यहां भी वॉटर टैंक बनाने के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति योजना के लिए कोयल नदी में पानी रहना जरूरी है। इसके लिए कोयल में बराज की स्वीकृति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात की जायेगी। उन्होंने कहा कि पूरे निगम क्षेत्र में 24 हजार घरों को पानी देने की योजना है, लेकिन यह काफी कम पड़ जायेगा। 40 हजार घरों को पानी देने के लक्ष्य के साथ सप्लाई करना होगा। मौके पर कई पूर्व वार्ड पार्षद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व गणमान्य लोग मौजूद थे।

#### अतिरिक्त जलापूर्ति बढ़ाने की कोशिश

सुदना, आबादगंज, निमियां इलाके से महिलाओं ने पेयजल को लेकर परेशान है। इस क्षेत्र में एक दिन गैप कर टैंकर से पानी दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में टैंकर से अतिरिक्त जलापूर्ति बढ़ाने की कोशिश की जायेगी।

## एमबीए कोर्स के विद्यार्थियों का प्लेसमेंट संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के एमबीए कोर्स के विद्यार्थियों का मंगलवार को कैंपस प्लेसमेंट जनता शिवरात्रि कॉलेज के परिसर में हुआ। प्लेसमेंट के लिए भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड ने असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर के पद के लिए एमबीए के छात्रों का साक्षात्कार लिया। 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एमबीए कोर्स के निदेशक डा. एसके पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय के एमबीए कोर्स के छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट में चयन होना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि उनके निर्देशन में पहली बार कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हो रहा है। कंपनी इंडसइंड बैंक की सौ प्रतिशत सहायक कंपनी है। पलामू व झारखंड के विभिन्न शाखाओं के लिए सहायक ब्रांच प्रबंधक के पदों पर विद्यार्थियों का चयन किया है।

## मासूम ने शिमला में लहराया झारखंड का झंडा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू की सक्रिय नाट्य संस्था मासूम आर्ट ग्रुप ने शिमला में आयोजित अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में सात पुरस्कार अपने नाम करते हुए झारखंड का झंडा गाड़ दिया। प्रतियोगिता का आयोजन ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा किया जाता है। मुख्य आयोजनकर्ता टीवी धारावाहिक भाभी जी घर पर है के तिवारी जी फेम रोहितेश्वर गौड़, डॉ रेखा गौड़ है। प्रतियोगिता देश की प्रतिष्ठित नाट्य प्रतियोगिता में से एक है। इस बार शिमला में आयोजित 69 वां वानाट्य प्रतियोगिता में मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा नाटक राजपाट प्रस्तुत किया गया था, जिसे प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ नाटक का प्रथम पुरस्कार मिला। पलामू के कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस सफलता




से जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि इससे पलामू का सम्मान बढ़ा है। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने भी कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि कला और संस्कृति के क्षेत्र में मासूम आर्ट ग्रुप के प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर पलामू की एक पहचान बनी है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि इस नाटक का मंचन शहर के लोगों के बीच होना चाहिए। मासूम के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि इसी नाटक में राजा के चरित्र में शानदार अभिनय करने के लिए सैकत चटर्जी को राष्ट्रीय प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। नाटक के लेखन के लिए सैकत चटर्जी को लेखक का प्रथम व निर्देशन के लिए भी सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का प्रथम पुरस्कार दिया गया।

## पेयजल मंत्री जनता को पानी दें अन्यथा आंदोलन : पूर्व मेयर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने प्रमंडल के इकलौते मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर मेदिनीनगर शहर में पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों की व्यथा से दुखी होकर तीखा वार किया है। कहा कि मंत्री जिस प्रमंडल से इकलौते मंत्री बनाए गए हैं वहां भी उस प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनीनगर की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है। मंत्री अपने पांच वर्ष के खत्म हो रहे कार्यकाल में भी निराकरण नहीं कर पाए। मंत्री को शायद मालूम होगा भारत में सर्वाधिक गर्मी पड़ने वाले जिले में पलामू जिला एक है। शहर का जल स्तर प्रतिदिन नीचे जा रहा है। आसपास का क्षेत्र ड्राई जोन हो गया है। जनता त्राहि त्राहि कर रही। पानी के बिना पशु मर रहे। महिलाएं पानी के लिए मिलों दूर जा रही। किसान खेत होते पानी के अभाव में पलायन कर रहें। फिर भी मंत्री कान में जूं नहीं रेंग रहा। सरकार की पांच वर्ष समाप्ति पर है, लेकिन प्रमंडल मुख्यालय में कोई मंत्री की कोई उपलब्धि नहीं। सिर्फ गढ़वा तक सीमित रह गए। यही कारण है कि बीते लोकसभा चुनाव में गढ़वा सहित छह के छह विधानसभा में भारी मतों से हार गए। उन्होंने कहा कि मंत्री शहरी जलापूर्ति योजना फेज टू उनके कार्यकाल का पास किया गया योजना है, जिसकी स्वीकृति पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपने कैबिनेट से दी थी। सांसद वीडी राम के सहयोग से 80 प्रतिशत फंड एडीबी से उपलब्ध कराई जा चुकी है,जिसका कार्य कई प्रयासों के बाद जुडको द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के दरम्यान शहर का एकमात्र बड़ा फील्ड हाउसिंग कॉलोनी मैदान को बर्बाद करते हुए शुरू कर दिया गया।

#### शहरी जलापूर्ति फेज टू व कोयल को बांधने का मामला

## घरेलू विवाद में फांसी लगायी

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड की 15 वर्षीय किशोरी ने घरेलू विवाद में फांसी लगा करआत्म हत्या का असफल प्रयास की। गंभीर रूप से घायल किशोरी को परिजनों ने इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया है। परिजनों ने बताया कि किशोरी का अपनी बहन से किसी बात पर मामूली विवाद हो गया था। विवाद के बाद किशोरी खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर घर के सदस्यों ने अंदर झांक कर देखा तो किशोरी फंदे से झूल रही थी। किशोरी के रिश्ते के भाई ने उसे फंदे से उतारा। फंदे पर झुलने के कारण गले में मोच आ गई है।



## न्यूज बॉक्स

### राज्य के सभी कोटि के विद्यालय 15 जून तक बंद

**मेदिनीनगर।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार के सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों को 15 जून तक बंद कर दिया है। पूर्व में विभाग के द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय को प्रातः सात से दोपहर 11:30 तक संचालित करने का निर्देश दिया गया था। यह आदेश 15 जून तक लागू रहेगा। उसके बाद कक्षाएं पूर्व निर्धारित समय से नियमित रूप से संचालित होंगी। आदेश पत्र में विभाग ने राज्य में गर्मी के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए संचालित सभी कोटि के सरकारी गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त( अल्पसंख्यक) सहित सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से लेकर 12वीं तक को उक्त समय पर संचालित करने का आदेश निर्गत किया है।

### पानी के बिना जीवन असंभव : आशीष भारद्वाज

**मेदिनीनगर।** पलामू में घटते जल स्तर तथा पेयजल की विकट समस्या के निवारण के लिए डोर टू डोर जाकर परामर्श लिया जाएगा।



साथ ही इस जल यात्रा के दौरान जन जागरण करते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। ये बातें युवा समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने होटल क्राउन प्लाजा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस मे कही। उन्होंने कहा कि पानी एक ऐसी मूलभूत जरूरत है, जिसके बगैर किसी भी प्राणी का जीवन यापन करना संभव नहीं है। जब बात पीने के पानी की हो तो यह जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। लगभग सभी इलाका ड्राइ जोन बन गया है। उन्होंन्रे कहा कि शहर मेदिनीनगर तीन नदियों ओरंगा,कोयल, अमानत से घिरा है। बावजूद दुर्भाग्यशाली हैं कि शहर के सभी हिस्से लगभग ड्राई जोन बन चुका है। इसका सिर्फ एक कारण है सरकारी उदासीनता। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 से पेयजल स्वच्छता मंत्री से लेकर सभी सक्षम पदाधिकारी को पत्राचार कर इस संकट से अवगत कराया है। पर किसी ने इस पर संज्ञान नहीं लिया। वह 12 जून से इस भीषण पेय जल संकट के निदान के लिए शहर वासियों के डोर टू डोर जाकर इस संकट के निवारण के लिए परामर्श लेंगे। पानी यात्रा के दौरान जन-जागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।। मौके पर समाजसेवी मनीष सिंह, पिंकू तिवारी, नवीन तिवारी, साहेब जी नामधारी, एनबी सिंह, शैलेश तिवारी, चंदन तिवारी, बबलू चावला, मजदूर नेता राकेश सिंह, शशांक सुमन, मनीष तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, आकाश विश्वकर्मा, दीपक प्रसाद, राहुल गुप्ता, संजीत तिवारी, राकेश चौधरी उपस्थित थे।

### तीन दिनों के अंदर टैब के साथ चोर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय शिवाला रोड से चोरी की गई टैब को तीन दिनों के अंदर चोर के साथ बरामद कर लिया है। गिरफ्तार चोर नावाटोली पलामू कल्ब के पास का रहने वाला है। उसने अपनी संलिप्तता को स्वीकार कर लिया है। यह जानकारी शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार ने मंगलवार को पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेखा कुमारी ने आठ जून को शहर थाना में विद्यालय के अंदर रखा गोदरेज का ताला तोड़कर उसमें रखे गए टैब व 10 हजार रूपए की चोरी कर लेने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस चोरों की तलाश करना शुरू कर दिया था। चोर के बारे में पता लग जाने के बाद छापामारी दल का गठन कर तत्काल ही पलामू कल्ब के हरिजन मुहल्ला एक घर में छापामारी कर राजा कुमार को चोरी के टैब के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया गिरफ्तार चोर नशेड़ी है। छापामारी दल में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार, इंद्रदेव पासवान, आरक्षी राकेश कुमार सिंह,आरक्षी रोहित कुमार,आरक्षी मंजेश कुमार, सहायकआरक्षी प्रफुल्ल कुमार सिंह शामिल थे।

## उत्साह

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

# बच्चे अपनी भाषा शैली का विकास करें : एके सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में प्री-नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के छात्रों के लिए समर कैम्प का शुभारंभ मंगलवार को विद्यालय के प्राचार्य डा. एके सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के संगीत शिक्षक उज्वल पाठक द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। कैम्प 11 जून से शुरू होकर आगामी 15 जून तक नियमित रुप से चलेगी। कार्यक्रम के मौके पर नृत्य शिक्षिका नबोनिता चक्रवर्ती द्वारा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद योग शिक्षिका रागिनी द्वारा योगाभ्यास कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को समर कैम्प की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य ने कहा कि केवल ऑक्सफोर्ड के ही नहीं सेक्रेटहॉर्ट, हेरिटेज, डी एमकेडीएवी, संत मरियम, ब्राइट लैंड सहित अन्य विद्यालयों के बच्चों का उत्साहित होकर समर कैम्प में भागीदारी करना हर्ष का विषय है। विद्यालयों से भागीदारी करने वाले सभी छात्रों के लिए परिवहन सुविधा निःशुल्क है। समर कैंप प्रातः छह बजे से शुरू होकर 10 बजे तक आयोजित है। इस कैम्प में पेटिंग, नृत्य, संगीत, तैराकी, योगा, पाककला, फोटोबूथ, फन विद टैटू, आर्ट-क्राफ्ट, रीडिंग, राइटिंग, कैलीग्राफी, स्टोरी टेलिंग (कहानी कथन) जैसे विविध विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कैंप के माध्यम से बच्चे अपनी भाषा शैली का विकास विविध प्रकार से कर सकें यही ध्येय है। कैंप के माध्यम से बच्चों में रचनात्मक व कलात्मक प्रवृत्ति का विकास होता है। उन्होंने कहा कि समर कैंप में पहले दिन मंगलवार को योगा, तैराकी, पेटिंग, नृत्य, संगीत, आर्ट-क्राफ्ट, फोटोबूथ, फन विद टैटू, स्टोरी टेलिंग आदि विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कैंप प्रतिभागी छात्र व सभी शिक्षक उपस्थित थे।



#### पर्यावरण के प्रति जागरुकता की आवश्यकता

समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को नई-नई गतिविधियों से जोड़ना है। छुट्टियों की मस्ती के साथ-साथ बढ़ते तापमान व पर्यावरण के प्रति जागरुकता की आवश्यकता है, जिससे भौतिक संसाधनों पर ही निर्भर रहना न पड़े।

## गर्मी मेंअग्निशामक दल को हो रही पानी की दिक्कतें

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी मेंअग्निशामक दल को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां है। उनमें दो फायर ब्रिगेड गाड़ी 45 हजार लीटर क्षमता वाली है। एक फायर ब्रिगेड गाड़ी 75 हजार लीटर पानी की क्षमता वाली है। तीनों गाड़ियों को रेलवे स्टेशन रोड के पानी टंकी से पानी लेना पड़ता है। मेदिनीनगर के फायर ब्रिगेड दल के प्रभारी उत्तम कुमार महतो ने बताया कि पानी को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती है। करीब तीन महीना में 80 से ज्यादा आग लगने की घटना घट चुकी है। गर्मी के कारण ज्यादातर आग घर, दुकान, बस, ट्रक, ट्रांसफार्मर लगी थी। सभी घटनाओं में फायर ब्रिगेड को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। इसके बाद भी सभी संभावित जगहों पर लगी आग पर समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। मेदिनीनगर में 10 फायर फाइटर है। कम से कम 15 अग्नि योद्धा की जरूरत है। वर्तमान स्थिति में लकड़ी के टाल की आग पर काबू पाना एक चुनौती भरा काम होता है।



### झारखण्ड को विशेष राज्य का दर्जा दे केन्द्र सरकार : सतीश

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयोजक सतीशक कुमार ने केंद्र सकार से झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड देश के 40 प्रतिशत राजस्व देने वाला अकेला राज्य। है। झारखण्डी के लोग आज भी बदहाली व फटेहाल का जीवन जीने को मजबूर है। झारखंड स्वभाविक राज्य नहीं है बल्कि लंबी लड़ाई की देन है। झारखण्ड अपने माथे पर खून का तिलक लगा कर राज्य हासिल किया है। हजारों मजदूरों, किसानों, छात्र नौजवानों, महिलाओं ने अपने प्राणों की आहूती देकर अपने परिजनों को खुशहाल देखने के लिए राज्य की स्थापना की थी। मगर आज हम अपने राज्य में ही अपनी पहचान ढूंढ रहे हैं।

## एक नजर

### किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल थाना क्षेत्र के केंद्रीय गांव निवासी अयूब अंसारी की 16 वर्षीय पुत्री शबाना खातून ने घर के ही बगल में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शबाना घर में अकेली थी। सभी लोग दूसरे जगह गए हुए थे। शबाना घर से निकली इसके बाद गांव के लोगों ने शबाना को एक पेड़ से फंदे से झूलता हुआ देखा। जिसकी सूचना गांव के लोगों ने उसके परिजन और पुलिस को दिया। परिजनों को पहुंचने के बादपुलिस की उपस्थिति में शव को फंदे से उतारा गया। परिजनों ने बताया कि शबाना आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी किसी को नहीं है। उधर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### जंगल में पुलिस को मिला नर कंकाल जांच में जुटी

**केतार।** केतार पुलिस ने मंगलवार को पाचाडुमर बंजारी घाट जंगल से एक नर कंकाल बरामद किया है। कंकाल की पहचान नहीं हो पाई है ,पुलिस उसकी पहचान के लिए पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है।बताया गया कि पाचाडुमर बंजारी घाटी जंगल के पहाड़ी के बीचो- बीच नर कंकाल पड़ा हुआ था। इसकी जानकारी पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर नर कंकाल को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज है। फिलहाल पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी हुई है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल ने बताया की जंगल में लकड़ी चुनने वाले लोगों द्वारा इसकी सूचना दी गई थी।

### मारपीट की घटना में महिला हुई घायल

**गढ़वा।** गढ़वा तलशबरिया गांव में मारपीट की घटना में एक महिला घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराएगा। उक्त महिला मझिआंव थाना क्षेत्र के तलशबरिया गांव निवासी साकिर खान की पत्नी अफसाना बीवी बताया जा रहा है। घटना के संबंध बताया जा रहा है कि अफसाना बीवी अपने खेत में जेसीबी के द्वारा खेत को प्लेन करवा रही थी। इसी बीच गांव के ही जाफिर खान ने यह कहते हुए गड़ासा से मार दिया किया जमीन मेरा है इस पर जमीन पर किसी भी तरह का काम तुम नहीं कर सकती हो । जबकि अफसाना बीवी का कहना है कि यह जमीन मेरा है मां जबरदस्ती उन लोगों ने कब्जा करने के नियत से मारपीट कर हल कर दिया जिसके बाद घर वालो ने उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

### सांप के काटने से युवक हुआ गंभीर

**गढ़वा।** गढ़वा पलामू जिले के ऊंटरी रोड थाना क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी चंदेश्वर रजवार का पुत्र विवेक कुमार 6 वर्ष सांप काटने से जख्मी हो गया। उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि विवेक कुमार अपने घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान ईद से निकाल कर एक सांप ने उसे काट लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गंभीर स्थिति में गढ़वा सदर अस्पताल भर्ती करवाया।

## गढ़वा में भीषण गर्मी का कहर जारी

# आज से 15 जून तक सभी सरकारी और निजी स्कूल रहेंगे बंद


**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

झारखंड में इन दिनों लू चल रही है। दिन में बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी हो रही है।

इसी को देखते हुए राज्य के सभी कोटि के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को 12 जून से 15 जून के लिए बंद किया गया है। इससे पहले 9 जून से 15 जून तक स्कूल के टाइम में बदलाव किया गया था। लेकिन गर्मी की तपिश कम होने का नाम नहीं ले रही है। जिसे देखते हुए सरकार ने अब उस आदेश को वापस लेकर स्कूलों को बंद कर दिया गया है।

**● 15 जून के बाद फिर से चलेंगी कक्षाएं**

आदेश में यह कहा गया है कि 15 जून के बाद फिर से स्कूल अपने पहले के समय पर चलेंगी।



### धूप में स्कूल जाने से बच्चों की सेहत को खतरा

भीषण गर्मी और तपती धूप में स्कूल आने से बच्चों की सेहत में बुरा असर पड़ रहा है। उन्हें कमजोरी की वजह से चक्कर, लू लगना, उलटियां आदि की समस्या हो रही थी। लेकिन सरकार के इस निर्णय से बच्चों और अभिभावकों ने राहत की सांस ली है।

आपको बता दें कि अपने पिछले आदेश में सरकार ने स्कूलों को सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक चलाने को कहा था। अब इसे वापस लेकर स्कूलों को बंद कर दिया गया है। लेकिन 15 जून के बाद वापस कक्षाएं सुबह 7 से 11:30 बजे तक चलेंगी।

## आवंटन से 22 क्विंटल कम मिला राशन डीलर ने बीडीओ को सौंपा आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड के परती कूशवानी गांव के जनवितरण प्रणाली के डीलर चंद्रदेव बैठा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सावित्री कुमारी को आवेदन देकर आवंटन से कम राशन मिलने की शिकायत की है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दिये गये आवेदन में डीलर ने उल्लेख किया है की, मेरे दुकान के साथ गांव के ही लालमुनि चेरो का दुकान टैंग किया गया है। दोनों दुकान का जून माह का अंत्योदय और पीएच का राशन (चावल, गेहूं) 22 क्विंटल कम मिला है। इस स्थिति में राशन कार्ड धारकों के बीच राशन वितरण करने में परेशानी होगी। कम राशन देने पर लाभुक राशन बचाने का आरोप लगाने लगते हैं। डीलर चंद्रदेव बैठा ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से आवंटन के हिसाब से राशन दिलाने की आग्रह किया है।

### पचाडूमर क्रिकेट क्लब ने डीके 11 भवनाथपुर की टीम को 18 रनों से हराया

**भवनाथपुर।** युवा शक्ति क्लब के तत्वधान में टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित युवा शक्ति अंतराज्यीय कॉस्को नाइट क्रिकेट टूनामेंट के तीसरे दिन दो मैच खेले गए। मैच के मुख्य अतिथि खरौधी प्रखंड के जिला परिसद सदस्य धर्मराज पासवान ने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल कि शुरूवात कराई। पहला मैच पचाडुमर क्रिकेट क्लब एवं डी के 11भवनाथपुर क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पचाडूमर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 2विकेट खोकर 135रन बना पाई , वही डी के 11भवनाथपुर टीम 10ओवर मे 4 विकेट खो कर 118 रन बना पाई।पचाडूमर की टीम 17 रनो से विजयी हुए। मैन ऑफ द मैच पचाडूमर टीम के सुमित कुमार को दिया गया। मैन ऑफ द मैच आयोजन कमिटी के अध्यक्ष दीपक वर्मा के द्वारा दिया गया।दूसरा मैच मेरौनी क्रिकेट क्लब और प्रेम मेडिकल नगर उटारी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। नगर उटारी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नगर उटारी ने 10 ओवर में 6विकेट खोकर 119रन बनाई, वही मेरौनी टीम ने 10ओवर में 5 विकेट खोकर 98 रन ही बनाई।

## न्यूज बॉक्स

### हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का किया गया आयोजन



**श्री बंशीधर नगर।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं के जन सहयोग से भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 400 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण किये। भंडारा का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष गौरव पांडे और युवासमाजसेवी रोहित वर्मा, अनिल शाह संयुक्त रूप से भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर प्रसाद स्वरूप शरबत को श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण कर किया। भंडारा कार्यक्रम दोपहर 1:00 बजे से लेकर शाम 3:00 बजे तक अनवरत चलता रहा। जिसमें श्रद्धालु उमड़ते रहें वही मुख्य पथ के किनारे हनुमान मंदिर होने के कारण सड़क से आने जानेवाले यात्रियों को भी लोगो द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर लोगों के बीच प्रसाद उपलब्ध कराने में युवा कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर विहिप के प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडे ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद व स्थानीय युवा समाजसेवियों के जन सहयोग से प्रत्येक मंगलवार को वीर हनुमान जी के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया जाएगा। रामनवमी के विशेष अवसर पर हम सभी बजरंगी भक्त साथ में मिलकर भंडारा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। वही संध्या में महा आरती का कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार के दिन भंडारा करना पुण्य का कार्य है, क्योंकि यह दिन वीर हनुमान का होता है उन्होंने कहा की हनुमान मंदिर परिसर के पास भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। उन्होंने कहा कि हनुमान मंदिर में क्षेत्र के लोगो की भरपूर आस्था है जो लोग सच्चे मन से हनुमानजी का पूजा अर्चना करते हुए मन्नत मांगते है वह पूर्ण होता है भंडारा कार्यक्रम में मुख्य रूप से बजरंग मंटू पासवान, अनूप कुमार अनुराग कुमार, अंकित चंद्र, विकास कुमार, रोहित वर्मा, ललित पासवान, विकास कुमार पाल, अमन प्रताप देव, राहुल चंद्रवंशी, चंचल पासवान, मंटू पासवान, निखिल कुमार तिवारी, विजय जायसवाल, आदि ने अपना-अपना योगदान दिया।

### बाइक की चपेट में आने से बच्ची हुई घायल

**गढ़वा।** गढ़वा मेराल थाना क्षेत्र के चामा गांव निवासी नौशाद अंसारी की पुत्री असमीना खातून 8 वर्ष मोटरसाइकिल के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गठवा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि असमीना खातून अपने घर के पास खड़ी थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार ने उसे धक्का मार दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल

**गढ़वा।** गढ़वा शाहपुर मार्ग पर सोमवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मझिआंव थाना क्षेत्र के बोदरा गांव निवासी बिंदेश्वर सिंह का पुत्र सुनील सिंह एवं युगेश्वर सिंह का पुत्र निरंजन कुमार सिंह के नाम शामिल हैं।

## शोभा बन कर रह गया है कनीय अभियंता का कार्यालय

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड कार्यालय में आवंटित कनीय अभियंता का कमरा इन दिनों सिर्फ और सिर्फ एक शोभा बनकर रह गया है। उक्त कमरा में फिलहाल नियमित ताला ही बंद रह रहा है। तात्कालिक कनीय अभियंता मुकेश कुमार दुबे के तबादला के बाद उक्त कमरा जो बंद हुआ है उसके बाद वह आज तक खुला ही नहीं है ।

जबकि तात्कालिक कनीय अभियंता का यहां से स्थानांतरित हुए चार महीना से भी अधिक दिनों का समय बीत गया। कमरे में बंद ताला को देख प्रखंड के मनरेगा लाभुकों को बिन कम कराए ही प्रत्येक दिन अपने-अपने घर लौटना मजबूरी हो जा रहा है । बताया जाता है कि कनीय अभियंता कुमार विशाल के द्वारा यहां के बजाय गढ़वा से ही कार्यालय का संचालन करने का काम किया जाता है । वही उनके द्वारा किराए पर एक युवक को रख प्रखंड की योजनाओं का भौतिक सत्यापन भी कराने का काम किया जाता है ।उसी भौतिक सत्यापन के आलोक में उनके द्वारा योजनाओं का माफी पुस्त से लेकर अन्य तरह के कार्यों को किया जाता है । लाभुक शंभू यादव का कहना है कि काम की बात तो दूर यहां तक कि हम सभी अभी तक नए कनीय अभियंता को देख भी नहीं पाए है कि कहीं देखने के बाद उन्हें पहचान भी कर लेंगे की यही हमारे ब्लॉक के नए कनीय अभियंता हैं । उन्होंने कहा कि काम को लेकर जब-जब हम सभी प्रखंड कार्यालय के कनीय अभियंता कमरा के पास पहुंचते हैं तो उसमें हर समय ताला ही लटका हुआ दिखाई पड़ता है । उन्होंने कहा कि इन दिनों कनीय अभियंता के द्वारा भाड़े के युवक से योजनाओं की भौतिक सत्यापन कराने का काम किया जा रहा है ।

## गृह रक्षक के सफल अभ्यर्थियों ने की नियुक्ति की मांग

# एसपी और डीएसपी कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गृह रक्षक के सफल अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर एसपी और डीएसपी कार्यालय के समक्षप्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि फरवरी महीने में ही उनकी बहाली प्रक्रिया पूरी कर ली गई। बगल के पलामू में गृह रक्षक के सफल अभ्यर्थियों का शारीरिक जांच करते हुए नियुक्तिकी तिथि भी निर्धारित किया गया। लेकिन गढ़वा में मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद भी अब तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। अभ्यर्थियों ने कहा कि पिछले दिनों ही हम लोगों ने आवेदन देकर नियुक्ति प्रक्रिया जल्द करने की मांग की थी।

लेकिन आज तक उसे पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। गढ़वा जिले में सफल 900 गृह रक्षक बहाली प्रक्रिया पूरा करने के बाद भी सड़क पर इधर-उधर घूम रहे हैं। सफल गृह रक्षों ने



अभिलंब नियुक्ति प्रक्रिया करने की मांग किया।

मौके पर रोहित कुमार, रौनक कुमार, अंगद कुमार गुप्ता, रेणु कुमारी दुर्गावती कुमारी आरती कुमारी सुचित्रा टोप्पो अनीता कुजूर सोनी कुमारी जयमाला कुमारी प्रमिला कुमारी रुबी कुमारी सरिता कुमारी मनीता कुमारी प्रियंका कुमारी सीता कुमारी अंजली कुमारी अंजू कुमारी ममता कुमारी शाहिद बड़ी संख्या में गृह रक्षक उपस्थित थे। उधर उक्त मामले में मुख्यालय डीएसपी सह कमांडेड गृह रक्षा वाहिनी कुमारी यशोधरा ने कही कि नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम रूप ले रहा है जल्द ही सफल अभ्यर्थियों का शारीरिक जांच के बाद नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। आदर्श आचार संहिता लगने के कारण बीच में नियुक्ति प्रक्रिया में विलंब हुई। उन्होंने कहा कि सफल गृह रक्षक परेशान नहीं हूं। दो-तीन दिनों के अंदर सारी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

# गर्मी में भी आज यहां बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित हुए हैं, जो काफी सराहनीय है : अध्यक्ष शांति देवी



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग गढ़वा द्वारा मंगलवार को शगुन बैंक्वेट हॉल में दलहन (अरहर) के आच्छादन, उत्पादन, उत्पादकता एवं विपणन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव, जिला परिषद सदस्य बिशुनपुरा-सह-सभापति शम्भु नाथ चंद्रवंशी, समिति निदेशक विकास कुमार, डिप्टी निदेशक एग्री एक्सटेंशन अभिषेक कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, सचिव बाजार समिति राहुल कुमार समेत अन्य द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा उपस्थित जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं जिले के किसानों का स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि गढ़वा जिला में दलहन कि खेती लगभग 30 हजार हेक्टेयर में होती है, इसके पैदावार को और बढ़ाने एवं अधिक मूल्य पर इसे बेचकर किसान भाइयों को उचित मुनाफा दिलाने के उद्देश्य से कार्यशाला में आए वैज्ञानिकों द्वारा आपको कई महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी दी जा रही है। जिससे आप अपने जमीन पर दलहन की खेती बड़े पैमाने पर करें।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, जिला परिषद सदस्य बिशुनपुरा-सह-सभापति शम्भु नाथ चंद्रवंशी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किसान भाइयों को संबोधित करते हुए उन्हें दलहन की खेती करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि इतनी गर्मी में भी आज यहां काफी संख्या में किसान भाई उपस्थित हुए हैं जो काफी सराहनीय है, हमारा भारत देश एक कृषि प्रधान देश है, जहां की 70% आबादी खेती पर निर्भर है आप दलहन की खेती कर उचित मुनाफा कमाए यही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

## लाभुकों ने लगाया आरोप, हमारे साथ धोखाधड़ी हुई

**डंडई ।** प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा लाभुकों के साथ धोखाधड़ी करने की एक बड़ी साजिश का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि बिरसा हरित संवर्धन सिंचाई कूप योजना मद में लाभुकों को मिलने वाली नगद 50,000रू की राशि को लेकर प्रखंड पदाधिकारी और वेंडरों के संयुक्त सांठ-गांठ से यह किया जा रहा है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त राशि की भुगतान को लेकर वेंडरों की बैंक में एक अलग-अलग खाता खुलवाया जा रहा है । उसी खाते में उक्त राशि का भुगतान कर लाभुकों को प्राप्त होने वाली 50,000 रुपए की राशि में से 30 से 40 प्रतिशत कमीशन के रूप में कटौती कर ली जाएगी । उसके बाद शेष बचा राशि उनके द्वारा लाभुकों के हाथों में थमा दिया जाएगा। राज्य सरकार का संख्त निर्देश है कि मनरेगा योजना से संचालित होने वाली विरसा हरित संवर्धन सिंचाई कूप योजना का रू50000 की राशि सीधे लाभुकों के खाते में भुगतान होगा ।

# एनजीटी की रोक के बावजूद केतार की नदियों से बालू खनन जारी, प्रशासन बनी मूकदर्शक

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देश पर मानसून को लेकर 15 अक्टूबर तक किसी भी नदी से बालू उत्खनन और भंडारण पर रोक लगाई गई है। जबकि बालू के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स भी गठित किया गया है। लेकिन टास्क फोर्स के विफलता के कारण जिले में बालू का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है। केतार प्रखंड के विभिन्न गांवों के पंडा नदी और सोन नदी से दिन के उजाले में नदी से बालू का उठाव कर डंपिंग किया जाता है वहीं रात्रि में अवैध बालू का परिवहन कर बालू कारोबारियों द्वारा भवनाथपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों और सरकारी कार्यों में उच्ची कीमतों पर बिक्री किया जा रहा है। इस कार्य में प्रतिदिन करीब एक दर्जन ट्रैक्टर लगे रहते हैं।

प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक बालू का परिवहन करने वाले ट्रैक्टरों कि लाइन लगी रहती है। लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को यह सब नहीं दिखता है।

इस कारण बालू कारोबारियों का हौसला बुलंद हैं। बालू कारोबारियों द्वारा भवनाथपुर थाना क्षेत्र में प्रति ट्रैक्टर बालू 4000-4500 तक बिक्री किया जा रहा है। इससे राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध बालू उत्खनन को रोकने के लिए उपायुक्त शेखर जमुवार के द्वारा सीओ, थाना प्रभारी और टास्क फोर्स को निर्देश दिए जाते हैं लेकिन इसका अनुपालन नहीं हो रहा है। इधर बालू कारोबारी अवैध बालू बेचकर मालामाल हो रहे हैं। वहीं प्रशासन मूकदर्शक बनी रह रही है।



### क्या है एनजीटी

एनजीटी की स्थापना 18 अक्टूबर 2010 को एनजीटी अधिनियम के तहत हुआ था। इसके तहत पर्यावरण संरक्षण, वन संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों सहित पर्यावरण संरक्षण के लिए किया गया है। प्रत्येक वर्ष 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू उठाव पर रोक लगाई जाती है। इस सम्बन्ध में राज्य खनन विभाग द्वारा सभी उपायुक्त और जिला खनन पदाधिकारी को निर्देश जारी करते हुए उपरोक्त अवधि में किसी भी नदी से बालू का उत्खनन, परिवहन और भंडारण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का पत्र जारी किया गया है।

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**भंडरिया ।** गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे के निर्देश पर भंडरिया गोदरमाना मुख्य मार्ग स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय समिप थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया। मोटरसाइकिल जांच अभियान जिसमें बिना हेलमेट चला रहे। आधा दर्जन मोटरसाइकिल को जप्त कर लाया थाना। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह ने बताया कि हो रहे। सड़क दुर्घटना में मौत को रोकथाम के लिए समय-समय पर एंटी क्राइम के तहत वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। ताकि लोग जागरुक हो कर दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेल्मेट का उपयोग करें सड़क दुर्घटना में होने वाले मृत्यु दर कम हो। चार पहिया वाहन के डीकी दो पहिया चला रहे चालकों का हेल्मेट के जांच के साथ साथ गाड़ी का पंजीयन संख्या मोबाइल नंबर नाम पता के साथ सूचीबद्ध किया जा रहा है। जांच अभियान में सब इंस्पेक्टर किशोर कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान चौकीदार अजय पासवान जोगेंद्र पासवान जितेंद्र पासवान आदि थे शामिल।


## कार्यालय – जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

### विज्ञापन संख्या – 01/2024

1. झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के अन्तर्गत झारखण्ड राज्य के गढ़वा जिले में Legal Aid Defense Counsel System(LADCS) कार्यालय में संविदात्मक पूर्णकालिक (01 वर्ष की अवधी के लिए) नियुक्ति हेतू आवश्यक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
2. रिक्तियों की विवरणी निम्नांकित है :–

| क्र0सं0 | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या | कुल रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय सहायक/क्लर्क –सह– रिसेश्पशनिस्ट –सह– डेटा एंट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) | 01 | 01 |
| 2 | कार्यालय चपरासी (मुंशी/अटेंडेंट) | 01 | 01 |

3. शैक्षणिक योग्यता

| क्र0सं0 | पदनाम | मासिक मानदेय | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय सहायक/क्लर्क –सह– रिसेश्पशनिस्ट –सह– डेटा एंट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) | 18000/– | स्नातक या उससे समकक्ष, कम्प्युटर संचालित करने की क्षमता एवं टाईपिंग गति 40 शब्द प्रति मिनट, श्रुतलेख लेने और डेटा दर्ज करने की क्षमता, फाईल रख–रखाव और प्रसंस्करण ज्ञान उत्कृष्ट मौखिक औरलिखित संचार कौशल दूरसंचार प्रणालियों (टेलीफोन, फैक्स मशीन, स्विच बोर्ड आदि) पर काम करने की क्षमता। |
| 2 | कार्यालय चपरासी (मुंशी/अटेंडेंट) | 12500/– | मैट्रिकुलेशन या उसके समकक्ष |

4. उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, नैतिक चरित्र अच्छा हो एवं किसी अपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित या सजा याफता न हो।
5. उपरोक्त पदों पर उम्मीदवारों की उम्र सीमा दिनांक 01.06.2024 को कम से कम 18 वर्ष तथा सामान्य जाति के लिए अधिकतम 35 वर्ष, पिछड़ी/अत्यन्त पिछड़ी जाति के अधिकतम 37 वर्ष, महिलाओं की 38 वर्ष तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष/महिला) के अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।
6. अपनी उम्र, शैक्षणिक तथा वांछित योग्यता से संबंधित प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं आरक्षित वर्ग के आवेदक आरक्षण से संबंधित प्रमाध–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें।
7. उम्मीदवार अपना टंकित आवेदन–पत्र देवनागरी लिपि में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा को संबोधित करते हुए विहित प्रारूप में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22.06.2024 के अन्दर तक स्वयं या निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा कार्य दिवस को प्रातः 07:30 बजे से पूर्वाहन् 12:30 बजे तक जमा कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
8. आवेदक, आवेदन–पत्र के साथ 03 अद्यतन पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ संलग्न करें, जिसमे एक आवेदन–पत्र पर एवं दो अतिरिक्त होगा।
9. महत्वपूर्ण निर्देश :–
   (क) आवेदन–पत्र का प्रारूप व्यवहार न्यायालय, गढ़वा की वेबसाईट https://garhwa.dcourts.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।
   (ख) आवेदकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
   (ग) उपरोक्त वांछित सूचनायें किसी प्रकार के अपूर्ण होने पर अथवा वांछित प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं रहने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा और तत्संबंधी किसी भी प्रकार का पत्राचार अमान्य होगा।
   (घ) उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी रूप से प्रभावित करने के प्रयास को उनकी अयोग्यता मानते हुए उनकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जायेगी।
   (ङ) लिफाफे के उपर विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम बड़े–बड़े एवं साफ अक्षरों में लिखा जाना आवश्यक है।
   (च) वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
   (छ) परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
   (ज) आवेदन भेजने का पता (निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट या हाथो हाथ)
   सेवा में,
   सचिव,
   जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

ह0/–
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

PR 326045 Law(24-25)#D

## न्यूज बॉक्स

### मोटर व एक मवेशी की चोरी

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहरा गांव से बीते देर रात एक किसान के कुएं से मोटर की चोरी हो गई। वहीं दूसरे किसान के एक गाय की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली। मोटर की चोरी संजय यादव के कुएं से व गाय की चोरी राजू राणा के घर के बाहर से हुई है। बताते चलें कि इन दीनों चोरी की घटना बढ़ती जा रही है। वैसे में किसान व ग्रामीण काफी परेशान हैं।

### बीपीओ ने की रोजगार सेवकों के साथ बैठक



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड़ कार्यालय में बीपीओ रामकुमार सिंह ने मंगलवार को मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक किया। बीपीओ ने प्रखंड़ में मनररेगा योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा करते हुए उपस्थित मनरेगा कर्मियों को बीपीओ ने पूर्ण योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा कर्मियों को अपने पंचायत क्षेत्र में रहकर कार्य करने का निर्देश दिया है। अबुआ आवास लाभुकों का मनरेगा योजना अंर्तगत मजदूरों का डिमांड कर भुगतान करने का भी निर्देश दिया। बैठक में निर्मल दांगी, सतेंद्र कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार, पार्वती कुमारी, शालिनी भारती आदि उपस्थित थे।

### दिन-प्रतिदिन जंगल में पेड़ों की हो रही कटाई, क्षेत्र में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या हो रही उत्पन्न



**गिद्धौर(चतरा)।** एक तरफ वन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षित करने को लेकर लाखों रुपए खर्च कर गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र में पौधारोपण किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ वन व भू माफियाओं द्वारा धडल्ले से पेड़ों की कटाई की जा रही है। वैसे में इसका प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है। पेड़ों की कटाई की सूचना मिलने के बावजूद वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। वैसे में वन व भू माफियाओं द्वारा बेखौप होकर वनों की कटाई कर रहे हैं। जिसके कारण दिन प्रतिदिन जंगल सिमटता जा रहा है। बताया जाता है कि खरीफ फसल के मौसम आने के साथ ही कई भूमाफियाओं द्वारा वन भूमि अतिक्रमण को लेकर वनों की कटाई के साथ जोत कोड से शुरू कर दिया जाता है। ताकि बारिश प्रारंभ होने के साथ ही मकई, अरहर सहित अन्य फसल लगाकर वन भूमि को अतिक्रमण किया जा सके। जबकि पेड़ों की कटाई से क्षेत्र में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सब कुछ जानते हुए पर भी वन कर्मियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

### सिमरिया के नए थाना प्रभारी एसआई मानव मयंक ने लिया प्रभार

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना नए थाना प्रभारी के रूप में मानव मयंक ने प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद नव नियुक्त थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में भय मुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जनसहयोग के बिना पुलिस का कोई भी कार्य पूर्ण नहीं हो पाता है। इसलिए पुलिस-पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे। ज्ञात हो कि थाना प्रभारी चंदन कुमार के ट्रांसफर के बाद मानव मयंक ने नए थाना प्रभारी के रूप में योगदान दिया है।

### बिरहोर टोला में लगा स्वास्थ्य कैंप

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड के कटुआ बिरहोर टोला में मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्र द्वारा स्वास्थ्य जाच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन बिरहोर परिवार के लोगों के बीमार होने की सूचना पर स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी हरकत में आकर किया गया। जांच के दौरान बिरहोर परिवार के एक सदस्य को टीवी होने की आशंका जताई गई। इस संबंध में स्वास्थ्य कर्मी ने बताया कि अभी टीवी होने की आशंका है उनका जांचोपरांत रिपोर्ट आने के बाद आगे इलाज किया जाएगा। अब सवाल यह उठता है कि बिरहोरों के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी व सुविधा के लिए एक सहिया की नियुक्ती की गई है। उसके बावजूद बिरहोर परिवार के लोग बीमार होते है और विभाग को पता भी नही चल पाता है। वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम हरकत में आती है।

### असहाय व लाचार नरेश को नहीं मिला अबुआ आवास का लाभ

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के बारिसाखी निवासी गरीब नरेश कुमार यादव को नही मिला पाया है अबुआ आवास का लाभ। जबकि नरेश दिव्यांग के साथ काफी गरीब हैं। ऐसे में सरकार द्वारा चलाये गए अबुआ आवास से भी इसे अनदेखी कर दिया गया। नरेश मिट्टी के एक छोटे से घर में प्लास्टिक तथा पुराने अल्बेस्टर लगा कर अपनी पत्नी के साथ रहने को मजबूर हैं। बताया जाता है कि उसकी पत्नी भी शारीरिक रूप स्वास्थ्य नही है। फिर भी पंचायत जनप्रतिनिधि, अबुआ आवास के स्वयंसेवक, पंचायत सचिव तथा अधिकारी के अनदेखी के कारण इस जरुरतमंद परिवार को अबुआ आवास नहीं मिल पाया है। सूत्रों कि माने तो गरीब नरेश अबुआ आवास में नजराना देने के काबिल नही था। इसलिए अबुआ आवास नही मिल पाया। बताते चले कि प्रखंड में अबुआ आवास में गड़बड़ी की शिकायत प्रखंडवासियों ने जिला के अधिकारियो से भी किया है।

### श्रम पदाधिकारी ने छापेमारी कर दो प्रतिष्ठानों से तीन बाल मजदूर मुक्त कराए

**चंदवा।** लातेहार श्रमप्रवर्तन पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को चंदवा में एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान तथा एक होटल में छापेमारी कर तीन बाल मजदूर को मुक्त कराया है। छापेमारी में श्री सिंह ने होटल से दो और इलेक्ट्रॉनिक दुकान से एक कुल तीन बाल मजदूरों को बरामद किया। होटल से मिले बाल मजदूर जीरो बघमरी थाना पांकी और इलेक्ट्रानिक दूकान से बरामद बाल मजदूर चंदवा क्षेत्र के ही बताए गए है। श्री सिंह तीनों बाल मजदूरों को अपने साथ लातेहार ले गए उनका कहना था इस उम्र के बच्चों का अधिकार सिर्फ पढ़ने लिखने का है मजदूरी करने का नहीं। कम उम्र के बच्चों से जो बाल मजदूरी करवाते हैं वे उनके अधिकार का शोषण करते हैं बाल मजदूरी करवाना कानून अपराध है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 77वां जन्मदिन मनाया गया

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समीप राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 77वां जन्मदिन पर केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष भोला सिंह, जिला सचिव बबलू गिरी, छात्र जिला अध्यक्ष सुशील यादव, असलम खान, अंकित यादव, अनिल सिंह, मंटू यादव, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बीडीओ ने मुखिया एवं मनरेगा कर्मियों संग की बैठक, दिए कई आवश्यक निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**



मयूरहंड प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को बीडीओ मनिष कुमार ने मुखिया एवं मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक की। बीडीओ ने पंचायतवार मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं का भौतिक सत्यापन कर सभी पुराने पूर्ण योजनाएं जैसे टीसीबी, मेढबंदी आदि के अभिलेख संधारण कर बंद करने का निर्देश मनरेगा कर्मियों को दिया।

वहीं ग्रामसभा आयोजित कर नए टीसीबी, मेढबंदी आदि योजनाओं को पारित कर प्रत्येक गांव में पांच-पांच योजना संचालित करने का निर्देश दिया। प्रखंड क्षेत्र में 95 एकड जमीन में बिरसा आमबागवानी का लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी मुखिया को भूमि चयन का निर्देश दिया गया। ताकि ससमय लक्ष्य प्राप्त की जा सके। इसके अलावे अबुआ आवास को अतिशिघ्र जिओ टैग कर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया, ताकि अन्य लाभुकों को अबुआ आवास आवांटन किया जा सके। बीडीओ ने सभी पंचायत सचिवालयों में महिने के एक से दस तारीख के बीच समन्वय समिति की बैठक अनिवार्य रुप से करने व वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन योजना संबंधि प्रपत्र, भूमी संबंधि विवाद का निपटारा पंचायत स्तर पर करने का निर्देश मुखिया को दिया गया। पंचायत सचिवालय को मिलने वाले 15 हजार से सभी मुखिया व पंचायत सचिव को बायॉमैट्री मशीन की खरीददारी करने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर मुखिया अशोक भुईयां, अजय भुईयां, रेणू देवी के अलावा मनरेगा कर्मी आदि उपस्तिथ थे।

### राजद नेता ने सांसद सरफराज अहमद से आईटीआई कॉलेज में पढ़ाई शुरू करने की मांग रखी

**बरवाडीह।** राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी के केंद्रीय सचिव अली हसन अंसारी ने मंगलवार को राज्यसभा केनिर्वाचित सांसद मोहम्मद सरफराज अहमद से रांची स्थित उनके आवास में शिष्टाचार मुलाकात किया। श्री हसन ने उनको राज्यसभा सांसद बनने की शुभकामनाए देते हुई बधाई दिया। इस दौरान अली हसन अंसारी ने सांसद से क्षेत्र की समस्याओं को रखते हुए प्रखंड के कुटमु स्थित आईटीआई कॉलेज का उद्घाटन होने के बाद भी अब तक पढ़ाई शुरू नही होने से क्षेत्र के नवयुवकों को आईटीआई की पढ़ाई करने के लिए जिला मुख्यालय या दूसरे क्षेत्रों में जाना पड़ रहा है। अली हसन अंसारी ने आईटीआई कॉलेज में जल्द से जल्द पढ़ाई शुरू करने की मांग सांसद श्री सरफराज अहमद से किया।

### भीषण गर्मी से सूखे आहर और तालाब मत्स्य पालकों के समक्ष भूखमरी की स्थिति

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** इस भीषण गर्मी में चतरा जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड के सभी आहर, तालाब सूख गये हैं, जिसके कारण मत्स्य पालकों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। ज्ञात हो कि प्रखंड के कई मत्स्य पालक मछली पालन कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं, लेकिन आहर व तालाब के सूख जाने से मछली पालन बंद हो गया है। प्राप्त आंकड़ों पर गौर करें तो प्रखंड में हर वर्ष 15 सरकारी तालाबों की बंदोबस्ती होती है, जिससे सरकार को राजस्व प्राप्ति होती है। पिछले वर्ष पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण तालाब व आहर में पानी जमा नहीं हो पाया था। बीते दो-तीन साल से पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण समय से पहले ही तालाब सूख जा रहा हैं और लोग मछली पालन नहीं कर पा रहे हैं।

### नेतरहाट में बाल संरक्षण एवं सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लातेहार।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, अल्का हेंब्रम की अध्यक्षता में नेतरहाट आवासीय विद्यालय में बच्चों एवं शिक्षको के बीच ₹बाल संरक्षण एवं सुरक्षा₹ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में बाल तस्करी को रोकने एवं अनाथ हुए बच्चों के लिए आंगनबाड़ी स्तर पर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जिससे अनाथ हुए बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़कर शिक्षा से जोड़ा जा सके। एवं वहां पढ़ने वाले बच्चो को सोशल मिडिया से होने वाले कुप्रभाव एवं बचाव हेतु परामर्श दिया गया। जिले में बच्चों को हर एक तरह से सुरक्षा प्रदान करने के लिए चाईल्ड हेल्प लाईन एवं रेलवे चाईल्ड हेल्प डेस्क संचालित है। जिसके द्वारा बच्चों को बाल मजदूरी, बाल विवाह तथा बाल तस्करी का शिकार होने से रोकने हेतु 24*7 चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 संचालित है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रीना कुमारी ने बताया कि मिशन वात्सल्य योजना के तहत बच्चों की संरक्षण एवं सुरक्षा का कार्य किया जा रहा है। जिसमें स्पॉन्सरशिप योजना के तहत अनाथ हुए बच्चों को प्रत्येक माह 4000 रू0 दिया जा रहा है। जिससे वैसे अनाथ बच्चे शिक्षा से वंचित न हो सके।

## लालू ही दबे-कुचलों के एकलौता मसीहा : सुरेश राम




**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड कार्यालय में राजद सुप्रीमो श्री लालू प्रसाद यादव का 77 वां जन्मदिन प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव के अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने केक काटकर लालू यादव के तस्वीर पर केक खिलाया एवं लातेहार विधानसभा प्रत्याशी सुरेश राम सहित सैकड़ो राजद कार्यकताओं ने जन्मदिन की शुभकामना का गीत गया। इस दौरान श्री सुरेश राम ने श्री लाल यादव को 77 वें जन्मदिन की बधाई देते हुए कार्यक्रम के संबोधन में कहा कि लालू यादव सामाजिक न्याय के पुरोधा एवं दबे कुचलों का मसीहा हैं। इनकी जितनी भी तारीफ की जाए वह कम होगी ।कहा लालु यादव एक ऐसी शख्सियत हैं जो जात-पात की नहीं जमाई की राजनीति कर पिछले पंक्ति तक के लोगों को आगे बढ़ाने का काम किया है ।लालू जैसे नेता के हाथों को मजबूत करना चाहिए ताकि देश के लोगों का विकास हो सके। मौके पर पार्टी के मनोज यादव, दीपक यादव, प्रदीप गंझू,पवन राम,विजय गंझू,राजेश कुशवाहा सहित कई लोगों ने कार्यक्रम का गर्म जोशी के साथ संबोधन किया और अपने अपने विचार दिए ।कहा कि कार्यकर्ता बूथ अस्तर तक मजबूती बनाकर पार्टी के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है ताकि आने वाले चुनाव में जनता इस साफ सुथरा पार्टी ऊंच-नीच ,भेद-भाव ,जात-पात से परे हटकर राष्ट्रीय जनता दल पार्टी से जुड़े तभी लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन मानना हमारा सफल होगा।

### नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट टोंगरी प्रीमियर लीग में भाग लिए : सुरेंद्र कुमार

**लातेहार।** शहर के बानपुर रोड राजकीय पोलिटेक्निक संस्थान बगल में टोंगरी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में नाइट क्रिकेट टूनामेंट टोंगरी प्रीमियर लीग (टीपीएल) का शुभारंभ हो गया है। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने टीपीएल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेलों से सामाजिक समरसता बढ़ती है सुरेंद्र कुमार ने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। उद्घाटन के बाद मैच को प्रारंभ किया गया। मैच पुलिस लाइन बनाम पॉलिटेक्निक कॉलेज के बीच खेला गया।जिसमें पोलिटेक्निक कॉलेज जीत हासिल की। ऐसे आयोजनों से खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है।इससे पहले आयोजन समिति के गौरव दास पांडेय ने डीटीओ को बुके भें कर सम्मानित किया।मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास तिवारी,श्याम कुमार, विकास कुमार, प्रकाश व शुभम आदि सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## आसमान से बरस रही है आग गर्मी से जन-जीवन प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**



इनदिनों पड़ रही बेतहाशा गर्मी और लू से लोगों का जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोग घरों से निकलने से परहेज कर रहे हैं। सुबह 9 बजे के बाद लोग अपने घरों में ही बंद हो जा रहे हैं।

**भीषण गर्मी से स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम**

तपिश भरी गर्मी से जहाँ लोगों का जीना मुहाल है वहीं ग्रीष्मावकाश के बाद पुनः विद्यालय खुल चुके हैं लेकिन बच्चों की उपस्थिति में कम देखी जा रही है। अभिभावकों ने पुनः विद्यालय कुछ दिन और बंद करने की मांग भी की है।

**अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी**

तेज धूप और गर्म हवाओं में इन दिनों अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। उल्टी,दस्त लू और स्कीन एलर्जी के मरीज सामने आ रहे हैं।

**सड़कों पर सन्नाटा पसरा**

तेज धूप और लू के कारण सुबह 9 बजे के बाद से सड़कों पर लोग बहुत कम दिखाई पड़ते हैं। सड़कों,बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। लू से बचने के लिए लोग गमछे और छाता का उपयोग कर रहे हैं।

खेतों में लगी सब्जी भी मुरझाने लगे भीषण गर्मी और जानलेवा धूप ने जहां लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर रखा है वहीं आसपास के इलाकों में सब्जी की फसल भी इससे प्रभावित हो रही है।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पचांयत, छत्तरपुर।**
पता:–बारा मोड़, छतरपुर, जिला–पलामू, झारखण्ड–822113,[E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

**सैरातबन्दोबस्ती डाक सूचना संख्या–01/2024–25**

सर्वसाधारण से सूचित किया जाता है कि छतरपुर नगर पंचायत, छतरपुर अन्तर्गत नगरपालिका व्यवसायिक वाहन शूल्क से प्रवेश शूल्क की वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता से डाक/ नीचे अंकित तिथि एवं समय पर नगर पंचायत, छतरपुर के सभाबन्दोबस्ती का कार्य होगी।

**सुरक्षित जमा राशि एवं जमानत की राशि निम्नलिखित है:–**

| क्र0 | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि / डाक/बोली की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि | डाक/बोली में भाग लेने के लिए आवेदन शूल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | डाक की तिथि | नगर पालिका व्यवसायिक वाहन प्रवेश शुल्क (नगर पंचायत, छतरपुर।) 24 घंटे के लिए वसुलनीय दर। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 | |
| 1 | नगर पालिका में व्यवसायिक वाहन प्रवेश शुल्क वसूली/बन्दोबस्ती। | 1900000/– | 190000/– | 10,000/– | दिनांक–20.06.2024 समय–01:00 बजे अपराह्न | 1. तीन चक्का वाहन–20 रू0<br>2. चार चक्का, कमाण्डर/जीप– 30 रू0<br>3. चार चक्का, 407/पिकअप, टैक्टर–40 रू0<br>4. 06 चक्का ट्रक :– 80 रू0<br>5. 10 चक्का वाहन– 90<br>6. 10 चक्का से अधिक वाहन–120 |

नियम/शर्तो की प्रति कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर।

PR 325995 (District) 24-25 (D)



**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा।**
**"अति अल्प कालीन निविदा"**

विभागीय पत्रांक (N) 208 (अनु0) दिनांक 21.02.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के कियान्वयन में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न सामग्री का कय हेतु अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। अतएव इच्छुक पंजीकृत निविदादाता/आपूर्तिकर्ता/पंजीकृत महिला/कृषक संगठन/उत्पादक संस्थाओं/ग्राम संगठन/कृषक उत्पादक समूह/कृषक को–ऑपरेटिव आदि सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 19.06.2024 के अपराह्न 12.00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न तक निविदा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा कार्यालय में निबंधित डाक/स्वयं जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 19.06.2024 के अपराह्न 02.00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में कय समिति के द्वारा खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकते है।

| क्र0 | ग्रुप | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|---|
| 1 | A | जैविक खाद | Vermi-compost (in kg) |
| | | | Karanj oil cake (in kg) |
| | | | Neem oil cake (in kg) |
| | | | Bone Meal(in kg) |
| | | | SSP (in kg) |
| | | | Dolomite(in kg) |
| 2 | | फफुदनाशक | Chlorothalonil 75%WP (in kg) |
| | | | Copper oxychloride (Blue Copper or equivalent) (in kg) |
| | | | Trichoderma Viridi 1.5% WW (2x10^6-10^8CFU/gm) (in kg) |
| 3 | | कीटनाशक | Fipronil 0.3GR(in kg) |
| | | | Azadirechtin 3000 ppm (in ltr) |
| | | | Lambda- cyhalothrin 5%Ec (in ltr) |
| 4 | | एंटी बैक्टेरियल (जिवाणु रोधक) | Streptomycin sulphate 90% w/w (in gm) |
| 5 | | दीमकनाशक | Bifenthrin 2.5% EC (in ltr) |
| | | | Biflex TC or equivalent (in ltr) |
| 6 | | रसायनिक खाद | NPK:10:26:26 (Sufala or equivalent) (in kg) |
| | | | SSP (in kg) |
| | | | Urea (in kg) |
| | | | MOP (Potas) (in kg) |
| | | | सूक्ष्म पोषक तत्व (Totocare/agromin or equivalent) (in ltr) |
| 7 | B | प्लास्टिक | जलकुंड हेतु पॉलिथीन (18'x14')250u (micron) का UV resistant (एक जलकुण्ड हेतु 6 kg पॉलिथीन जिसका लम्बाई 18 फीट एवं चौड़ाई 14 फीट हो ) |

नोट :– विस्तृत विवरणी एवं नियम व शर्ते जिला के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त –सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
चतरा।

PR 325901 Rural Development(24-25)D



**कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पचांयत, छत्तरपुर**
पता:–बारा मोड़, छतरपुर, जिला–पलामू, झारखण्ड–822113,
[E-Mail: np.chhattarpur2018@gmail.com]

**छतरपुर बाजार/हाट बंदोबस्ती संबंधी आम–सूचना सं0–02/2024–25**

छत्तरपुर नगर पंचायत अन्तर्गत छतरपुर सप्ताहिक मंगलवार बाजार/हाट को वर्तमान बंदोबस्ती को समाप्ती के पश्चात् पुनः प्रत्येक दिन लगने वाले बाजार को बंदोबस्ती किया जाना है। बंदोबस्ती की गणना बन्दोबस्ती की तिथि से 01 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए किया जाएगा। दिनांक– 21.06.2024 को पूर्वाह्न 02:30 बजे नगर पंचायत कार्यालय, बारा छतरपुर के कार्यालय सभागार में खुली डाक बोली के द्वारा बंदोबस्ती/निलामी करते हुए अधिकतम डाकवक्ता को आवंटित की जायेगी। निलामी/बंदोबस्ती की शर्ते निम्नलिखित है:–

1. खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती की न्यूनतम राशि 6,00,000/–(छः लाख) रूपये निर्धारित है। इसके आगे डाकवक्ता द्वारा लगायी जानेवाली बोली का न्यूनतम अंतर 5,000/– (पॉच हजार) रूपये होगा।
2. जो व्यक्ति छतरपुर मुख्य बाजार/हाट बाजार हेतु खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती में भाग लेना चाहते है, वे अपना आवेदन पत्र बोली के 02 घंटा पूर्व तक कार्यालय नगर पंचायत, छतरपुर में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित कागजात अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगे अन्यथा उनकी पात्रता स्वतः समाप्त समझी जायेगी और वे डाक बोली/निलामी में भाग नहीं ले सकेंगे।
   (I) पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड अनिवार्य रूप से तथा वोटर आई0डी0कार्ड0 या ड्राईविंग लाईसेंस में से कोई एक।
   (ii) स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र।
   (iii) पैन कार्ड।
   (iv) संबंधित जिला के उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक/अनुमंडल पदाधिकारी/अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र।
3. खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती प्रक्रिया में निर्धारित तिथि को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर आवेदक को स्वयं उपस्थित होकर भाग लेना होगा। निर्धारित समय के बाद उपस्थित नहीं होने पर वे खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे। उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे।
4. खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्ति डाक बोलने के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत अथवा मो0 60,000/–(साठ हजार) रूपये का भारतीय स्टेट बैंक/झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक पदाधिकारी, छतरपुर के नाम से नगर पंचायत, नाजीर के पास जमा करेंगे तभी डाक बोली में भाग ले सकेंगे।
5. जिस डाक वक्ता के द्वारा सबसे अधिक बोली लगायी जायेगी, उन्हें दिनांक –22.06.2024 की संध्या–5:00 बजे तक डाक बोली की सम्पूर्ण राशि भारतीय स्टेट बैंक/झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट नगर पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा। तत्पश्चात् उन्हें छतरपुर हाट/बाजार बंदोबस्ती का आवंटन आदेश निर्गत किया जायेगा, अन्यथा उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा नहीं करने पर उनके द्वारा डाक बोली के पूर्व जमा किये गये सुरक्षित जमा राशि को जब्त करते हुए क्रमशः अगले डाक वक्ता को उनके द्वारा लगायी गयी डाक बोली की सम्पूर्ण राशि जमा करने पर उन्हें छतरपुर हाट/बाजार बंदोबस्ती का आवंटन आदेश निर्गत किया जायेगा।
6. बन्दोबस्तधारी का आवंटन आदेश निर्गत होने के पश्चात् बंदोबस्ती वसूली के समय NH-98 पर आवागमन को किसी भी प्रकार से बाधित नहीं किया जाएगा। इसका उल्लंघन होने पर बंदोबस्ती रद्द कर दी जायेगी तथा बंदोबस्ती की राशि जप्त कर ली जायेगी।
7. बाजार/हाट में जो दुकानदार जिस स्थान पर अपना दुकान पूर्व से लगाते आ रहे है, वे उसी स्थान पर स्वेच्छा से अपना दुकान लगायेंगे। बंदोबस्तधारी अन्यत्र दुकान लगाने हेतु उन्हें बाध्य नहीं कर सकते हैं।
8. बंदोबस्ती की गणना बंदोबस्ती की तिथि से उक्त अंकित तिथि के लिए किया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात् बंदोबस्ती का आवंटन आदेश स्वतः समाप्त समझा जायेगा।
9. छतरपुर बाजार बंदोबस्ती के पश्चात् किसी भी प्रकार के विवाद का निर्णय लेने की शक्ति कार्यपालक पदाधिकारी में निहित होगी। विवाद का निपटारा नहीं होने पर विवाद का अंतिम निर्णय नगर पंचायत के प्रशासक द्वारा लिया जायेगा, जो सर्वमान्य होगा।
10. छतरपुर बाजार/हाट में नियमित साफ–सफाई कराना होगा।
11. खुली डाक के द्वारा निलामी/बंदोबस्ती, छतरपुर हाट/बाजार बंदोबस्ती का आवंटन आदेश को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
12. उच्चतम डाक वक्ता को 4 प्रतिशत स्टांप डयुटी एवं 3 प्रतिशत निबंधन शुल्क की पावती जमा करना सुनिश्चित करेगें।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत,छतरपुर

PR 325985 District(24-25).D

**लोहरदगा में भीषण गर्मी ने ढाया कहर तापमान 41 डिग्री के पार**

# गर्मी के तेवर तल्ख, सड़कों पर पसरा सन्नाटा

*गर्मी का सितम लगातार जारी है। सुबह दस बजे से लू के थपेड़ों का सिलसिला शुरू हो चुका है। गर्म हवाएं शरीर को झुलसा रही हैं। तापमान में लगातार बढ़ोतरी से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। गर्म हवाएं थोड़ी ही देर में पूरे शरीर को गर्म कर दे रही हैं। दोपहर को तेज धूप के कारण सड़कों पर लोगों की आवाजाही भी कम हो गई है। वहीं, सरकारी दफ्तरों में भी सन्नाटा पसरा हुआ है। कलेक्ट्रेट में भी फरियादियों की संख्या कम हो गई है।*

राहुल कौशल



**लोहरदगा।** गर्मी का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। बदन झुलसाती धूप से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। उमस भरी गर्मी व लू के थपेड़ों ने जनजीवन अस्तव्यस्त कर रखा है। मंगलवार को लोग सूरज की तपिश व लू के थपेड़ों से बिलबिला उठे। चिलचिलाती धूप और लू ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सुबह दस बजे से गरमी ने कहर बरपाना शुरू किया था। सूरज की आग उगलती किरणों को देख घरों से निकलने की हिम्मत न जुटा सके। खुद को लोगों ने घरों में कैद रखना मुनासिब समझा। जिनको मजबूरी में निकलना भी पड़ा वह फुल आस्तीन के शर्ट व पैंट पहनकर निकले।

चेहरे व सिर को अंगौछे से ढके रहे। गरमी से बचाव के उपाय भी नाकाफी साबित हुए। इसी का नतीजा रहा कि सुबह 11-12 बजे से ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। दोपहर तापमान 41 डिग्री पहुंच गया। बदन झुलसाती धूप और गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को घरों से निकलना दुश्वार कर दिया। सन्नाटा शाम 6 बजे के बाद ही दूर हो पाया। बाजारों में दिन भर सन्नाटा पसरा रहने के बाद शाम को कुछ रौनक नजर आई। हालांकि लू के थपेड़े शाम तक महसूस किए जाते रहे। उमस भरी गर्मी में कूलर भी ज्यादा ठंडक न कर सके। मौसम के गर्म तेवर ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। दोपहर में गर्म हवाएं खासकर दोपहिया चालकों को पस्त कर रही है। लोग थोड़ी देर वाहन चलाते हैं और फिर कहीं पेड़ की छांव या किसी दुकानों में ठहर कर आराम कर लेते हैं। लू और भीषण गर्मी का कहर जारी है। तालाब, पोखर, आहार सूख रहे हैं। बढ़ते तापमान से मानव, पशु, पक्षी का जीना मुहाल हो गया है। सुबह होते ही आग उगलते सूरज से बचने के लिए लोग घरों में दुबके रहते हैं। गर्मी बढ़ने के कारण पंखा एंव कूलर भी फेल हो रहे हैं।

गर्मी की वजह से छोटे बच्चों का बुरा हाल है। हालांकि शिक्षा विभाग ने गर्मी को देखते हुए विद्यालयों का अवकाश बढ़ा दी है। सब सभी प्रकार के स्कूल 15 जून को खुलेंगे। वही सड़क पर दुकान लगाने वालों, मजदूरों के लिए गर्मी का यह आलम काफी परेशानी खड़ी कर रहा है। लोग शाम होते ही सड़कों पे नजर आते हैं। रात के समय भी उन्हें कोई आराम नहीं मिल पाता। बिजली की बदहाल स्थिति की वजह से गर्मी से समस्या और भी बढ़ गई है। बिजली की आवाजाही के कारण बिजली आधारित उपकरण बेकार पड़े हुए हैं। आने वाले दिनों में भी तापमान में कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम अचानक से काफी बदल चुका है। ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों में भी गर्मी की वजह से जनजीवन बेहाल है। एस्बेस्टस के घरों में रहने वाले लोग गर्म तवे के समान झुलस रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर गर्मी बढ़ने से तरबूज लीची जैसे मौसमी फल का आनंद काफी लोग ले रहे हैं। चौक चौराहे पर लस्सी शरबत सत्तू जैसे दुकानें खुली हुई है और गर्मी में विशेष इनका धंधा फल-फूल रहा है। हालांकि बाजार में खरीद बिक्री के लिए कम ही लोग पहुंच रहे हैं। गर्मी का असर सरकारी कार्यालयों में भी देखा जा रहा है। लोग गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए आजकल सरकारी दफ्तरों पर भी आने से कतरा रहे हैं और कार्यालय में काम होने के बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्र से लोग कार्यालय नहीं पहुंच पा रहे।

### बढ़ती गर्मी से कैरो क्षेत्र का जनजीवन अस्तव्यस्त

**कैरो/लोहरदगा।** मौसम के बेरुखी और बढ़ती गर्मी से प्रखण्ड क्षेत्र के जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सुबह दस बजे से लेकर पांच बजे दिन तक तो चौक चौराहे में सन्नाटा छाया रहता है। गर्मी के मारे लोग अपने अपने घरों में दुबके रहते हैं। बढ़ती गर्मी से नदी नाले, कुआं, तलाब, डोभा आदि जलाशयों का पानी सूख रहा है। वही दूसरी ओर खेती किसानी करने वालो,पशु पक्षी,मवेशियों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी से खासकर रोजेदारों को खासे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आजकल लगातार गर्मी बढ़ रही है। मंगलवार को कैरो क्षेत्र में तापमान 39 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुकी है इसी रफ्तार में गर्मी बढ़ती रही तो आने वाले दिनों में क्षेत्र के लोगो को अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

## बढ़ते तापमान के बीच स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में पुनः हीट वेव का प्रभाव देखने शुरू हो गया है। पिछले तीन-चार दिनों से गर्मी का अधिकतम तापमान 38 डिग्री से 35 डिग्री के बीच रह रहा है। सोमवार को भी गर्मी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के बीच देखा गया। सूर्योदय के बाद से दोपहर का समय होते तक इन दिनों 38 से 40 डिग्री का तापमान पूरी तरह प्रभावि हो जा रहा है। उक्त गर्मी में जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है वहीं स्कूली बच्चों को विद्यालय आने-जाने में भारी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। चैनपुर सहित पूरे अनुमंडल क्षेत्र के विद्यार्थियों को काफीस्स्थ्यी धूप का सामना करना पड़ रहा है।का ख्याल रखते हुए विभाग के द्वारा भले ही विद्यालय संचालन के समय में परिवर्तन कर दिया गया है लेकिन बिल्कुल रूप से यह निर्णय बच्चों के हित में नहीं है। पठन पाठन के बाद बच्चों को विद्यालय से घर वापस होते तक 40 डिग्री तापमान का गर्मी पूरी तरह क्षेत्र में प्रभावित हो जा रहा है। उसी तापमान युक्त गर्मी में बच्चों को अपने-अपने घर लौटना पड़ रहा है। इस बीच कई बच्चों के सर पर गमछा या तोलिया नहीं होने के कारण घर आते तक उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ जा रहा है। मामले को लेकर अभिभावकों के द्वारा कई तरह का प्रतिक्रिया भी दिया जा रहा है । अभिभावकों का कहना है कि विद्यार्थी हित में फिलहाल विद्यालय को पूरी तरह बंद कर देना चाहिए। 40 से 38 डिग्री तापमान के गर्मी के बीच बच्चों को स्कूल जाने और आने में कई के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## एक नजर

### बाल श्रमिकों की विमुक्ति के लिए श्रम अधीक्षक चला रहे अभियान

**लोहरदगा।** बाल श्रमिकों के चिन्हित एवं उनके विमुक्ति हेतु जिला स्तरीय धावा दल द्वारा जिला श्रम अधीक्षक दीप्ति लोरी तिर्की द्वारा लोहरदगा शहरी क्षेत्र के बीएस कॉलेज क्षेत्र, बरवाटोली के दुकान तथा पतराटोली के दुकानों का भौतिक निरीक्षण किया गया। किसी भी प्रतिष्ठान में बाल श्रमिक नहीं पाया गया। सभी प्रतिष्ठानों को श्रम अधीक्षक के द्वारा यह जानकारी दिया गया की 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों एवं खतरनाक नियोजनो में आयु वर्ग 14 - 18 वर्ष का नियोजन प्रतिषेधित है। एवं उल्लंघन की स्थिति में ₹20,000 से ₹50,000 तक का जुमार्ना अथवा 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकता है। सभी प्रतिष्ठानों में बाल एवं अल्पव्यस्क अधिनियम 1986, धारा -12 के तहत बच्चों के द्वारा काम नहीं कराने का निदेश देते हुए सूचना पट्ट प्रदर्शित करने का निदेश दिया गया।

### ठनका से खजूर पेड़ में लगी आग, दो दर्जन से अधिक पक्षी जले

**भंडरा।** प्रखंड के चट्टी के बांध तालाब किनारे स्थित खजूर पेड़ में वज्रपात से सोमवार शाम आग लग गई। इससे पेड़ में घोंसला बना कर रह रहे दो दर्जन से अधिक पक्षी जिंदा जल गये। जानकारी के मुताबिक दस जून को शाम करीब चार बजे वज्रपात हुई थी। इससे तालाब किनारे स्थित खजूर पेड़ में आग लग गई।

### हाइवा की टक्कर से दो स्कूली छात्र घायल

**गुमला।** शहर के पालकोट रोड स्थित स्टेट बैंक के समीप मंगलवार की सुबह हाईवा के टक्कर से दो स्कूली छात्र गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना में दोनों के हाथ पैर व शरीर के अन्य हिस्से में काफी चोट लगी है। जानकारी के अनुसार दोनों छात्र लक्ष्मण नगर निवासी विवेक कुमार और सौरभ कुमार स्कूटी से अपने स्कूल की ओर जा रहे थे। उसी दौरान स्टेट बैंक के पास एक हाइवा पीछे से टक्कर मार कर फरार हो गया।

### सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को 20-20 साल की सजा

**गुमला।** गुमला व्यवहार न्यायालय गुमला के एडीजे फोर (चार) संजीव भाटिया की अदालत ने मंगलवार को युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी डुमरी थाना स्थित जतराडीपा निवासी मुन्ना साय और कोठीजतरा टोली निवासी महेश कोरवा को धारा 376 (डी) के तहत 20-20 साल का सजा सुनाया गया है। वहीं उक्त दोनों आरोपी को 20-20 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक-एक साल अतिरिक्त सजा उक्त दोनों अभियुक्तों को भुगतना पड़ सकता है।

**शंख नदी पुलिस पिकेट में लगी भयानक आग**

# दर्जनों बाइक, चार कार, टेंपो और ट्रैक्टर जलकर हुए बर्बाद

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा रांची मुख्य पथ के सदर थाना क्षेत्र के शंख पुलिस पिकेट में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। इस अगलगी की घटना में पुलिस पिकेट में खड़े दर्जनों वाहन जलकर खाख हो गए। सूचना पर पहुंचे दमकल विभाग की गाड़ी ने आग पर किसी तरह काबू पाने में कामयाब रही। तबतक अगलगी में तीन दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल, चार कार, चार स्क्रैप आटो, दो ट्रैक्टर जलकर पूरी तरह बर्बाद हो चुके थे। वहीं पिकेट में जप्त कर रखा गया एक ट्रक और दो ट्रेलर को आग पर काबू पाते हुए बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने पुलिस पिकेट में सूखे घांस को जलता देखा था। जल्द ही आग विकराल होकर परिसर में रखे गए वाहनो को अपने चपेट मे ले लिया। चौकीदार शमशुल अंसारी ने घटना की सूचना सदर थाना और अग्निशमन विभाग को दी। तत्परता दिखाते हुए अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया परंतु आग पर काबू पाते -पाते पुलिस पिकेट में रखे अधिकांश वाहन जलकर राख हो चुके थे। बताते चले कि पुलिस पिकेट में जप्त किए गए वाहन और दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को रखा जाता था। पिकेट परिसर में जप्त करने के पश्चात बड़ी मात्रा में कोयला भी रखा हुआ था, जिसने आग पकड़ ली थी। अगलगी से निपटने को ले अग्निशमन विभाग के तीन वाटर टेंडर और कर्मियो ने घण्टो के मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि अगलगी से पुलिस पिकेट को कोई नुकसान नही हुआ है। यह घटना कैसे घटी और इसमें किसकी लापरवाही है इसकी जांच पुलिस के द्वारा शुरू कर दिया गया है। इधर पुलिस निरीक्षक सह सदर थानेदार रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि पिकेट परिसर में घास फूस है जो भीषण गर्मी से सुख गए हैं और उसके लतर वाहनों तक फैले हुए थे। सड़क से वाहन गुजरते हुए उसके धुंए से आग की चिंगारी भी निकलती है। शायद उसी चिंगारी से घास जल गई हो और आग विकराल रूप ले लिया। हालांकि समय रहते बड़ी घटना होने से बचा लिया गया है लेकिन पिकेट परिसर में रखे वाहन जलकर खाक हो गए हैं।

## गुमला में सड़क हादसा, 40 फीट नीचे गिरा बारातियों से भरा वाहन, दो दर्जन लोग घायल

*घायलों की संख्या अधिक होने के कारण, गुमला, लोहरदगा, बिशुनपुर और सिसई से 108 एंबुलेंस बुलाया गया*

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र मे एक अनियंत्रित, तेज रफ्तार, पिकअप वाहन के चालक ने घाघरा नवडीहा जर्जर पुल के समक्ष डिवाइडर से टक्कराकर सीधे उक्त पुल को टक्कर मार दी, उक्त स्थान पर वर्षों से पुल निर्माण का कार्य भी चल रहा है और उस जगह पर संबंधित पुल निर्माण कंपनी द्वारा किसी प्रकार का कोई सांकेतिक चिन्ह भी नहीं दी गई है फलस्वरूप वाहन चालक उक्त स्थान पर भ्रमित हो जाते है। जिसके कारण उक्त पिंकअप वाहन भी दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उक्त पिकअप वाहन के छत में सवार दर्जनों युवक उक्त पुल के 35 ,40 फीट नीचे नदी में गिरकर गंभीर रूप से हुए घायल साथ ही साथ उक्त पिंकअप वाहन के अंदर में सवार दर्जनों लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। कुल मिलाकर दो दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार के सन्ध्या लगभग 6.30 बजे उक्त स्थान पर एकाएक जोर-जोर से चीख पुकार की आवाज सुनकर, उक्त क्षेत्र के आसपास के ग्रामीणों ने उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर सर्वप्रथम घायलों को नदी और बस से निकला गया। घायलों की संख्या अधिक होने के कारण आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल व्यक्तिओं को सर्वप्रथम इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला पहुंचाने के लिए गुमला, लोहरदगा, बिशुनपुर और सिसई से 108 एंबुलेंस को घटनास्थल पर बुलाया गया। ग्रामीणों के सहयोग से गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने कुछ अति गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद, बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता हैं की उक्त पिकअप वाहन में सवार होकर लगभग दो दर्जन बाराती, घाघरा थाना स्थित केरागानी ग्राम से लोहरदगा जिला अंतर्गत स्थित कंडरा डीपाटोली ग्राम में बाराती गयें हुए थे। वापसी के क्रम में उक्त पिकअप गाड़ी घाघरा थाना स्थित नवडीहा पुल के समक्ष उक्त पिकअप वाहन अनियंत्रित और तेज रफ्तार के कारण उक्त पिकअप वाहन के चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और घाघरा नवडीहा पुल में जोरदार सीधे टक्कर मार दिया। फलस्वरुप उक्त पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उक्त पिकअप वाहन में सवार दो दर्जन बाराती भंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल और रांची रिम्स रेफर किया गया है।

**बालू घाट संचालन के लिए आयोजित ग्रामसभा का ग्रामीणों ने किया विरोध, कहा**

# बरसात के मौसम में निविदा होने से किसान पर पड़ेगा खराब प्रभाव

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत स्थित जोगना में बालू घाट निविदा को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर ग्राम सभा का आयोजन ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। परंतु ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीणों ने आयोजित ग्रामसभा का बहिष्कार किया कहा लोकसभा न विधानसभा सबसे बड़ा ग्राम सभा परंतु इन बिंदु पर नजर अंदर कर गलत तरीके से योजना संचालित किया जाता है। दिनेश उरांव, रामनंदन साहू, बुद्धदेव उरांव, शिवनन्दन साहू, बिरिया उरांव, लालजीत उरांव सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा की ग्रामसभा आयोजन के पूर्व समय से ग्रामप्रधान, पाहन तथा ग्रामीणों को किसी तरह का कोई सूचना नही दिया गया था। साथ ही बताया कि जोगना बालू घाट का निविदा करने का आदेश जारी होने के उपरांत नियमतः जानकारी का अभाव के कारण हम सभी उपस्थित ग्रामीण ग्रामसभा को निरस्त करने का अपील करते है। झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह किसान रामनंदन साहू ने कहा बालू घाट की निविदा होने से प्रकृति पर प्रभाव पड़ेगा और जल संकट गहराने की संभावना है। जिससे किसानों को काफी नुकसान हो सकता है।वही कहा कि राज्य सरकार की नाकाम योजना से हमारे क्षेत्र में बुरा असर पड़ेगा।ग्राम प्रधान मंगलेश्वर पाहन ने बताया कि ग्रामसभा आयोजन की जानकारी सोमवार को हमे ग्रामीणों से प्राप्त हुआ विभागीय लिखित सूचना नही मिला है। ग्राम विकास हित मे कार्य के लिए मुझे चुना गया है। जिसे की हम ग्रामीणों के सहमति के बिना कोई कदम नही उठाएंगे ग्रामीणों ने आयोजित ग्रामसभा का विरोध किया है। जिसमें ग्राम प्रधान होने के नाते मेरा भी सहमति अपेक्षित है। अरु पंचायत मुखिया राजश्री उरांव ने बालू घाट निविदा की जानकारी देते हुए बताया की खनन विभाग लोहरदगा के उपस्थिति में ग्राम सभा आयोजन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू के ज्ञापांक 547 दिनांक 07/06/024 के आलोक में जोगना मेढो बालू घाट संचालन हेतु ग्रामसभा का आयोजन किया गया था।परंतु ग्रामीणों ने गलत समय पर संचालन करवाने की बात बोलते हुए आयोजित ग्रामसभा को ग्राम प्रधान के उपस्थिति में निरस्त किया गया।

## प्रचंड गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे लोग




नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुर।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा लाखों रुपए की लागत से बिशुनपुर बनाए गए 3 लाख लीटर क्षमता वाले जलमिनर से रुक रुक कर पानी की सप्लाई होने से लगभग 1000 कनेक्शन धारी परेशान है। बता दें कि कभी 6 दिन में एक दिन पानी का सप्लाई दिया जाता है तो कभी 2 दिन में एक दिन जिससे कनेक्शन धारी शुद्ध पेयजल के लिए परेशान रहते हैं और कुआं एवं नजदीकी चापानल पर निर्भर होने को विवश हो रहे हैं इधर जलमिनर के जिम्मेवार व्यक्तियों द्वारा कभी बिजली नहीं रहने की हवाला दिया जाता है तो कभी कुछ तकनीकी खराबी बताते हैं। बरहाल जो भी हो पानी के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन की इस समस्या से मुंह मोड़े हुए नजर आ रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### सशक्त भविष्य को सुनिश्चित दिशा दिखाने वाला मंत्रिमंडल है : ओम सिंह





**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्री परिषद में शामिल नेताओं को भाजपा लोहरदगा जिला के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए कहा कि यह एक सशक्त भविष्य को सुनिश्चित दिशा दिखाने वाला मंत्रिमंडल है। यह मंत्री परिषद भारत को विश्व गुरु के साथ विकसित भारत के स्वप्न को भी पूरा करेगा। भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने कहा है की झारखंड से भी अन्नपूर्णा देवी तथा संजय सेठ को केंद्रीय मंत्री परिषद में शामिल कर झारखंड को एक मजबूत दिशा दिया गया है। उन्होंने कहा है की नवनियुक्त रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का लोहरदगा से काफी लगाव रहा है। उनका व्यक्तिगत रुचि में लोगों का विकास के साथ ही रेलवे तथा अन्य क्षेत्रों में प्रगति के संदर्भ में सदैव चिंतन रहा है। मंत्री परिषद में शामिल सभी नेताओं को भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह सहित ब्रज बिहारी प्रसाद ,राज किशोर महतो, राजमोहन राम, श्रीचंद प्रजापति, अजय कुमार मित्तल, देवाशीष कर, दीपक सर्राफ, अजय पंकज, अनुपम प्रकाश कुंवर, मिथुन तमेडा, दिलीप पटनायकसिं, शशि भूषण सिंह, अतुल कुमार आदि शामिल है।

### राजद कार्यकर्ताओं ने लालू का जन्मदिन मनाया

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 77वां जन्मदिन मुद्रिका बैंक्विट लोहरदगा में राजद कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने लालू प्रसाद यादव का फोटो रखकर उनके सामने केक काटा और एक दूसरे को केक खिलाया। जिला कमेटी द्वारा गरीबों को खाना खिलाने का भी काम किया गया। राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष सुनील मेहता ने कहा कि लालू यादव देश दुनिया में सामाजिक न्याय और सामाजिक सद्भाव के प्रतीक है। उनके जन्मदिन पर हमलोग भोजन कर गरीबों की भूख मिटने नहीं बल्कि उनके अंदर का भुख को जगाने आए हैं कि वह आगे बढ़े और सम्मान का जिंदगी चाहिए और अपने हक की लड़ाई लड़े। जिला अध्यक्ष ने कहा कि समाज का गरीब तबके गरीब कुचले सभी वर्ग के अपने अधिकारों से वंचित न हो इसलिए उसे जरूरी है। लालू प्रसाद यादव सदैव गरीबों का उत्थान चाहते हैं और उन्होंने गरीबों को पढ़ना लिखना सिखाया। मौके पर जिला अध्यक्ष सुनील मेहता, श्रवण तिर्की, नकुल तिर्की, महेश उरांव, साहिल अंसारी, अनुज गुप्ता, विजय लोहार, अल्ताफ आलम, सहमुद्दीन अंसारी, जिला के तमाम पदाधिकारी मौजूद थे।

### वोटर लिस्ट से हटाए जाएंगे मृतकों के नाम : धीरज

**कुडू - लोहरदगा।** जिला उप निर्वाचन अधिकारी धीरज कुमार ठाकुर ने मंगलवार को प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में प्रखण्ड के सभी बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ बैठक कर घर - घर सत्यापन कर मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने का निर्देश दिया। साथ ही जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष हो चुकी है या आगामी 1 अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष हो रही है उनके नामो को फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिया। इस दौरान उपस्थित बीएलओ और सुपरवाइजरो को मृतक मतदाताओं के नाम हटाने के तरिके एवं इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी।

**उपलब्धि** | **साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन**

# डीडीसी ने अधिनस्थों को दिए दिशा निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस के आयोजन की अध्यक्षता जिला उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो के द्वारा किया गया। साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में दूर दराज से आए आवेदकों ने उप विकास आयुक्त से मुलाकात की एवं अपने समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया।

घाघरा प्रखंड निवासी लक्ष्मीन देवी ने बताया कि उनके पति की मृत्यु उग्रवादी हिंसा से हुई एवं उन्होंने अनुकंपा के आधार पर नौकरी की मांग की। पालकोट प्रखंड के सोलगा ग्राम निवेसियों ने उनके ग्राम अंतर्गत जलमिनार की मशीन एवं मोटर, वार्ड के पास से उपलब्ध कराने की मांग की उन्होंने कहा कि उनके ग्राम अंतर्गत पिछले एक वर्ष से सोलर मशीन खराब होने के कारण पेयजल की उपलब्धता में ग्रामीणों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है तथा उन्हें गांव से एक किलो मीटर दूर जाकर कुएं के गंदे पानी का सेवन करना पड़ रहा है। गंदे पानी के सेवन करने से ग्राम वासियों को हमेशा कुछ न कुछ बीमारी लगी रहती है। जिसके निदान के लिए ग्रामीणों ने उप विकास आयुक्त से सहायता की मांग की। जिसपर उप विकास आयुक्त ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को पत्र अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया।
पालकोट के बघिमा थाना स्थित साकिन मौजा के निवासी अपदेव कुम्हारी ने उनके जमीन का फर्जी पट्टा बनाकर जमीन को ऑनलाइन कराते हुए बिक्री कराने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि उनके खतियानी जमीन की कभी बिक्री नहीं हुई परंतु फिर भी उनके जमीन को अवैध रूप से ऑनलाइन बेचने की प्रक्रिया की जा रही है जिसके लिए उन्होंने उप विकास आयुक्त से सहायता की मांग की। जिसपर उप विकास आयुक्त ने अपर समाहर्ता से उक्त जमीन की जांच करने हेतु अनुरोध किया।
रायडीह प्रखंड के वासुदेव कोना ( कोठाडीपा) के निवासियों ने अपना आवेदन समर्पित करते हुए उनके टोले में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करने हेतु निवेदन किया। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में बिजली तार लगाया गया है परंतु उनके टोले में बिजली के कनेक्शन नहीं दिया जाने के कारण काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है जिसके लिए उन्होंने उप विकास आयुक्त से सहयोग की मांग की।

इस प्रकार आज गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों से दूर दराज से लगभग 30 से अधिक आवेदक समाहरणालय पहुंचे एवं अपनी अपनी शिकायतों को उप विकास आयुक्त के समक्ष रखा , जिसमें जमीन विवाद के मामले, घरेलू विवाद, सामाजिक बदलाव की मांग , विभिन्न योजनाओं का लाभ इत्यादि से संबंधित कई मुद्दे शामिल रहें , उप विकास आयुक्त ने सभी समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागों को आवेदन अग्रसारित किया एवं आवेदकों को जल्द ही उनके समस्याओं के निवारण किए जाएंगे के संबंध में आश्वस्त किया गया।

# न्यूज बॉक्स

## बिजली के अनुबंधकर्मियों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा



**तिसरी।** पॉवर सब स्टेशन में ड्यूटी के दौरान विधुत आघात की चपेट में आकर अपना एक हाथ गंवा चुके अनुबंधकर्मी विपुल सिंह द्वारा विभाग के विरुद्ध पावर सब डिवीजन ऑफिस के समक्ष दिया गया धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। मामले की जानकारी मिलने पर धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव भी मंगलवार को अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे विपुल सिंह व उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभाग के एसडीओ से फोन पर वार्ता की साथ ही झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर कार्य से हटाए गए विपुल को पुनः कार्य पर रखने की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि विपुल सिंह विधुत आघात के शिकार होने के बाद दिव्यांग होने के बावजूद भी अपना काम कर रहे थे।

## स्कार्पियो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो लोग हुए घायल

**छतरपुर।** छतरपुर स्थित नवनिर्मित फोरलेन सड़क उदयगढ़ मोड़ के समीप सोमवार के रात्रि स्कार्पियो ने बाइक सवार को धक्का मार दी जिससे छतरपुर के दीनादाग निवासी सुनील यादव और अवधेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर लाया जिसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्हें रिम्स रांची के लिए रेफर किया गया था जहां उन्हें इलाज किया जा रहा है। इधर घटना की जानकारी मिलती है छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन के द्वारा स्कॉर्पियो को पकड़ लिया गया है।

## नये डीएल आवेदकों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**गिरिडीह।** जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार प्रियदर्शी के निर्देश पर मंगलवार को नये डीएल लाइसेंस बनवाने आए हुए कैंडिडेट का बरवाडीह ग्राउंड, गिरिडीह में रोड़ सेफ्टी मैनेजर मो० वाजिद के द्वारा प्रशिक्षु चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का अनुपालन के प्रति जागरूक किया और साथ में हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथन योजना के बारे में भी जागरूक किया गया. बताया गया कि सड़क पर वाहन चलाते समय सभी ट्रैफिक नियमों का पालन करें. इस दौरान उपस्थित लोगों के बीच रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक और रोड सेफ्टी पम्पलेट का भी वितरण किया गया. कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधक मोहम्द वाज़िद हसन उपस्थित थे.

## शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों का नुकासान

**गिरिडीह।** सदर प्रखंड के मंगरोडीह में सोमवार की देर रात एक घर में आग लग गयी. घटना के बाद थोड़ी देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया. हो-हल्ला पर लोग जमा हुए और फिर सभी ने मिलकर आग पर काबू पाया. घटना को लेकर गृहस्वामी महेंद्र सिंह ने बताया कि शार्ट सर्किट से उनके घर में आग लग गयी. उन्होंने बताया कि अगलगी की इस घटना में मवेशियों के खाने को लेकर रखा गया बिचाली, पंखा, मोटर समेत एक लाख से अधिक की संपत्ति जलकर खाक हो गयी. बताया कि उनके पास करीब दर्जनभर मवेशी हैं. जिसका चारा जल जाने से उनके सामने विकत परिस्थिति उत्पन्न हो गयी है. उन्होंने प्रशासन और प्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगायी है.

## कुएं में डूबने से वृद्ध की मौत, मानसिक रूप से था बीमार

**गिरिडीह।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित उदनाबाद के जम्बाद में कुएं में डूबने से एक वृद्ध की मौत हो गयी. मृतक 60 वर्षीय रूपलाल दास था. घटना को लेकर मृतक के दामाद ने बताया कि उसके ससुर की दिमागी हालत ठीक नहीं थी. उन्हें हल्का पैरालाइसिस भी था. इसी बीच कल वो कुएं में डूब गए. घटना के बाद रात के करीब 12 बजे शव को कुएं से बाहर निकाला गया. इधर घटना को लेकर पुलिस को भी जानकारी दी गयी. सूचना पर महतोडीह पिकेट प्रभारी संजय कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली. इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया.

## हीट वेव को लेकर जारी की गई है विशेष एडवाइजरी

**गिरिडीह।** उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा जानकारी दी गई कि आपदा प्रबंधन विभाग ने झारखंड के अलग-अलग जिलों में हीट वेव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी किया है। जिले में लगातार बढ़ने तापमान को देखते हुए उपायुक्त के द्वारा जिलेवासियों से गर्मी व लू से बचाव के लिए जरूरी एहतियात बरतने की अपील की गई है।


### कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार

ई0 पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 28/2023-24

पत्रांक– 331 लातेहार/दिनांक–10.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | नगर नदी पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड–चन्दवा जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 77.886 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाइट पर प्रकाशित करने की तिथि | 18.06.2024 (1.00 बजे अपराह्न से) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.07.2024 4.00 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार

PR 325935 Water Resource(24-25).D

### जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा

-:: अति अल्पकालीन निविदा ::-

विभागीय पत्रांक (N) 208 (अनु0), दिनांक 21.02.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में मनरेगा अन्तर्गत "बिरसा हरित ग्राम योजना" के तहत चतरा जिला में गुणवतापूर्ण Grafted/ Layered आम, अमरूद, नीम्बू, कटहल एवं Drum Stick आदि की खरीदारी के लिए दर निर्धारण हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है ।

उक्त के आलोक में NHB (National Horticulture Board) अन्तर्गत निबंधित झारखण्ड राज्य में अवस्थित नर्सरियों से पौधा आपूर्ति के लिए दर निर्धारण हेतु दिनांक 19.06.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक मुहरबंद लिफाफे में निविदा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा के कार्यालय में जमा करेगें तथा दिनांक 19.06.2024 के अपराह्न 02.00 बजे जिला स्तरीय कय समिति तथा उनके प्रतिनिधि के उपस्थिति में खोली जाएगी । NHB (National Horticulture Board) अन्तर्गत निबंधित झारखण्ड राज्य में अवस्थित नर्सरियों से पौधा आपूर्ति के लिए दर निर्धारण हेतु निम्न शर्त्तों पर निविदा आमंत्रित किया जाता है। लिफाफे के उपर साफ–साफ शब्दों में Quotation for Plantation under MGNREGA अंकित कर जमा करना होगा ।

नोटः– निविदा से संबंधित शर्तें जिला के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है ।

उप विकास आयुक्त –सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
चतरा

PR 325908 Rural Development (24-25)_D

### न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू

नोटिस

दा0 खा0 अपील वाद सं0 – 224/2023–24

1. सरदार सतबीर सिंह,पिता–स्व0 हरबंश सिंह,मोहल्ला बेलवाटीका, पो0+थाना– मेदिनीनगर, पलामू, झारखण्ड।
अपीलार्थी

बनाम

1. अंचल अधिकारी, सदर मेदिनीनगर।
2. Poonan Suri, President D.A.V College Managing Committee, Chitragupt Road, New Delhi, Pin Code 110055
3. Shiv Raman Gaur, Director (Higher Education) D.A.V College, Managing Committee, Chitragupt Road, New Delhi Pin - 110055

– विपक्षी

एतद द्वारा सूचित करना है कि अपीलार्थी ने मेरे न्यायालय में उपर्युक्त दाखिल–खारीज अपील वाद दायर किया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है तथा आपको दिनांक–22.02.2024 को सूचना भी निर्गत की गयी किन्तु उपरोक्त वाद में निर्धारित तिथि को आप उपस्थित नहीं हुये। वाद में अगली तिथि दिनांक 25.06.2024 निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब देना/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है।

इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर

PR 326047 District(24-25).D

### न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू।

नोटिस

भू–हदबंदी वाद सं0–08/2004–05
( गया मिस्त्री बनाम मो0 सद्दीक अंसारी वगै0 )

नोटिस बनाम :– 1. तैयब अंसारी 2. असगर अंसारी 3. उसमान अंसारी सभी पिता–स्व0 मो0 सद्दीक अंसारी,ग्राम– कजरूकला, पो0–कजरूखुर्द,थाना–विश्रामपुर,जिला–पलामू, झारखण्ड।

एतद द्वारा सूचित करना है कि भू–हदबंदी वाद सं0–08/2004–05 गया मिस्त्री बनाम मो0 सदीक अंसारी वगै0 में आवेदक गया मिस्त्री के पक्ष में फैसला पारित हुआ है जिसके अनुसार मो0–सदीक अंसारी को मौजा–कजरूकला था0–विश्रामपुर के खाता नं0–63 प्लॉट नं0–391 रकबा–04 डी0 एवं खाता नं0–69 प्लॉट नं0–392 रकबा–04 डी0 भूमि का आवेदक गया मिस्त्री के पक्ष में केवाला निबंधित करना है। आवेदक के अनुसार आप सभी स्व0 सदीक अंसारी के उत्तराधिकारी है। निबंधित डाक से सूचना देने के बाद भी आप ने आवेदक के पक्ष में केवाला निबंधित नहीं किया है। पुनः आपको सूचित किया जाता है कि आप सभी दिनांक–25.06.2024 तक आवेदक के पक्ष में उपर्युक्त भूमि का केवाला निबंधित कर दें। उक्त निर्धारित तिथि तक केवाला निबंधित नहीं करने की स्थिति में प्रावधान के अनुसार न्यायालय द्वारा आवेदक के पक्ष में प्रश्नगत भूमि का केवाला निबंधित कर दिया जायेगा।

ताकिद सख्त जाने।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर।

PR 326044 (District) 24-25 (D)

### कार्यालयः- नगर पंचायत मझिआँव

E-mail :- nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

आम सूचना

झारखण्ड नगरपालिका संपत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसुली) नियमावली 2013 की कंडीका–13 के तहत "प्रत्येक करदाता घृति के मालिक की जिम्मेवारी होगा की वे किसी मांग सूचना की प्रतिक्ष किये बिना अपने घृति कर का स्वनिर्धारण कर उसका भुगतान नगर पालिका को करें।"

कंडिका–14 के तहत् "हर उस घृति का स्वामी जिसकी घृति का घृति कर निर्धारण पूर्व में नही हुआ हो, नियमों को अधिसूचित होने के तीन माह के अंदर अपने घृति का स्वः–निर्धारण करते हुए घृति कर की गणना करेगा तथा घृति कर का भुगतान नियमों में निहित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित नगर पालिका को करेगा।"

परंतु कोई करदाता विहित समय के अंदर नगर पालिका को घृति का स्व–निर्धारण कर भुगतान कारने में असफल रहता है तो आवसीय सम्मति पर 2000.00 (दो हजार) रूपये और अन्य सभी सम्पतियों पर 5000.00 (पांच हजार) रूपये जुर्माना भुगतेय होगा

नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत वैसे घृति स्वामी जिनके द्वारा अबतक अपने मकान का SAF (Self Assessment Form ) कार्यालय में जमा नही किया गया है, से अनुरोध किया जाता है कि अपना–अपना New SAF को भर कर कार्यालय में जमा करेंगें। साथ ही साथ यह भी अनुरोध किया जाता है कि जो अपना मकान/प्रतिशठान का कम क्षेत्रफल का अथवा गैर आवासीय मकान का आवासीय मकान कर भुगतान कर रहे है, वे अपना–अपना Re Assessment Form भर कर कार्यालय में यथाशीघ्र जमा कर दें। कार्यालय के द्वारा जाँच के क्रम में गलत पाये जाने पर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम–2011 के सुसंगत धारा के तहत् विधी–सम्मत कार्रवाई की जाएगी जिसका जिम्मेवार वे स्वंय होगे।

इसे सख्त ताकिद समझें।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव।

PR.NO.326050 Urban Development(24-25):D

### कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2024-25

15वें वित्त आयोग

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | वार्ड सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेण्टी –फिकेशन न. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of RCC Drain with Slab from House of Mustak To Murtuja Khan | 1 | 2495600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 04 Months | NPSBN/NIT-02/2024-25_1 |
| 2 | Providing/ Laying of Paver Block Road From House of Bhiku Paswan To Prasanjit Vishwakrma(Part-2) | 2 | 1458500.00 | 29200.00 | 5000.00 | 04 Months | NPSBN/NIT-02/2024-25_2 |
| 3 | Construction of RCC Drain with Slab from Girl School to Chechariya Pul | 3 | 2095300.00 | 42000.00 | 5000.00 | 04 Months | NPSBN/NIT-02/2024-25_3 |
| 4 | Construction of PCC Road From Bhurli tar Bandh to Near Maszid | 4 | 2092770.00 | 42000.00 | 5000.00 | 04 Months | NPSBN/NIT-02/2024-25_4 |
| 5 | Providing/ Laying of Paver Block Road From Dhamni Pul To Hanuman More (Both side) | 6 | 2427600.00 | 48600.00 | 5000.00 | 04 Months | NPSBN/NIT-02/2024-25_5 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 10.06.2024 अप0 02:00 बजे से। |
| 2 | ई–निविदा डाउनलोड प्रारंभ की तिथि एवं समय | 10.06.2024 अप0 02:00 बजे से। |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 28.06.2024 अप0 02:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा ऑनलाईन खोलने की तिथि एवं समय | 29.06.2024 अप0 03:00 बजे। |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर। |
| 6 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 | 9771198870 |

Note :– Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Govt. of Jharkhand (Letter 120, Dated 03-10-2023)

जानकारी के लिये के बेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in, www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ठ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 326055 Urban Development(24-25)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार

प्रेस विज्ञप्ति

मेसर्स शिव सागर कन्स्ट्रक्शन, ग्राम – पीपरडीह, पो0 – लमरीकला, थाना – कांडी, जिला – गढ़वा, संवेदक को सूचित किया जाता है कि बार–बार प्रेस विज्ञप्ति वं अन्य माध्यमों से सूचना के बावजूद भी आपके द्वारा निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नही किया गया है। जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार का पत्रांक 72 दिनांक 19.07.202022 के आलोक में जिला योजना अनाबद्ध निधि योजनान्तर्गत किये गये कार्य का एकरारनामा के शर्तो के तहत एकरारनामा को विखण्डन करने, जमानत की राशि जब्त करने, अन्य दण्डात्मक कार्रवाई करने एवं कालीसूची में डालने हेतु विधिवत कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है। अतः एकरारनामा के विखण्डन एवं निबंधन को कालीसूची में डालने की कार्रवाई करने के पूर्व आपके द्वारा किये गये कार्यो का अद्यतन अंतिम मापी निम्न सूची के अनुसार दर्ज तिथि को संबंधित कनीय अभियंता द्वारा ली जायेगी। उक्त तिथि को आप या आपके द्वारा प्रतिनियुक्त प्राधिकृत प्रतिनिधि स्थल पर उपस्थित रहेंगें। अगर उपस्थित नही रहते हैं तो भी अंतिम मापी ले ली जायेगी जो आपको मान्य होगा एवं भविष्य में आपके द्वारा किया गया किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।

| क्र0 | योजना का नाम | संवेदक का नाम | कार्यपूर्ण करने की तिथि | अंतिम मापी की तिथि | मापी करने वाले अभियंताओं का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखंड महुआडांड के ग्राम परही नावाटोली में पी0डब्लू0डी0 रोड से नावाटोली तक पथ निर्माण। | मेसर्स शिव सागर कन्स्ट्रक्शन | 14.05.18 | 12.06.2024 | श्री बिनकोश खेस्स, कनीय अभियंता। श्री अवधेश कुमार सहायक अभियंता |

एकरारनामा के समय दिये गये पते पर भी इसकी एक प्रति भेजी जा रही है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार

PR 325955 REO(24-25).D

### MINISTRY OF ROAD TRANSPORT & HIGHWAYS, NEW DELHI
### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

NATIONAL HIGHWAY DIVISION,

DIN DAYAL NAGAR, BOOTY ROAD, RANCHI-834008

Pho. No. 0651-2360428, E-Mail ID- eenhranchi-jhr@nic.in

**Notice Inviting Bid (7th Call)**

**[Previous PR 316942 Road(23-24)#D]**

Bid/ Package no.- **NH/RANCHI/EPC/2024-25/01** Dated- **10.06.2024**

RFP for **Construction of ROB at Km 116 of NH-99 (new NH-22) at Chandwa (LC No. 12A/T) in the State of Jharkhand on EPC mode (Job No. NH-99-(New NH-22)-JHR-2020-21/287).** The Ministry of Road Transport & Highways through **Chief Engineer, National Highway Wing, Jharkhand, Ranchi** is engaged in the development of National Highways and as part of this endeavour, it has been decided to undertake **Construction of ROB at Km 116 of NH-99 (new NH-22) at Chandwa (LC No. 12A/T) in the State of Jharkhand on EPC mode (Job No. NH-99-(New NH-22)-JHR-2020-21/287)** through an Engineering, Procurement and Construction (EPC) Contract.

[The Ministry of Road Transport & Highways represented by its DG(RD)&SS / CE (NH) PWD State] now invites bids from eligible contractors for the following project:

| State | NH No. | Name of work | Estimated cost (in Rs.) | Cost of document (in Rs.) | Completion period | Mainte-nance period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Jharkhand | NH-99 (new NH-22) | Construction of ROB at Km 116 of NH-99 (new NH-22) at Chandwa (LC No. 12A/T) in the State of Jharkhand on EPC mode (Job No. NH-99-(New NH-22)-JHR-2020-21/287) | 31,96,86,667.00 (including LC & GST) | 10,000/- (Challan) + 1,800/-(GST in form of DD) =11,800/- | 24(Twenty Four Months) | 10 (Ten years) after Completion |

The complete BID document can be viewed / downloaded from official portal of the CPPP website https:// eprocure.gov.in/eprocure/app from **18.06.2024 to 02.08.2024 (upto 15.00 Hrs. IST)**. Bidder must submit its Financial bid and Technical Bid at https:// eprocure.gov.in/eprocure/app on or before **02.08.2024 (upto 15:00 Hrs)**. Bids received online shall be opened on **05.08.2024 (at15:30 hours IST)**.

Bid through any other mode shall not be entertained. However, E-Bank Guarantee/ Insurance surety Bond, receipt of document fee, Power of Attorney and Joint Bidding Agreement etc. shall be submitted physically by the Bidder on or before **02.08.2024 (at 12:30 hours IST).** In case of Original BGs in confirmation of scanned copies are not submitted within this period by the bidder, the bidder will be debarred for one year from bidding for National Highways/other Centrally Sponsored works of Ministry of Road Transport & Highways and its implementing agencies. Please note that the Ministry/Authority/ Executing Agency reserves the right to accept or reject all or any of the BIDs without assigning any reason whatsoever.

Executive Engineer
National Highway Division, Ranchi
Phone: 7250355511 e-mail : eenhranchi-jhr@nic.in

PR 325960 Road(24-25)D

### झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान/महिला/कुड़ू/कुजरा/कैरो, लोहरदगा

(Email Id- principalitilohardaga@gmail.com)

नामांकन सूचना

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में नामांकन से संबंधित सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–889 दिनांक– 10.06.2024 के द्वारा ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि विस्तारित की गई है, के आलोक में NCVT/SCVT से मान्यता प्राप्त लोहरदगा जिला के सभी सरकारी (LWE सहित), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, यथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुजरा/कुड़ू/महिला/कैरो, लोहरदगा के शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in Admission Tab) आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः–
क) सीट मेटल वर्कर, वायरमैन, मेशन (बिल्डिंग कन्स्ट्रक्टर), पेन्टर (जेनरल) पलम्बर, वेल्डर, वेल्डर (GMAW & GTAW), वेल्डर (Fabrication & Fitting), सीविंग टेक्नोलॉजी, काटिंग एण्ड सीविंग, कारपेन्टर (New Name- Wood Work Technician), सर्फेश अर्नामिंटेशन टेकनिक्स एवं वीबिंग टेक्नीशियन फॉर सिल्क एण्ड वुलन फैब्रिक्स व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्तीणता आवश्यक है।
ख) उपरोक्त कंडिका में अंकित व्यवसायों को छोड़कर शेष अन्य सभी व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवी (10वीं) कक्षा में उत्तीणता आवश्यक है।

3. महत्वपूर्ण तिथियाँ

| क्रं0सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 15.05.2024 |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि ( विस्तारित तिथि) | 15.06.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 3 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 18.06.2024 अपराह्न 5:00 बजे |
| 4 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 19.06.2024 से 21.06.2024 |
| 5 | अंतिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 26.06.2024 |

Time Schedule for 1st Round of Online Counselling

| Sl No. | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| 1 | Choice filling of Trade (s) and/or ITS (s) | 29-06-2024 | 04-07-2024 |
| 2 | Seat Allotment and Downloading provisional seat Allotment Letter | 08-07-2024 | 24-07-2024 |
| 3 | Admission in the concerned ITI | 08-07-2024 | 24-07-2024 |

Time Schedule for 2nd Round of Online Counselling

| Sl No. | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| 1 | Choice filling of Trade (s) and/or ITS (s) | 28-07-2024 | 04-08-2024 |
| 2 | Seat Allotment and Downloading provisionalseat Allotment Letter | 07-08-2024 | 19-08-2024 |
| 3 | Admission in the concerned ITI | 07-08-2024 | 19-08-2024 |

4. डी0जी0टी0 के पत्रांक DGT-Aff011/1/2023-O0 DIR (TC) Part (2)[63756], दिनांक 03.05.2024 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा NTC उत्तीणता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्त्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0जी0टी0 का पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के Download Section के Notification Tab में देखा जा सकता है।
6. नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है या www.lohardaga.nic.in से देखा/डाउनलोड किया जा सकता है तथा संस्थानों के सूचना पटट् में देखा जा सकता है।
7. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webportal के Grievance Section में टिकट (Complain) Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 नं0–9279316039/9308058506/9631039626 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।

ह0/–
प्राचार्य
नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
कुजरा, लोहरदगा

PR 325952 Lohardaga(24-25)#D

शक्ति के अभाव में विश्वास व्यर्थ है, विश्वास और शक्ति दोनों किसी महान काम को करने के लिए आवश्यक हैः सरदार वल्लभ भाई पटेल



# चीन की चालों का जवाब उसी की भाषा में

**चीन** द्वारा जिन 30 स्थानों के नाम बदले गए, उनके विरोध का प्रयास कर रही है सेना ने अपने लोगों के साथ प्रसारित विस्तृत ट्वीट में अरुणाचल प्रदेश के सात स्थानों के नाम बदलने को चुनौती दी है और अब उन्होंने तिब्बत के 30 स्थानों की एक सूची को भी अंतिम रूप दे दिया है, तथा ऐतिहासिक अभिलेखों से भारतीय भाषाओं में उनके प्राचीन नामों को पुनः प्राप्त किया है। भारतीय सेना का सूचना युद्ध प्रभाग इस अभियान का नेतृत्व कर रहा है, जिसे कोलकाता स्थित ब्रिटिशकालीन एशियाटिक सोसाइटी जैसे प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों का समर्थन प्राप्त है। यह भारत के अरुणाचल प्रदेश राज्य और विवादित सीमा के अन्य हिस्सों पर चीनी दावों के खिलाफ एक मजबूत जवाबी आख्यान प्रस्तुत करने के वैश्विक अभियान का हिस्सा है। अब चूंकि केंद्र में नई सरकार का गठन हो गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इसलिए चीन के स्वायत्त क्षेत्र तिब्बत के स्थानों का नाम बदलने का इस्तेमाल अरुणाचल प्रदेश पर चीनी दावे को खत्म करने के लिए बदले के तौर पर किया जाएगा। सैन्य अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि नए नाम व्यापक ऐतिहासिक शोध के आधार पर रखे जाएंगे। पूर्व खुफिया ब्यूरो के अधिकारी बेनु घोष, जिन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वर्षों काम किया है और जिन्हें पर्वतारोहण में भी दिलचस्पी है, कहते हैं, 'जब भी ऐसा होगा, यह भारत द्वारा तिब्बत के प्रश्न को फिर से उठाने की तरह होगा। जब से बीजिंग ने तिब्बत पर जबरन कब्जा किया है, तब से भारत ने इसे चीनी हिस्सा माना है, लेकिन अब मोदी सरकार चीनी मानचित्रण और नामकरण संबंधी आक्रामकता को कम करने के लिए अपना रुख बदलने को तैयार है।' भारतीय सेना ने हाल के हफ्तों में इन विवादित सीमावर्ती क्षेत्रों में मीडिया के कई दौरे आयोजित करवाए हैं तथा मीडिया को उन स्थानीय लोगों से बात करने का मौका दिया है, जो चीनी दावों का कड़ा विरोध करते हुए कहते हैं कि वे हमेशा से भारत का हिस्सा थे। नाम का खुलासा नहीं करने की शर्त पर इस अभियान से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि भारत का 'अंतिम लक्ष्य क्षेत्रीय और वैश्विक मीडिया के माध्यम से विवादित सीमा पर भारत के जवाबी आख्यान को आगे बढ़ाना है, जो ठोस ऐतिहासिक शोध और स्थानीय निवासियों के जनमत पर आधारित है। इसी वर्ष कुछ समय पूर्व अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने के लिए चीन ने इस राज्य में एलएसी के पास के 30 स्थानों का नाम बदल दिया। हांगकांग स्थित एक दैनिक के अनुसार, प्रशासनिक प्रभागों की स्थापना और नामकरण के लिए जिम्मेदार चीनी असैन्य मामलों के मंत्रालय ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में 'मानकीकृत' भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की है, जिसे बीजिंग जंगनान कहता है। यह चौथी बार है, जब चीन ने अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का एकतरफा नामकरण किया है। इससे पहले उसने ऐसा वर्ष 2017, 2021 और 2023 में किया था। चीन द्वारा नाम बदले गए स्थानों की सूची में 11 आवासीय क्षेत्र, 12 पर्वतीय, चार नदियां, एक झील, एक पहाड़ी दर्रा और एक भूखंड है। इन नामों में चीनी, तिब्बती और पिनयिन अक्षर हैं, जो मंदारिन चीनी का रोमन वर्णमाला संस्करण है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने मंत्रालय के बयान को उद्धृत किया है, जो कहता है कि 'भौगोलिक नामों के प्रबंधन पर राज्य परिषद (चीनी मंत्रिमंडल) के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार, हमने संबंधित विभागों के साथ मिलकर चीन के जांगनान में कुछ भौगोलिक नामों को मानकीकृत किया है।' बीजिंग ने वर्ष 2017 में अरुणाचल प्रदेश के छह स्थानों के कथित मानकीकृत नामों की पहली सूची जारी की थी, फिर वर्ष 2021 में 15 स्थानों की दूसरी सूची जारी की और उसके बाद वर्ष 2023 में 11 स्थानों के नामों की एक और सूची जारी की। भारत ने अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीनी कदम को बार-बार खारिज करते हुए कहा है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग है और 'मनगढ़ंत' नाम रखने से यह वास्तविकता नहीं बदल जाती। वर्ष 2023 में तत्कालीन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था, 'हमने ऐसी रिपोर्टें देखी हैं। यह पहली बार नहीं है, जब चीन ने ऐसा प्रयास किया हो। हम इसे सिरे से खारिज करते हैं।' उन्होंने आगे कहा, अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और रहेगा। मनगढ़ंत नाम रखने की कोशिशें इस सच्चाई को नहीं बदल पाएंगी।

इन दिनों

# संसद में दागी नेताओं की संख्या बढ़ना चिन्ताजनक


ललित गर्ग

**देश** में 18वीं लोकसभा चुनी जा चुकी है, मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और रिकॉर्ड संख्या में मतदाता होने के गर्व करने वाली स्थितियां हैं वहीं चिन्ताजनक, विचलित एवं परेशान करने वाली स्थितियां भी हैं। खबर आई है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं जो पिछली बार से तीन प्रतिशत अधिक है। भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाए जाने एवं उन्हें राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारी दिया जाना-हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता एवं पवित्रता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम आदर्श एवं मूल्यपरक समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार नेता एवं जन-प्रतिनिधि कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं अठाहरवीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है। आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं। अरविन्द केजरीवाल जैसे नेता आम चुनाव में कहते हैं कि आप लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी को वोट दें ताकि मैं जेल जाने से बच जाऊं। हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे सुशासन एवं ईमानदार व्यवस्था स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? कैसे संसद में दागियों के पहुंचने के लिये द्वार बंद होंगे? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल पर ही वर्ष 2020 से सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करने लगे है। निश्चित ही इस आदेश का मकसद देश की राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना ही था। लेकिन वास्तव



में ऐसा हुआ नहीं क्योंकि तमाम राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीतने वाले उम्मीदवार थे, अब चाहे उनका आपराधिक रिकॉर्ड ही क्यों न हो। बड़ा प्रश्न है कि आखिर राजनीति में तब कौन आदर्श उपस्थित करेगा? क्या हो गया उन लोगों को जिन्होंने सदैव ही हर कुर्बानी करके आदर्श उपस्थित किया। लाखों के लिए अनुकरणीय बने, आदर्श बने। चाहे आजादी की लड़ाई हो, देश की सुरक्षा हो, धर्म की सुरक्षा हो, अपने वचन की रक्षा हो अथवा अपनी संस्कृति और अस्मिता की सुरक्षा का प्रश्न हो, उन्होंने फर्ज और वचन निभाने के लिए अपना सब कुछ होम दिया था। महाराणा प्रताप, भगत सिंह, दुर्गादास, छत्रसाल, शिवाजी जैसे वीरों ने अपनी तथा अपने परिवार की सुख-सुविधा को गौण कर बड़ी कुबार्नी दी थी। गुरु गोविन्द सिंह ने अपने दोनों पुत्रों को दीवार में चिनवा दिया और पन्नाधाय ने अपनी स्वामी भक्ति के लिए अपने पुत्र को कुर्बान कर दिया। ऐसे लोगों का तो मन्दिर बनना चाहिए। इनके मन्दिर नहीं बने, पर लोगों के सिर श्रद्धा से झुकते हैं, इनका नाम आते ही। लेकिन आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं अपराध मुक्त राजनीति को सदैव प्राथमिकता दी लेकिन चुनाव जीतने के रण में वे भी अपराधी राजनेताओं को प्रश्रय देते हुए दिखे हैं। सभी राजनीतिक दलों ने ही दागी उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। जो राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के भारी अंतर को ही उजागर करता है। सवाल है कि देश के लिये नीति निर्धारण करने वाले ऐसे दागी लोग हमारे भाग्यविधाता बने रहेंगे तो हमारा भविष्य कैसा होगा? क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमारी कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? क्या होगा हमारे समाज व व्यवस्था का भविष्य? क्यों तमाम आदर्शों की बात करने वाले और दूसरे दलों के नेताओं की कारगुजारियों पर सवाल उठाने वाले नेता राजनीति को अपराधियों के वर्चस्व से मुक्त कराने की ईमानदार पहल नहीं करते? क्यों सभी राजनीतिक दल भारतीय लोकतंत्र में शुचिता एवं पवित्रता के लिये सहमति नहीं बनाते? निश्चित रूप से यदि समय रहते इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती तो आने वाले वर्षों में दागियों का यह प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जाएगा। इसके साथ ही बड़ा संकट यह भी है कि देश के निचले सदन में येन-केन-प्रकारेण करोड़पति बने नेताओं का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। इस बार संसद में चुनकर आए सांसदों में 504 करोड़पति हैं। ऐसे में क्या उम्मीद की जाए कि अपनी मेहनत की कमाई से जीवनयापन करने वाला आम आदमी कभी सांसद बनने की बात सोच सकता है? दागी एवं अपराधी राजनेता लोकतंत्र की एक बड़ी विडम्बना एवं विसंगति बनते जा रहे हैं। बात लोकसभा की ही नहीं है, विभिन्न राज्यों की सरकारों में भी कैसा विरोधाभास एवं विसंगति है कि एक अपराध छवि वाला नेता कानून मंत्री बन जाता है, एक अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे प्रतिनिधि को शिक्षा मंत्री बना दिया जाता है। ऐसे ही अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालय के साथ होता है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत तब सामने आ जाती है जब किसी राज्य या केंद्र में गठबंधन सरकार के गठन का मौका आता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### गठबंधन : जरूरी सहमतियाँ


राकेश दुबे

**अब** ऐसा लगता है कि केंद्र में गठबंधन की सरकार देश की नैसर्गिक राजनीतिक व्यवस्था का अंग है और बीते 10 वर्ष इस लिहाज से थोड़ा अलग थे। बीते 10 वर्षों को छोड़ दिया जाए तो सन 1989 से ही देश में गठबंधन की सरकारें रही हैं। उससे पहले 1984 में कांग्रेस को ऐतिहासिक बहुमत मिला था लेकिन 1989 में कांग्रेस पार्टी हार गई थी। बीते दो आम चुनावों की प्रकृति तो वैसे भी अलहदा थी। जब भाजपा को 2014 में महत्त्वपूर्ण जीत मिली थी और उस चुनाव में जनता ने बदलाव के लिए मतदान किया था। 2019 में पुलवामा और बालाकोट के बाद पार्टी ने राष्ट्रवाद के मुद्दे पर और मजबूत जीत हासिल की। इस बार अपेक्षाकृत सामान्य चुनाव में पार्टी सामान्य बहुमत से पीछे रह गई। इस चुनाव में शासन और स्थानीय मुद्दे प्रमुख थे। अब भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। देश के राजनीतिक फलितव्य को देखें तो पता चलता है कि हालात केंद्र में गठबंधन सरकार के अनुकूल रहे हैं। देश में 11 ऐसे राज्य हैं जहां क्षेत्रीय दलों की महत्त्वपूर्ण उपस्थिति है-उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, पंजाब, जम्मू-कश्मीर तथा केरल (यदि वाम को क्षेत्रीय ताकत माना जाए)। इन राज्यों में 347 लोक सभा सीट हैं। अन्य 10 राज्य ऐसे हैं जहां राज्यस्तरीय दलों का पराभव हुआ है या उनका कोई अस्तित्व ही नहीं था। ये राज्य हैं- कर्नाटक, तेलंगाना, असम, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड। इन राज्यों में 169 लोक सभा सीटें हैं। कुल मिलाकर इन सभी राज्यों में 500 से अधिक सीटें हैं। हाल ही में आए परिणाम कहते हैं कि कांग्रेस ने दूसरी श्रेणी के कुछ राज्यों में भाजपा को चुनौती देने का तरीका तलाश लिया है। कांग्रेस का पराभव भी भाजपा के बहुमत तक पहुंचने की एक वजह थी। समाजवादी पार्टी ने भी उत्तर प्रदेश में जबरदस्त प्रदर्शन किया है और लोक सभा में भाजपा को बहुमत नहीं मिलने देने में उसकी भी अहम भूमिका रही है। ऐसे में देश के राजनीतिक हालात को देखते हुए भाजपा को अब अपने हिंदुत्ववादी बयानों को नियंत्रित करना होगा ताकि क्षेत्रीय दल उसके साथ बने रहें। अगर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला जनता दल यूनाइटेड समय पर साथ नहीं आया होता तो भाजपा के लिए हालात बहुत मुश्किल हो जाते। कांग्रेस की क्षेत्रीय दलों में स्वीकार्यता बढ़ी है तथा वह उनके लिए जगह खाली करने की इच्छुक है। यह बात भी बताती है कि गठबंधन देश में प्राकृतिक हैं। वित्तीय बाजारों में तथा अन्य स्थानों पर यह चिंता है कि केंद्र में गठबंधन की सरकार होने से सुधार प्रभावित होंगे, लेकिन इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि गठबंधन सरकारें सुधारों के क्रियान्वयन के मामले में बेहतर साबित हुई हैं। वास्तव में राजग सरकार में जनता दल यूनाइटेड और तेलुगू देशम पार्टी के रूप में दो क्षेत्रीय दलों की मौजूदगी के कारण केंद्र और राज्यों के बीच रिश्ते और सहज होने चाहिए। सरकार में क्षेत्रीय दलों की इस प्रकार मौजूदगी से जरूरी सुधारों को लेकर सहमति बनाने में मदद मिलेगी। काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि नई राजग सरकार इसे लेकर किस प्रकार आगे बढ़ती है। **(भोपाल)**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

राजनीति


# निरंतरता, अनुभव व उत्साह का संगम है केंद्रीय मंत्रिमंडल


डॉ.संजय द्विवेदी

**केंद्र** सरकार का नया मंत्रिमंडल निरंतरता की गवाही देता है। यह बात बताती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी टीम पर भरोसा कायम है। प्रमुख विभागों में अपनी आजमाई जा चुकी टीम को मौका देकर मोदी ने बहुत गंभीर संदेश दिए हैं। मंत्रिमंडल में अनुभव, उत्साह और नवाचारी विचारों के वाहक नायकों को जगह मिली है। यह मंत्रिमंडल गहरी राजनीतिक सूझबूझ वाले नायकों से संयुक्त है। लंबे समय तक राज्य सरकारों को चलाने वाले सात पूर्व मुख्यमंत्री इस सरकार में शामिल हैं। कैबिनेट में मोदी सहित सात पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं। जिनमें मोदी खुद गुजरात के मुख्यमंत्री रहे हैं। इसके अलावा राजनाथ सिंह (उत्तर प्रदेश ), शिवराज सिंह चौहान (मध्य प्रदेश), जीतनराम मांझी (बिहार), एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक), मनोहरलाल (हरियाणा), सवार्नंद सोनोवाल (असम) मुख्यमंत्री रहे हैं। भारत सरकार के विदेश सचिव और पिछली सरकार में विदेश मंत्री रह चुके एस.जयशंकर अपने क्षेत्र के दिग्गज हैं। आईएएस अधिकारी रहे अश्विनी वैष्णव अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में उनके सचिव रहे, विविध अनुभव संपन्न वैष्णव सरकार में नवाचारों के वाहक हैं। पिछली सरकार उनके प्रदर्शन की गवाही है। इसी क्रम में नौकरशाह रहे हरदीप सिंह पुरी सरकार की शक्ति हैं। नितिन गडकरी का महाराष्ट्र सरकार से लेकर अब केंद्र में 10 साल का कार्यकाल सबकी नजर में है। देश में हुई परिवहन और सड़क क्रांति के वे वाहक हैं। वे केंद्र में सबसे लंबे समय तक परिवहन मंत्री रहने का रिकार्ड बना चुके हैं। भाजपा के पास अनुभवी मंत्रियों की टीम सरकार के संकल्पों की वाहक बनेगी, इसमें दोराय नहीं। धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, प्रहलाद जोशी, किरण रिजिजू, भूपेंद्र यादव,जोएल ओराम, गजेंद्र सिंह शेखावत, डॉ.वीरेंद्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी हस्ताक्षर बन चुके हैं। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के प्रभावी संचालन का रिकार्ड इनके नाम है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में राजनाथ सिंह और अमित शाह इस सरकार के संकटमोचक हैं। राजनाथ सिंह के साथ जहां सहयोगी दलों का शानदार संवाद है, वहीं अमित शाह अपने कुशल राजनीतिक प्रबंधन के लिए जाने जाते हैं। इस सरकार में सहयोगी दलों के 11 मंत्री हैं।

> **लंबे समय तक राज्य सरकारों को चलाने वाले सात पूर्व मुख्यमंत्री इस सरकार में शामिल हैं। कैबिनेट में मोदी सहित सात पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं। जिनमें मोदी खुद गुजरात के मुख्यमंत्री रहे हैं।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



बोधि वृक्ष

## अद्भुत है पटना का महावीर मंदिर

**इंजीनियर** ने सरकार को बताया कि रेलवे लाइन बिछाने के लिए मदिर को तोड़ना अनिवार्य है। यह खबर जैसे ही आम लोगों को लगी तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। स्थानीय बाशिदों ने ब्रिटिश समय के तत्कालीन जिलाधिकारी के पास भी गुहार लगाई। कहा गया कि इससे पहले बख्तियार खिलजी ने इस मदिर को ध्वस्त कर दिया था। अब दोबारा से मदिर तोड़ने नहीं दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने जन भावना का सम्मान करते हुए रेलवे लाइन बिछाने का रास्ता बदल दिया।

**कोर्ट में लड़ी गई मदिर के हक की लड़ाई**

आचार्य किशोर कुणाल बताते हैं कि महावीर मदिर की स्थापना में अलखिया बाबा ने प्रमुख भूमिका निभाई थी मगर 1934 में उनके वशजों ने इस मदिर को प्राइवेट ट्रस्ट बताकर विवाद खड़ा कर दिया। इस बात को



लेकर लोगों ने कोर्ट में केस दर्ज कराया। साल 1936 से लेकर 1948 इस मामले की सुनवाई चली। साल 1948 में पटना हाई कोर्ट ने इस मदिर को सार्वजनिक मदिर घोषित किया। उस समय पटना हाई कोर्ट के जस्टिस बीपी सिन्हा व महावीर प्रसाद की बेंच ने मदिर को निजी नहीं बल्कि सार्वजनिक बताया। साल 1952 में धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन किया गया। 1955 तक धार्मिक न्यास बोर्ड और ट्रस्ट के बीच विवाद चलता रहा। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# बाल श्रम पर लगे लगाम


रमेश सर्राफ धमोरा

**किसी** देश के बच्चे अगर शिक्षित और स्वस्थ होंगे तो वह देश उन्नति और प्रगति करेगा और देश में खुशहाली आयेगी। अगर बच्चे ही किताबों को छोड़कर कल-कारखानों में काम करने लगेंगे तो देश और समाज का भविष्य उज्ज्वल नहीं होगा। इसीलिए लोगों को देश का भविष्य कहा जाता है। देश में आज भी करोड़ों बच्चे स्कूलों की बजाए कल-कारखानों, ढाबों और खतरनाक कहे जाने वाले उद्योगों में कार्य कर रहे हैं। जहां दो जून पेट के भोजन की शर्त पर उनका बचपन और भविष्य तबाह हो रहा है। बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, जिसके कारण लोगों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा है। यह दिवस बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और इसको पूरी तरह से समाप्त करने के लिए व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन एवं सरकारी संगठनों को प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। इस साल विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का थीम आइए अपनी मांगों पर कार्य करें बाल श्रम समाप्त करें। इस दिन जागरुकता बढ़ाने, बदलाव की पहल करने और बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। संयुक्त राष्ट्र ने बाल श्रम पर कहा है कि पिछले तीन दशकों के इस समस्या से निपटने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, अगर मूल कारणों को दूर कर दिया जाए तो बाल श्रम को खत्म किया जा सकता है। बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरुकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से साल 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरूआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। भारत में आदिकाल से ही बच्चों को ईश्वर का रूप माना जाता रहा है। लेकिन वर्तमान परिदृश्य इस सोच से काफी भिन्न है। लोगों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। गरीब बच्चे स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने की उम्र में मजदूरी कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से भारत सरकार एवं राज्य सरकारों की पहल इस दिशा में सराहनीय है। उनके द्वारा बच्चों के उत्थान के लिये अनेक योजनाओं को प्रारंभ किया गया है, जिससे बच्चों के जीवन व उनकी शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। इसके बावजूद बाल श्रम की समस्या अभी भी एक विकट समस्या के रूप में विराजमान है। वर्तमान में देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्टरी में काम कर या अलग-अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहें हैं, जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है, और ना ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है। भारत में ये बाल श्रमिक कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश व जवाहरात, पीतल व कांच, बीड़ी उघोग, हस्तशिल्प, सूती होजरी, नारियल रेशा, सिल्क, हथकरघा, कढ़ाई, बुनाई, रेशम, लकड़ी की नक्काशी, फिश फीजिंग, पत्थर की खुदाई, स्लेट पेंसिल, चाय के बागान में कार्य करते देखे जा सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

टेक वर्ल्ड

## व्हाट्सएप पर स्क्रीन शेयरिंग का स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस



WhatsApp का स्क्रीन शेयरिंग फीचर बहुत उपयोगी और सुविधाजनक है। यह न केवल व्यक्तिगत उपयोग के लिए बल्कि प्रोफेशनल उपयोग के लिए भी बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। ऊपर दिए गए स्टेप्स को फॉलो करके आप आसानी से हँ३२अस्त्रस्त्र पर अपनी स्क्रीन शेयर कर सकते हैं और इस नए फीचर का पूरा लाभ उठा सकते हैं। WhatsApp हमेशा अपने यूजर्स के लिए नए-नए फीचर्स लाता रहता है, जिससे इसका उपयोग और भी सरल और प्रभावी हो जाता है। स्क्रीन शेयरिंग भी ऐसे ही एक फीचर में से एक है, जो आपकी डिजिटल लाइफ को और भी आसान और मजेदार बना सकता

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




# कोलकाता के पार्क स्ट्रीट इलाके में लगी भीषण आग

**एजेंसी**

**कोलकाता।** सेंट्रल कोलकाता के बिजी पार्क स्ट्रीट इलाके में मंगलवार को भीषण आग लग गई। हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लेकिन कई घंटे बाद भी अग्निशमन विभाग आग पर पूरी तरह काबू नहीं पा सका है। आग लगने की खबर सबसे पहले सुबह करीब 10.45 को मिली। खबर मिली कि पार्क स्ट्रीट चौराहे पर एक बहुमंजिला इमारत में स्थित पब-कम-रेस्तरां में आग लग गई है। पांच दमकल गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया, और आग बुझाने का काम शुरू हुआ। हालांकि, आग धीरे-धीरे और बढ़ती गई। खबर लिखे जाने तक कुल 15 दमकल गाड़ियां आग पर पूरी तरह काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। राज्य के मंत्री सुजीत बोस भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की प्रक्रिया की निगरानी करते नजर आए। बोस ने कहा, ₹सौभाग्य से, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इमारत में मौजूद लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। हमारा मुख्य लक्ष्य आग पर पूरी तरह से काबू पाना है।

हम आग के पीछे के कारणों की जांच बाद में करेंगे। हम यह भी जांच करेंगे कि मानदंडों का उल्लंघन तो नहीं हुआ है। फिलहाल इलाके में यातायात की आवाजाही प्रतिबंधित है, जिससे आस-पास की सड़कों पर जाम लग गया। अग्निशमन विभाग के सूत्रों ने कहा कि पूरी संभावना है कि आग रेस्तरां के खाना पकाने के कमरे में रखे रसोई गैस सिलेंडरों से लगी है। विभाग के एक अधिकारी ने कहा, आग के पूरी तरह से बुझ जाने और कूलिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद, फोरेंसिक विभाग के अधिकारी आग के पीछे के कारण और स्रोत का पता लगाने के लिए मौके की जांच करेंगे।

## भारत में प्रवेश करने वाले गिरफ्तार चीनी नागरिक की अस्पताल में मौत

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर के एक अस्पताल में इलाजरत चीन के एक नागरिक की मंगलवार को मौत हो गई। उसे भारत में अवैध रूप से घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मुजफ्फरपुर के ब्रहपुरा थाना क्षेत्र में छह जून को बिना वीजा के देश में घुसने के आरोप में पकड़ा गया चीनी नागरिक ली जियाकी की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। आत्महत्या के प्रयास के बाद घायल अवस्था में चीनी नागरिक को श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ली जियाकी को अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में मुजफ्फरपुर के शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा भेज दिया गया था। जेल में जियाकी ने सात जून को आत्महत्या का प्रयास किया था। बंदियों से पूछताछ में पता चला था कि चीनी नागरिक ने अपने चश्मे के शीशे को तोड़कर खुद को जख्मी करने का प्रयास किया था, जिससे वह शौचालय में ही बेहोश हो गया।

# यूपी कैबिनेट में तबादला नीति को मिली मंजूरी

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में तबादला नीति 2024-25 को मंजूरी दे दी गई है। लोकसभा चुनाव के बाद योगी कैबिनेट की पहली बैठक हुई। इसमें नई तबादला नीति समेत 41 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। इसमें से 26 प्रस्ताव जल संसाधन मंत्रालय के हैं। सरकार की यह पहली पेपरलेस कैबिनेट बैठक रही। सभी मंत्री टैबलेट के साथ पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि सरकार ने नई तबादला नीति को मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत 30 जून तक ट्रांसफर हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसे कर्मचारी जो जिले में 3 साल, मंडल में 7 साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं, उन्हें ट्रांसफर की कैटेगरी में शामिल किया जाएगा। समूह क और ख के 20 प्रतिशत



सरकार की यह पहली पेपरलेस कैबिनेट बैठक रही

अधिकारियों का तबादला हो सकता है। समूह ग और घ के 10 फीसद कर्मचारियों का ट्रांसफर विभाग अध्यक्ष करेंगे। इससे ज्यादा संख्या में ट्रांसफर के लिए मंत्री की अनुमति अनिवार्य होगी। पहले उन कर्मचारियों का तबादला किया जाएगा, जो लंबे समय से एक ही जगह पर तैनात हैं। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र की 50 में से 26 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल लागत 10858 करोड़ रुपये है। इसमें 1394 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। दो महीने में सभी परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि निजी विश्वविद्यालय को प्रमोट करना और हर मंडल में एक सरकारी विश्वविद्यालय को मंजूरी दी गई है। विश्वविद्यालय के नाम से राज्य हटा कर नाम छोटा कर दिया गया है। मुरादाबाद विवि का नाम गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय किया गया है। बरेली में हरित गाजियाबाद और फ्यूचर विश्वविद्यालय खोले जाएंगे। इसके अलावा यूपी के सभी ग और घ यानि ग्रुप सी और डी कर्मियों के तबादले मानव संपदा पोर्टल के जरिए होंगे। वेतन वृद्धि से एक दिन पहले रिटायर होने वाले राज्य कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा।

## पवन कल्याण चुने गए जन सेना विधायक दल के नेता

**एजेंसी**

**अमरावती।** एक्टिंग की दुनिया से राजनीति में आए जन सेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण को मंगलवार को सर्वसम्मति से पार्टी के विधायक दल का नेता चुना गया। मंगलगिरी में पार्टी मुख्यालय में नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता के तौर पर पवन कल्याण के नाम पर सहमति जताई गई। पार्टी के राजनीतिक मामलों की समिति के अध्यक्ष और तेनाली विधायक नादेंदला मनोहर ने नेता के रूप में पवन कल्याण के नाम का प्रस्ताव रखा और इसे सभी अन्य विधायकों ने सर्वसम्मति से अपना समर्थन दिया। बैठक में जन सेना के सभी 22 नवनिर्वाचित विधायक शामिल हुए। जन सेना ने टीडीपी और भाजपा के साथ गठबंधन में सभी 22 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की। पार्टी अध्यक्ष और अभिनेता पवन कल्याण 70,354



जन सेना ने टीडीपी और भाजपा के साथ गठबंधन में सभी 22 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की

वोटों के अंतर से काकीनाडा जिले के पिथापुरम निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए हैं। उनकी यह पहली चुनावी जीत थी। इससे पहले, 2019 में दोनों विधानसभा सीटों पर उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार जन सेना ने दोनों लोकसभा सीटों पर भी जीत हासिल की।

टीडीपी-जन सेना-बीजेपी गठबंधन ने 175 सदस्यीय विधानसभा सीटों में 164 सीटें पर अपना कब्जा जमाया है।

## केंद्रीय कैबिनेट में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं: तेजस्वी

**एजेंसी**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल में किसी भी मुस्लिम सांसद को शामिल नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सबको साथ लेकर चलना चाहिए, चाहे उनकी धर्म या जाति कुछ भी हो। सभी का सम्मान होना चाहिए। पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि इन लोगों को उन लोगों से घृणा तो है ही। सब लोग यह बात को जानते हैं।

सबको साथ लेकर चलना चाहिए, चाहे धर्म या जाति कुछ भी हो। सभी का सम्मान होना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एक बात तो तय हो गई है कि इस बार पीएम मोदी बहुत कमजोर प्रधानमंत्री साबित होंगे। देश की जनता ने इस बार भाजपा को नकार दिया है और 240 सीट पर



देश की जनता ने इस बार भाजपा को नकार दिया है और 240 सीट पर ले आई।

ले आई। जनता ने एक संदेश दिया है। हम विपक्ष के तौर पर मजबूती से उभरे हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष में ज्यादा सीटों का अंतर नहीं है। लालू यादव के जन्मदिन पर उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश के लोग बधाई दे रहे हैं। हम लोग यही चाहते हैं कि आगे भी वे ऐसे ही जनता की सेवा में लगे रहें। उन्हें सभी लोग गरीबों का मसीहा मानते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष:** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृषभ:** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**कर्क:** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**सिंह:** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें।

**कन्या:** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें।

**तुला:** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक:** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**धनु:** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर:** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कुम्भ:** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

## जम्मू आतंकवादी हमले में मारे गये चार लोगों के शव जयपुर पहुंचे



मुरलीपुरा थाने के बाहर पूजा और लिवांश के परिवार के लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

**एजेंसी**


**जयपुर।** जम्मू में बस पर आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले जयपुर जिले के चार लोगों के शव मंगलवार को यहां लाये गये। यहां से शवों को चोमू और मुरलीपुरा में उनके पैतृक स्थानों पर भेजा जाएगा। इस बीच, पीड़ित परिवारों के लिए सरकारी नौकरी और मुआवजे की मांग करते हुए हजारों लोग यहां रेलवे स्टेशन पर, और चोमू तथा मुरलीपुरा में एकत्र हुए। ट्रेन के जयपुर पहुंचने से पहले ही कई राजनीतिक कार्यकर्ता भी रेलवे प्लेटफॉर्म पर मौजूद थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने भाजपा नेता भूपेंद्र सैनी के खिलाफ नारेबाजी भी की। मुरलीपुरा थाने के बाहर पूजा और लिवांश के परिवार के लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि वे शव तभी स्वीकार करेंगे जब उन्हें न्याय मिलेगा क्योंकि प्रशासन ने अब तक सिर्फ आश्वासन दिया है।

आतंकवादी हमले में घायल पवन के चाचा सत्यनारायण ने कहा, हमारी मांगे ऑन द स्पॉट पूरी की जानी चाहिये। कल हम मुख्यमंत्री आवास पर गये थे, और एसडीएम तथा कलेक्टर से मिले थे।

# जमुई में भीषण सड़क हादसा, 3 युवकों की मौत

**एजेंसी**

**जमुई।** बिहार के जमुई में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे ईंट के ढेर से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना चकाई-देवघर मुख्य मार्ग के अंडीडीह मोड़ के पास घटी है। हादसे में कार के परखच्चे भी उड़ गए। घटना के बाद चंद्रमंडी पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। बताया जा रहा है कि देर रात को तीनों युवक पटना से देवघर जा रहे थे। इसी दौरान अंडीडीह गांव के पास कार चला रहे युवक को नींद आ गई। जिससे तेज रफ्तार कार सड़क किनारे रखे ईंट से टकराते हुए पलट गई। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि युवक तेज रफ्तार से कार चलते हुए देवघर की तरफ जा रहे थे। सड़क किनारे ईंट रखी हुई थी, उससे टक्कर गई और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना ग्रामीणों ने चंद्रमंडी थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जेसीबी और गैस कटर की मदद से गाड़ी में फंसे तीन युवकों को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें स्थानीय रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान गोरेलाल यादव, अमन कुमार और संतोष कुमार यादव के रूप में हुई है।



## हत्या के मामले में कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन हिरासत में

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक पुलिस ने 33 साल के एक व्यक्ति की हत्या के मामले में कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन और 10 अन्य को हिरासत में ले लिया। कथित तौर पर दर्शन की दूसरी पत्नी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के कारण उसकी हत्या हुई थी। पुलिस ने आज मैसूरु स्थित उसके फार्महाउस से दर्शन और उसके साथियों को गिरफ्तार किया।

## भूख हड़ताल के चौथे दिन जरांगे-पाटिल की हालत बिगड़ी

### कहा- नहीं कराएंगे इलाज न लेंगे दवा

**जालना।** मराठा आरक्षण के लिए अपने पांचवें अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आंदोलन के चौथे दिन मंगलवार को शिवबा संगठन के प्रमुख मनोज जरांगे और पाटिल की तबीयत बिगड़ गई, लेकिन उन्होंने इलाज कराने से इनकार कर दिया। एक सहयोगी ने कहा कि एक मेडिकल टीम ने जरांगे-पाटिल की जांच की और पाया कि वह कमजोरी, लो ब्लड प्रेशर, कम वजन और दूसरी बीमारियों से पीड़ित हैं। हालांकि, उन्होंने कोई भी दवा लेने से इनकार कर दिया है और कहा कि मराठा आरक्षण पर सरकार द्वारा मांगें माने जाने तक भूख हड़ताल जारी रहेगी।

## मुख्यमंत्री के रूप में चंद्रबाबू का शपथ ग्रहण समारोह आज

**अमरावती।** विजयवाड़ा के गणनावरम हवाई अड्डे के निकट शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। चंद्रबाबू नायडू बुधवार सुबह 11.27 बजे केसरपल्ली के आईटी टॉवर में सीएम पद की शपथ लेंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कई एनडीए गठबंधन के नेता उपस्थित रहेंगे।

**सौगात** स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए भी सरकार ने लिया बड़ा फैसला

# उपभोक्ताओं को 24,000 करोड़ की बिजली सब्सिडी

कैबिनेट की बैठक में 24,420 करोड़ की बिजली सब्सिडी मंजूर की गई।

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बाद मोहन यादव सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। राज्य के किसानों और आम उपभोक्ताओं को बिजली में दी जाने वाली 24,000 करोड़ की सब्सिडी मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश सरकार ने किसानों और आम उपभोक्ताओं के हित में बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट की बैठक में 24,420 करोड़ की बिजली



सब्सिडी मंजूर की गई। घरेलू उपभोक्ताओं को 6,000 करोड़ की सब्सिडी दी गई है। किसानों को 13,000 करोड़ और अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों के लिए 5,000 करोड़ की सब्सिडी मंजूर की गई है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए भी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। स्वास्थ्य विभाग में जो पदोन्नति से पद भरे जाने हैं, उनके लिए अगर योग्यताधारी नहीं मिल रहे हैं तो उन पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। कुल 1,214 पद हैं, इनमें से 50 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में नए पदों का सृजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य मानक के अनुसार 46,491 नए पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है। इसमें तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के साथ पैरामेडिकल स्टाफ शामिल हैं। इसी तरह पैरामेडिकल स्टाफ के पदों का सृजन कर स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि राज्य में तीन विश्वविद्यालय, अवंती बाई विश्वविद्यालय, टंट्या भील विश्वविद्यालय और तात्या टोपे विश्वविद्यालय, स्थापित किए गए हैं। तीनों विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा विभाग से जोड़कर उनकी जरुरतों की पूर्ति करने का निर्देश दिया गया है। भोपाल के गैस हादसे के पीड़ितों के अस्पताल में प्रतिनियुक्ति पर भी चिकित्सक भेजे जा सकेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार ने गोवंश संरक्षण को लेकर भी बड़ा फैसला लिया है। इसके मुताबिक इस वर्ष 'गोवंश रक्षा वर्ष' मनाया जाएगा। यह गुड़ी पड़वा से शुरू होकर अगले वर्ष तक मनेगा। इस दौरान गौशालाओं को उन्नत किया जाएगा। सड़क पर घूमने वाले गोवंश को गौशाला में पहुंचाया जाएगा।

## एक नजर

### चेन्नईयिन एफसी ने कोलंबियाई स्ट्राइकर विल्मार जॉर्डन गिल के साथ किया करार

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने 2024-25 सीजन से पहले मंगलवार को कोलंबियाई स्ट्राइकर विल्मर जॉर्डन गिल के साथ करार किया है। विल्मर ने 2022 में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के साथ आईएसएल में पदार्पण किया। इसके बाद उन्होंने अगले सीजन में आईएसएल में पदार्पण करने वाले पंजाब एफसी के साथ अपना शानदार सफर जारी रखा, जिसमें उन्होंने 15 मैचों में आठ गोल किए। दो बार के आईएसएल विजेता चेन्नईयिन में शामिल होने पर जॉर्डन ने कहा, ₹मैं इस बेहतरीन क्लब और टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं और मुझे दिए गए इस शानदार अवसर के लिए निर्देशकों और कोच का बहुत आभारी हूं। मैंने हमेशा चेन्नई में खेलने का सपना देखा है और अब मुझे यह खूबसूरत मौका मिला है। बहुत मेहनत, विनम्रता और त्याग के साथ, हम अपने लिए निर्धारित सभी उद्देश्यों को पूरा कर सकते हैं और खिताब जीत सकते हैं।

### कनाडा के खिलाफ पाकिस्तान को हर हाल में जीतना होगा मैच

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 के 22वें मैच में मंगलवार को पाकिस्तान और कनाडा के बीच टक्कर होगी। टूनामेंट में बने रहने और सुपर-8 में पहुंचने के लिए पाकिस्तान को हर हाल में यह मैच जीतना होगा। पाकिस्तान का अब सुपर-8 में क्वालीफाई करना लोहे के चने चबाने जैसा है। टूनामेंट की शुरूआत में यूएसए और फिर भारत से हारने के बाद अब बाबर सेना पर बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रुप-ए में पाकिस्तान पहले दो मैचों में दो हार के साथ चौथे स्थान पर है। यूएसए ने टूनामेंट में अब तक दमदार प्रदर्शन किया है और ग्रुप-ए में भारत के बाद दूसरे नंबर पर है। वहीं, कनाडा तीसरे नंबर पर है। बड़े-बड़े दावे करने वाली पाकिस्तानी टीम को अब अगले राउंड में प्रवेश करने के लिए न सिर्फ.खुद के खेल में सुधार करने की आवश्यकता है, बल्कि अब उसे अपने ग्रुप में अन्य मैचों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा।

# एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत दिसंबर 2025 में होने वाले पहले जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने मंगलवार को भारत को जूनियर हॉकी विश्व कप के मेजबान के रूप में नामित किया। यह पहली बार होगा जब एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी।

हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति के अनुसार, एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा, अधिक संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अधिक अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है। हमने इस साल ओमान में एफआईएच हॉकी विश्व कप में देखा कि कैसे अधिक विविधता हमारे आयोजनों में एक बड़ा अतिरिक्त मूल्य लाती है। इकराम ने कहा, इसलिए, मुझे बहुत खुशी है कि हमने एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ़ा दी है और मैं अगले साल हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली इन 24 युवा टीमों को देखने के लिए उत्सुक हूं! इस स्तर पर, मैं एक और शानदार आयोजन आयोजित करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं!



**अधिक संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है : अध्यक्ष तैयब इकराम**

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हमें खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी के लिए भारत को चुना है। हम इस टूर्नामेंट की जिम्मेदारी हमें सौंपने के लिए एफआईएच और एफआईएच अध्यक्ष दातो तैयब इकराम को अपना हार्दिक धन्यवाद देना चाहते हैं। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में भारत के बढ़ते महत्व को दशार्ता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए खेल को विकसित करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हम भारत के समृद्ध हॉकी इतिहास को साझा करने और युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, और हम एफआईएच के हम पर भरोसे की सराहना करते हैं।


# एमएमए की दुनिया में भारतीय पहलवान संग्राम सिंह की एंट्री

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय कुश्ती जगत में एक बड़ा कदम उठाते हुए, पूर्व कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन संग्राम सिंह एमएमए की दुनिया में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

इस कदम के साथ, वह एमएमए को अपनाने वाले पहले पुरुष पहलवान और एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं।

भारत के लिए कुश्ती में लगभग 25 वर्षों तक अपने शानदार करियर के साथ, संग्राम एक एमएमए फाइटर के रूप में अपने नए कदम के लिए तैयार हैं, एक ऐसी शैली जिसमें मूल रूप से पहलवानों के पास मौजूद कौशल शामिल है। संग्राम ने एमएमए फाइटर के रूप में अपने बदलाव पर कहा, ₹एमएमए भविष्य है, पिछले कुछ सालों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता अपने आप में ही सब कुछ बयां करती है। भारत में इस खेल को सबसे ज्यादा दर्शक मिलते हैं और मुझे उम्मीद है कि इस खेल के प्रशंसक भी इसी तरह मेरा समर्थन करेंगे। कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है, जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है और मुझे उम्मीद है कि वे मेरे नए सफर में भी ऐसा ही करते रहेंगे। एमएमए विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे



लिए सम्मान की बात है और उम्मीद है कि मैं अगली पीढ़ी के एथलीटों को प्रेरित करूंगा जो एमएमए फाइटर के रूप में अपना करियर बनाना चाहते हैं। संग्राम ने हाल ही में दुबई प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप में 6 साल के अंतराल के बाद वापसी कर कुश्ती जगत में हलचल मचा दी और उनका लक्ष्य एमएमए के साथ-साथ अपने कुश्ती करियर को जारी रखना है। संग्राम का कमबैक सफल रहा। उन्होंने पाकिस्तान के मुहम्मद सईद को लगभग एकतरफा मुकाबले में हराकर मैट पर अपनी क्षमता साबित की। इस सफल मुकाबले के बाद एमएमए में कदम रखना स्वाभाविक था क्योंकि एमएमए भविष्य की ओर अगला कदम है और इसकी लोकप्रियता दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है।

# एमसीए अध्यक्ष अमोल काले का भारत-पाक मैच के बाद न्यूयॉर्क में निधन



**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमोल काले का सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से अमेरिका में निधन हो गया। वह रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए टी20 विश्व कप मुकाबला देखने के लिए एमसीए के दो अन्य अधिकारियों के साथ स्टेडियम पहुंचे थे। न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत बनाम पाकिस्तान मैच देखने के बाद काले को दिल का दौरा पड़ा। वो एमसीए सचिव अजिंक्य नाइक और एपेक्स काउंसिल के सदस्य सूरज समत के साथ न्यूयॉर्क में थे। राज्य के एक प्रमुख बिजनेसमैन अनमोल काले ने अक्टूबर 2022 में एमसीए अध्यक्ष का पद संभाला और 19 महीने तक इस पद पर रहे। उन्हें महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का करीबी माना जाता है। काले नागपुर के रहने वाले हैं, जो विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन का मुख्यालय है। काले एक दशक से अधिक समय से मुंबई में बसे हुए थे और उन्होंने कई व्यवसायों में निवेश किया है। नागपुर विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कर चुके काले जेके सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और अर्पिता एंटरप्राइजेज के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी थे। एमसीए अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दो साल अभी पूरे नहीं किए हैं, मुंबई के क्रिकेटरों को बीसीसीआई द्वारा दी जाने वाली समान मैच फीस देने के एमसीए के फैसले के लिए सभी ने काले की प्रशंसा की।

# फुटबॉल पॉवर नेशनल चैंपियनशिप के बालक-बालिका वर्गों में झारखंड में बना चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सात से 10 जून तक आयोजित प्रथम फुटबॉल पावर नेशनल चैंपियनशिप (अंडर 14-17 बालक एवं बालिका) दोनों वर्गों में झारखंड की टीम चैंपियन बनी। झारखंड 14 बालक टीम ने सभी लीग मैच जीत कर सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश को 5-0 से हराया।

टीम ने फाइनल में पश्चिम बंगाल को 3-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फुटबॉल पावर एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव शिव कुमार महतो के मुताबिक, 14 बालिका वर्ग में टीम ने सभी लीग मैच जीतकर सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश को 2-0 तथा फाइनल में उत्तर प्रदेश को 1-0 से परास्त कर चैंपियन बनी। 17 बालक वर्ग में टीम ने अपने सभी लीग मैच जीतने के बाद सेमीफाइनल में दिल्ली को 3-1 से हराया और फाइनल में पश्चिम बंगाल को 2-1 मात देकर चैंपियन बनी। 17 बालिका वर्ग में भी टीम ने अपनी सभी लीग मैच जितने के बाद सेमीफाइनल में बिहार को 3-1 से हराकर फाइनल प्रवेश किया और अंत में मध्य प्रदेश को 6-0 से परास्त कर टीम चैंपियन बनी।

14 बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का खिताब अंशु उरांव को मिला। बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोल स्ट्राइकर रीता कुमारी को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। 17 बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का अवार्ड आकाश कुमार साहू को दिया गया। बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोल स्ट्राइकर अवार्ड आरती कुमारी को देकर सम्मानित किया गया। टीमों को चैंपियन बनाने में कोच अमित कुमार और सुमन होरो, 17 बालक टीम के कोच प्रिंस कुमार साहू तथा बालिका टीम की कोच करण कांसी का विशेष योगदान रहा।

# आप देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं सचिन ने पीएम मोदी को दी बधाई



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को एक बार फिर से भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। यह उनका बतौर प्रधानमंत्री तीसरा कार्यकाल होगा। इस मौके पर गॉड ऑफ क्रिकेट सचिन तेंदुलकर ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी। भाजपा के एनडीए को बहुमत मिलने पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता के रूप में तीसरी बार चुने जाने पर बधाई। भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की आपकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं। 10 सालों तक देश की सत्ता संभालने वाले पीएम मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में फिर से देश की कमान संभाल ली है। 9 जून की शाम वो तीसरी बार शपथ ग्रहण कर प्रधानमंत्री बने। वे जवाहरलाल नेहरू के बाद ऐसा करने वाले दूसरे पीएम बन गए हैं। इस खास मौके पर सोशल मीडिया पर पीएम मोदी को ढेर सारी बधाइयां मिली हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में बीजेपी अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा हासिल करने में नाकाम रही। अपनी सरकार बनाने के लिए बीजेपी को अपने दो सहयोगी टीडीपी और जनता दल (यूनाइटेड) पर निर्भर रहना पड़ा।

# पेरिस ओलंपिक टेनिस : रोहन बोपन्ना, सुमित नागल ने भारत के लिए कोटा हासिल किया

**नई दिल्ली।** टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और सुमित नागल ने क्रमशः युगल और एकल प्रतियोगिता में एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी) रैंकिंग के जरिए भारत के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा हासिल कर लिया है। टेनिस के लिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन विंडो सोमवार को समाप्त हो गई और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना ने आराम से अपना कोटा हासिल कर लिया, जो पिछले साल नवंबर से युगल प्रतियोगिता के शीर्ष 10 में शामिल हैं। पिछले हफ्ते एकल रैंकिंग में 18 स्थानों की छलांग लगाने के बाद नागल ने भी कोटा हासिल किया। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, रविवार को जर्मनी के हीलब्रॉन नेकरकप में एटीपी चैलेंजर खिताब जीतने के बाद नागल 95वें स्थान से करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 77वें स्थान पर पहुंच गए। पेरिस 2024 में पुरुष और महिला एकल स्पर्धा में 64-64 खिलाड़ी भाग लेंगे। 10 जून को जारी एटीपी रैंकिंग के अनुसार पुरुष एकल स्पर्धा के शीर्ष 56 खिलाड़ियों को अपने कोटा मिल गए हैं। प्रत्येक देश अधिकतम चार कोटा हासिल कर सकता है। फ्रांस के पास मेजबान देश के तौर पर एक कोटा स्थान आरक्षित था, ताकि अगर उनका कोई भी खिलाड़ी रैंकिंग के जरिए ओलंपिक में सीधे स्थान हासिल न कर पाए तो उसे यह स्थान मिल सके। लेकिन चूंकि फ्रांस ने अपनी रैंकिंग के जरिए सभी चार पुरुष एकल कोटा हासिल कर लिए थे, इसलिए मेजबान देश के कोटे को पूल में वापस जोड़ दिया गया और कट-ऑफ 56 से बढ़कर 57 खिलाड़ी हो गया। नागल हालांकि रैंकिंग में 77वें स्थान पर हैं, लेकिन विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाले पात्र खिलाड़ियों में वह अंतिम स्थान पर हैं।

**■पेरिस 2024 में पुरुष और महिला एकल स्पर्धा में 64-64 खिलाड़ी भाग लेंगे**





# आईओएस में चैटजीपीटी जुड़ा तो हमारी कंपनियों में बैन हो जाएगा आईफोन : मस्क

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने मंगलवार को कहा कि अगर एप्पल आईओएस में चैटजीपीटी को जोड़ता है तो वह अपनी सभी कंपनियों में आईफोन के साथ कंपनी के अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स को बैन कर देंगे।

एप्पल की ओर से सोमवार को आईओएस 18 पेश किया गया। इसकी मदद से यूजर्स सीरी और ओपन एआई से सवाल पूछ सकेंगे। मस्क ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि अगर एप्पल ओपन एआई को ओएस स्तर पर जोड़ता है तो एप्पल के उपकरणों को मेरी कंपनियों में बैन कर दिया जाएगा। हम सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं स्वीकार करेंगे। मस्क ने आगे कहा कि हम कंपनी के गेट पर आगुतंकों की जांच करेंगे कि उनके पास एप्पल के उपकरण हैं या नहीं। अगर होंगे तो उन्हें वहीं स्टोर कर लिया जाएगा। कुछ एक्स यूजर्स ने कहा कि अब एक्स स्मार्टफोन लाने का समय आ गया है। हालांकि, एप्पल और ओपन एआई दोनों ने स्पष्टीकरण दिया है कि चैटजीपीटी को कोई सवाल, फोटो और दस्तावेज जाने से पहले यूजर्स की अनुमति ली जाएगी।



एक यूजर जिसने लिखा था कि ओपनएआई आईफोन के डेटा को एक्सेस नहीं करेगा। इस पर मस्क ने कहा कि फिर इसे एक ऐप के रूप में छोड़ दें। यह एक बकवास है। एक्स पर यूट्यूबर मार्केस ब्राउनली की एक पोस्ट का जवाब देते हुए मस्क ने लिखा कि एप्पल की ओर से 'आपकी निजता की सुरक्षा' जैसे शब्दों का उपयोग किया गया है। वहीं, आपके डेटा को किसी थर्ड पार्टी एआई को दिया जा रहा है। जिसे वे नहीं समझते हैं और स्वयं नहीं बना सकते हैं। ऐसे निजता की रक्षा बिल्कुल भी नहीं की जा सकती है। 'डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी 2024' इंवेट में ऐपल की ओर से चैटजीपीटी को आईओएस 18, आईपैडओएस 18 और मैकओएस सिकोइया के साथ जोड़ा गया है। इसके बाद जब जरूरत होगी, तब सीरी चैटजीपीटी की मदद ले सकता है। सीरी द्वारा चैटजीपीटी को कोई सवाल भेजने से पहले यूजर्स से पूछा जाएगा। इसके बाद सीरी सीधे जवाब प्रस्तुत करेगा।

कंपनी ने इसके अतिरिक्त कहा कि चैटजीपीटी आगे चलकर लिखने के टूल के रूप में आएगा, जिसकी मदद से यूजर्स कंटेंट जनरेट कर सकते हैं।

### नवीकरणीय ऊर्जा पहल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि सरकार देश की बढ़ती ऊर्जा मांगों और पर्यावरणीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा पहल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के महत्व पर जोर दिया और इस क्षेत्र में विकास की व्यापक संभावनाओं को रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री का कहना है कि ईंधन और ऊर्जा के मामले में 2047 तक आत्मनिर्भरता हासिल करना हमारा लक्ष्य है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम भारत के लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्राकृतिक खेती को मजबूत करने के लिए सुधार किए जाएंगे। इस अवसर पर मौजूद संबंधित मंत्रालयों के निवर्तमान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और श्रीपद नाइक ने प्रह्लाद जोशी को कार्यभार सौंपा।

# प्याज की कीमत में भारी उछाल आलू भी पीछे-पीछे जाने लगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम चुनाव संपन्न हो गए। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार केंद्र में बन गई है। इसके साथ ही प्याज बेलगाम हो गया है। दिल्ली एनसीआर के बाजार में पिछले एक सप्ताह के दौरान प्याज के दाम में 50 फीसदी की बढ़ोतरी हो गई है। इस समय भीषण गर्मी की वजह से हरी सब्जियों के भाव वैसे ही बढ़े हुए हैं। इस बीच प्याज के साथ-साथ आलू का दाम भी बढ़ रहा है।

**प्याज हुआ 50 फीसदी महंगा**

दिल्ली के बाजारों में एक सप्ताह के दौरान ही प्याज 50 फीसदी महंगा हो गया है। पिछले रविवार यानी दो जून 2024 को रिटेल बाजार में प्याज की कीमत 25 से 30 रुपये किलो थी। नौ जून को इसी बाजार में प्याज की कीमत 35 से 40 रुपये किलो हो गई थी। आज यानी 11 जून को बढ़िया प्याज की कीमत 50 रुपये किलो पहुंच गई। सब्जी विक्रेता बिजय कुमार बताते हैं कि आजादपुर मंडी में ही प्याज की कीमत 40 रुपये किलो हो गई है। यह खुदरा बाजार मे तो कम से कम 50 रुपये किलो तो बिकेगा ही।

**आलू भी हो गया महंगा**

आज भी इस समय महंगा हो गया है। दरअसल, अभी गर्मी की वजह से हरी सब्जियों की कीमत आसमान में पहुंच गई है। इस वजह से कम आमदनी वाले लोग आलू पर शिफ्ट हो गए। तभी तो बाजार में साधारण आलू की कीमत 35 से 40 रुपये किलो तक पहुंच गई है। आप यदि चिप्सोना या पहाड़ी आलू ढूढेंगे तो वह 45 रुपये किलो मिलेगा।

# गठबंधन सरकार में भी जारी रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी : रिधम देसाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मॉर्गन स्टेनली इंडिया के प्रबंधक निदेशक (एमडी) रिधम देसाई ने कहा है कि गठबंधन सरकार बनने के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज वृद्धि दर जारी रहने की उम्मीद है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, देसाई ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि गठबंधन सरकार के सामने किसी प्रकार की कोई बाधा आएगी। 2014 और 2019 को छोड़ दिया जाए तो भारत में गठबंधन सरकारें 1989 से चली आ रही हैं। मौजूदा सरकार अगले पांच वर्ष तक चलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे नहीं लगता कि सरकार की नीति में किसी भी प्रकार का बदलाव होगा। सरकार का ध्यान बड़े स्तर पर स्थिरता लाना और आपूर्ति श्रृंखला को बनाने पर होना चाहिए। ऐसा करने से भारत की वृद्धि दर 7 से 8 प्रतिशत से बीच रहेगी और महंगाई भी काबू में रहेगी। देसाई ने घरेलू निवेशकों के पैसा लगाने पर कहा कि बाजार में दो बड़े खिलाड़ी हैं। पहला - घरेलू निवेशक और दूसरा- विदेशी निवेशक। फिलहाल घरेलू निवेशक खरीदारी कर रहे हैं। ऐसे में विदेशी निवेशकों को मौका नहीं मिल पा रहा है। जैसी ही कॉरपोरेट पैसा जुटाना शुरू करेंगे तो विदेशी निवेशकों को बाजार में एंट्री मिल सकती है। हमें लगता है कि आने वाले छह महीने में विदेशी निवेशकों की खरीदारी लौट आएगी। बता दें, पिछले कुछ वर्षों में घरेलू निवेशकों ने बाजार में बड़ी मात्रा में निवेश किया है। अकेले मई में म्यूचुअल फंड्स में 34,697 करोड़ रुपये का निवेश आया है। वहीं, एसआईपी का आंकड़ा 20,904 करोड़ पर पहुंच गया है।




### इस वर्ष की पहली तिमाही में दोगुना हुआ ओपन एक्सेस सोलर इंस्टालेशन

**नई दिल्ली।** भारत में तेजी से रिन्यूएबल एनर्जी की क्षमता का विस्तार हो रहा है। इस कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में देश में ओपन एक्सेस सोलर इंस्टॉलेशन बढ़कर 1.8 गीगावाट हो गया है। अमेरिका की रिसर्च फर्म मेरकॉम कैपिटल के मुताबिक, पहली तिमाही में ओपन एक्सेस सोलर इंस्टॉलेशन बढ़कर दोगुना हो गया है। यह 2023 की चौथी तिमाही में 909.3 मेगावाट हो गया है।'मेरकॉम इंडिया सोलर ओपन एक्सेस मार्केट' नाम से जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में कुल सोलर इंस्टॉलेशन मार्च 2024 तक बढ़कर 14.3 गीगावाट हो गया है।मेरीकॉम इंडिया के प्रबंधक निदेशक (एमडी) प्रिया संजय की ओर से कहा गया कि ग्रीन एनर्जी में ओपन एक्सेस सोलर की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसकी वजह बचत और पावर मिक्स में रिन्यूएबल एनर्जी शामिल करना है। रिपोर्ट में बताया गया कि पहली तिमाही में राजस्थान ने 28 प्रतिशत के साथ ओपन एक्सेस सोलर इंस्टालेशन में वृद्धि देखी। इसके बाद आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में क्रमशः 21 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

### आरबीआई ने एडलविस एआरसी के सीईओ पद पर राजकुमार बंसल की पुनर्नियुक्ति को किया खारिज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एडलविस एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (एआरसी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद पर राजकुमार बंसल की दोबारा नियुक्ति को खारिज कर दिया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को एक बयान में यह जानकारी दी। हालांकि उसने आरबीआई के इस कदम के पीछे के कारण के बारे में नहीं बताया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले केंद्रीय बैंक ने एडलविस एआरसी के किसी जोखिम में पड़ी परिसंपत्ति के अधिग्रहण पर रोक लगा दी थी। आरबीआई ने पिछले महीने एडलविस समूह की कंपनियों के संबंध में कई चिताओं का उल्लेख किया था जिनकी वजह एआरसी की सहयोगी कंपनी ईसीएल फाइनेंस के जोखिम में पड़ी संपत्तियों के एक्सपोजर को छिपाने वाले ट्रांजेक्शन थे। नियामक ने अपने नोटिफिकेशन में ईसीएल फाइनेंस के कुल एक्सपोजर से संबंधित स्ट्रक्र्ड ट्रांजेक्शनों पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि उसे पुनर्भुगतान और खातों को बंद करने की अनुमति दी गई थी। इसके अलावा वित्तीय नियामक ने दोनों कंपनियों को अपने एश्योरेंस फंक्शन में मजबूती लाने की हिदायत दी थी।



# योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं गति अंतिम व्यक्ति को मिले लाभ : सीएम




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित फ्लैगशिप योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के प्रगति की जानकारी लेने के साथ अधिकारियों को कई निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव की उपस्थिति में सभी जिलों के उपायुक्त से साफ तौर कहा कि योजनाओं में गति लाएं ताकि राज्य वासियों को इसका पूरा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की गति तेज करने में आपका अहम रोल है। ऐसे में सभी विभाग इस बात का विशेष ख्याल रखें कि योजनाएं तय समय सीमा में पूरी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्तियों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**▸ ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा**

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधे लगाने के साथ उसके रख- रखाव एवं संरक्षण की पूरी व्यवस्था हो । बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत इस वर्ष नवंबर के पहले तक एक लाख कूपों का निर्माण पूर्ण करें। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत अपूर्ण और लंबित आवासों का निर्माण कर जल्द से जल्द पूरा हो। जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडलों और उससे संबंधित महिलाओं को मोबिलाइजेशन कर विभिन्न योजनाओं में इंवॉल्व करें।

**▸ पंचायती राज विभाग की समीक्षा**

मुख्यमंत्री ने पंचायती राज विभाग की समीक्षा में 15वें वित्त आयोग से मिली राशि का इस्तेमाल और पंचायत सचिवालय की समीक्षा की। उन्होंने कहा कहा कि राज्य के सभी पंचायत सचिवालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं। बिजली, इंटरनेट, सोलर पैनल, कम्प्यूटर सेट एवं प्रज्ञा केंद्र स्थापित हो यह सुनिश्चित करें। राज्य के सभी पंचायतों में अपना पंचायत भवन होनी चाहिए। सभी पंचायत सचिवालयों तक पहुंच पथ हो यह भी सुनिश्चित करें। सभी पंचायत सचिवालय पूर्णतः क्रियाशील हो, यह सुनिश्चित करें । पंचायत सचिवालय में कार्यरत कर्मी बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाए, यह लागू करें। 15वें वित्त आयोग की राशि का व्यय शत प्रतिशत हो, इस निमित्त 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सभी योजनाओं का संचालन ससमय पूरा करें। 15वें वित्त आयोग के तहत होने वाले कार्यों में तेजी लाएं।

**▸ राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**

सीएम ने राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के तहत रेवेन्यू कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम की समीक्षा की।


मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, एलआरडीसी और अंचल अधिकारियों को नियमित कोर्ट करने का निर्देश दिया। साथ ही जमीन से जुड़े मामले का निष्पादन करने, सीएनटी-एसपीटी एक्ट के तहत दर्ज किए गए मुकदमों का निपटारा प्राथमिकता के साथ हो यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। एसटी कोर्ट द्वारा एसटी जमीन से संबंधित मामलों में जो डिग्री हुई है उसकी सूची पब्लिक डोमेन में प्रकाशित करने का निर्देश भी दिया।

## जेल में बंद झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम ने पद से दिया इस्तीफा

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाले में जेल में बंद झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री के नाम भेजे गये अपने त्यागपत्र में उन्होंने लिखा है, राज्य मंत्रिमंडल के मंत्री पद से मैं इस्तीफा दे रहा हूं। मंत्रिमंडल में एक सहयोगी के रूप में कार्य करने का जो अवसर मुझे दिया गया, उसके लिए मैं आभारी रहूंगा। आलमगीर आलम के पुत्र तनवीर आलम ने मंत्री के इस्तीफे की पुष्टि की है। तनवीर आलम ने बताया कि जेल मैन्युअल के हिसाब से जेल प्रशासन के माध्यम से उन्होंने अपना त्यागपत्र मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को भेजा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 7 जून को कांग्रेस कोटे के कैबिनेट मंत्री से सभी विभाग वापस ले लिए गए थे। उनके अधीन ग्रामीण विकास के अलावा संसदीय कार्य विभाग था। आलमगीर आलम पिछले चार सप्ताह से जेल में बंद हैं।

## एनआईए ने पीएलएफआई के दो उग्रवादियों के खिलाफ किया आरोप पत्र दाखिल

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को पीएलएफआई के दो उग्रवादियों के खिलाफ रांची स्थित एनआईए की विशेष अदालत में मंगलवार को आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोपितों की पहचान निवेश कुमार उर्फ निवेश पोद्दार और रमन कुमार सोनू उर्फ सोनू पंडित के रूप में की गई है। रांची स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल आरोप पत्र में इन आरोपितों के खिलाफ विभिन्न अपराधों के लिए आरोप पत्र दाखिल किया गया है। दोनों पर झारखंड में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन को पुनर्जीवित करने और उसे मजबूत करने के उद्देश्य से आतंक एवं जबरन वसूली की साजिश में शामिल रहने का भी आरोप है। एनआईए जांच के अनुसार, वे झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में विभिन्न कोयला व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, रेलवे ठेकेदारों, व्यापारियों आदि से जबरन वसूली के जरिए धन जुटाने में लगे हुए थे। साथ ही सुरक्षा बलों पर आतंकी हमले, हत्या, आगजनी और विस्फोटकों, आईईडी से हमले करने की साजिश में भी शामिल थे। साजिश पीएलएफआई केंद्रीय समिति के सदस्यों मार्टिन केरकट्टा और दुर्गा सिंह ने रची थी, जिन्होंने कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के साथ मिलकर पीएलएफआई सशस्त्र दस्ते की कमान संभाली थी।



## झारखंड हाई कोर्ट में विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले की सुनवाई 19 जून को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले में राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत करे। पूर्व में सरकार की ओर से दोनों रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत की गई थी। चूंकि, विधानसभा के पटल पर एसजे मुखोपाध्याय आयोग की ही रिपोर्ट केवल प्रस्तुत की गई थी। इसलिए सरकार की ओर से एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से प्रस्तुत की गई। महाधिवक्ता राजीव रंजन कोर्ट ने मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पक्ष रखा।कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जून निर्धारित की है। झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थी, जिसके कारण दूसरी आयोग बनानी पड़ी।

## गैंगस्टर अमन साहू के सहयोगी आकाश रॉय उर्फ मोनू की जमानत याचिका खारिज




**रांची।** गैंगस्टर अमन साहू का सहयोगी आकाश रॉय उर्फ मोनू की जमानत याचिका एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने मंगलवार को खारिज कर दी। आकाश की ओर से वरीय अधिवक्ता दीपक कुमार ने कोर्ट से जमानत की मांग की थी। उन्होंने दलील में कहा कि आकाश राय निर्दोष है और उसे झूठे मुकदमा में फंसा कर पिछले तीन साल से जेल में रखा गया है। वहीं दूसरी और एनआइए के वकील ने कोर्ट को बताया कि एनआइए की जांच में यह पाया गया है कि आकाश एक हार्ड कोर अपराधी है और गैंगस्टर अमन साहू का बेहद करीबी है। वह अमन साहू गैंग को हथियार उपलब्ध कराता था। शूटरों को पनाह देता था। अमन साहू गैंग के लिए पैसे की उगाही रंगदारी के माध्यम से करता था। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने आकाश राय को जमानत देने से इनकार कर दिया। आकाश के अधिवक्ता ने बताया कि बहुत जल्द एनआइए कोर्ट के इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी जायेगी। आकाश रॉय मोनू फिलहाल सिमडेगा मंडल कारा में बंद है। उस पर जानलेवा हमला, विध्वंसक कार्रवाई, सरकारी कामकाज में बाधा, रंगदारी मांगने के लिए मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज है।

## रंगदारी मांगने वाले दो युवकों को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

**दुमका।** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के गोलबंधा मोड़ से आगे पहाड़ी के पास दो युवक द्वारा एक ट्रेलर को रोककर चालक से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ट्रेलर के चालक बिहार के औरंगाबाद जिला के गंगटी गांव निवासी सुधीर सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश के रातलांग से पाइप लोड कर मसलिया थाना क्षेत्र के शिकारपुर में खाली कर बोकारो जा रहे थे। इसी दौरान गोलबंधा मोड़ के आगे सामने से आ रहे अपाची बाईक सवार युवकों ने रोकने का इशारा किया। युवकों में देवघर जिला के पालोजोरी थाना क्षेत्र के सगराजोर गांव निवासी लाल मोहम्मद अंसारी एवं मसलिया थाना क्षेत्र के सिगरोगादी निवासी अजय मुर्मू ने ट्रेलर को रुकने का इशारा किया। नहीं रुकने पर पीछा करते हुए से ओवरटेक कर पहाड़ी के पास रोक कहने लगा कि तुम बकरी मार कर भाग रहे हो। 20 हजार रुपया देने की बात कही। रुपये नहीं होने की बात कहने पर मारपीट करने लगे। इतने में पीछे से एक दूसरा ट्रेलर पहुंच कर चालक से मारपीट को रोका। काफी हो हल्ला होने पर आस-पास के ग्रामीण जुट गए। ग्रामीणों ने दोनों युवक को पकड़ कर गोलबंधा मोड़ लाकर बांध कर रखा। इसकी सूचना संबंधित गांव के चौकीदार ने मसलिया थाना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर उपरोक्त दोनो युवक सहित बाईक को थाना लायी है। टेलर चालक द्वारा लिखित दिए जाने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

## पृष्ठ एक का शेष

**राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए...**

वन, उत्पाद और भू- राजस्व से जुड़े मामलों की भी उच्च स्तरीय समीक्षा कर सीएम ने कई अहम निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि राज्य की बेहतर विधि व्यवस्था से प्रदेश की छवि बेहतर बनती है। इससे विकास को नया आयाम मिलता है। यह राज्य की दशा और दिशा भी तय करता है। यही वजह है कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करना सरकार की विशेष प्राथमिकता है। आप सभी के सहयोग से विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण संभव है।

**अवैध खनन से राज्य की छवि हुई धूमिल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध खनन की वजह से राज्य की छवि पर असर पड़ा है । अवैध खनन को रोकने के लिए सरकार काफी गंभीर है। विशेषकर कोयला, बालू, लौह अयस्क और पत्थर के अवैध खनन और उसके ट्रांसपोर्टिंग रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। इस उच्च स्तरीय बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, संबंधित विभागीय सचिव, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी जोनल आईजी, डीआईजी, सभी जिलों के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

**आदिवासी जमीन की दखल-दिहानी जल्द कराएं अधिकारी :** चम्पाई सोरेने ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अनुसूचित जनजाति से जुड़े जमीन के उन वादों में आदिवासियों को जमीन पर दखल दिलाना सुनिश्चित करें, जिसमें कोर्ट की डिग्री हो चुकी है। एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द सुनिश्चित करें। इसके तहत दर्ज मामले पेंडिंग नहीं रहे, इस पर विशेष ध्यान दें और इसकी मॉनिटरिंग पूरी गंभीरता के साथ हो। साथ ही कहा कि उग्रवादी घटनाओं में जो जवान शहीद हुए हैं, उनके आश्रितों को सरकार की ओर से दिए जाने वाले सभी लाभ यथा समय दिलाना सुनिश्चित करें। साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में पुलिस कैंप की वजह से लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसका पूरा ख्याल रखा जाए। चम्पाई ने कहा कि स्नेचिंग, चोरी, लूट और डकैती की घटनाओं पर हर हाल में लगाम लगनी चाहिए। शहरी इलाकों में गश्ती व्यवस्था को अधिक से अधिक सुदृढ़ करें। इसकी निरंतर निगरानी होते रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में विधि-व्यवस्था का बेहतर संधारण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं होगी। माफिया तथा पेशेवर अपराधियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध योजनाबद्ध तरीके से प्रभावी कानूनी कार्रवाई करें ताकि उनके मन में भय उत्पन्न हो।


### कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

**ई0 पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 29/2023-24

पत्रांक–332 लातेहार/दिनांक–10.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | चोरबोरवा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड–बालुमाथ, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 93.088 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 18.06.2024 (1.00 बजे अपराह्न से) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.07.2024 4.00 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 325938 (Water Resource) 24-25 (D)

### MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

**e-Procurement Notice**

Tender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/F2-01/2024-25
Date –10/06/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdam onDuberjobriNalaat vill –Kurse, Block – Lohardaga, Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 46.263 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Month |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 25/06/2024at05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 02/07/2024upto05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 02/07/2024 upto05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 04/07/2024at02:00 PM |
| 8. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 326023 Minor Irrigation(24-25)#D

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

### कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा।

**भारत का सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा विशेष लोक अदालत 2024 का आयोजन (दिनांक 29.07.2024 – 03.08.2024)**

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 जुलाई से 03 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आपसी सहमति तथा समझौते के आधार पर मामलों का निपटारा किया जाएगा। सभी सम्बन्धित पक्षकारों, अधिवक्ताओं तथा सरकारी–गैरसरकारी प्रतिष्ठानों से अनुरोध है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाये। विशेष लोक अदालत में सशरीर अथवा आभासी (Virtual) रूप से शामिल होकर समझौते की प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

**लोक अदालत के फायदे**

+ त्वरित समझौता और विवादों का निपटारा
+ अंतिम और निष्पादन योग्य पुरस्कार
+ विवादों का लागत प्रभावी समाधान
+ कोर्ट फी की संपूर्ण वापसी

आप अपने निकटतम राज्य/जिला/तालुका कानूनी सेवा प्राधिकरण से भी संपर्क कर सकते है।
जानकारी बेबसाइट https://www.sci.gov.in/ पर उपलब्ध है।

सम्पर्क हेतु विवरण
कार्यालय
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा।

PR 325918 (Law) 24-25 (D)

### उपायुक्त का कार्यालय (समाज कल्याण शाखा) लातेहार।
विकास भवन, प्रथम तल, समाहरणालय परिसर, लातेहार पिन–829206 झारखंड
Email ID- latehardswo@gmail.com ; dswolatehar@gmail.com

**आम सूचना**

सरकार के सचिव, महिला बाल विकास एवं समाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या–2033 दिनांक 05.09.2022, संशोधित संकल्प ज्ञापांक 344 दिनांक 18.02.2023 एवं संशोधित संकल्प ज्ञापांक 3217 दिनांक 20.12.2023 में निहित शर्तो एवं मार्ग निर्देश के आलोक में राज्य योजना अंतर्गत संचालित सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत् कक्षा 8 से 12वीं एवं 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने का प्रावधान है। जिसके तहत कक्षा–8वीं से 9वीं में 2500, कक्षा 10वीं, 11वीं तथा 12वीं में 5000 एवं 18 से 19 वर्ष की आयु की किशोरी बालिकाओं को एकमुश्त 20000 रूपया का भुगतान किया जाता है।

विभाग द्वारा संबंधित योजना से शतप्रतिशत योग्य लाभार्थियों (बालिकाओं) को आच्छादित करने तथा योजना में पारदर्शिता एवं सुगमता के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अहर्ताधारी बालिकाओं के अभिभावकों एवं आमजन हेतु एक ऑनलाईन पोर्टल https://savitribaipksy.jharkhand.gov.in की शुरूआत राज्य सरकार द्वारा की गई है, जिसका उपयोग कोई भी योग्य लाभार्थी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लाभ लेने हेतु आसानी से कर सकते है।

संबंधित पोर्टल पर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए आवेदन भरने से लेकर स्वीकृति एवं भुगतान की स्थिति का अनुश्रवण करने में अभिभावकों को आसानी होगी, तथा योजना के क्रियान्वयवन में पारदर्शिता रहेगी।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार।

PR 325950 (Social Welfare,Women and Child Development) 24-25 (D)

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार

**सर्वसाधारण को सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार द्वारा स्वीपर/सफाईकर्मी की सेवाएँ हेतू सूचित किया जाता है कि माननीय झारखण्ड विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची (झालसा) कें पत्रांक/895 दिनांक 18.3.2023 के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय, लातेहार के प्रांगण में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार कार्यालय एवं परिसर की साफ–सफाई एवं झाड़पोछ हेतू स्वीपर/सफाईकर्मी की सेवाएँ वाह्य स्त्रोत के माध्यम से कराये जाने के लिए ऐच्छिक संस्था से उपरोक्त कार्य हेतू निविदा आमंत्रित की जाती है। ऐच्छिक संस्था उपरोक्त कार्य हेतू न्युनतम राशि दर्शाते हुए दिनांक 30.06.2024 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मे जमा करें।

विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को व्यवहार न्यायालय परिसर, लातेहार में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के कार्यालय में उपस्थित होकर या दूरभाष सं0 8987736366 से सम्पर्क कर सकते हैं।

निवेदक
(शिवम चौरसिया)
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार

PR 325961 Law (24-25)_D

### MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

**e-Procurement Notice**

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-05/2024-25
Date – 10/06/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdam on Bhutaha Garha Nala at vill – Kasiyadih Block – Kisko , Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 47.568 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Month |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 25/06/2024 at 05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 02/07/2024 up to 05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 02/07/2024 up to 05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 04/07/2024 at 02:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders. gov. in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

PR.NO.326052 Minor Irrigation(24-25):D

### कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार।

**ई0 पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 24/2023-24

पत्रांक–327 लातेहार/दिनांक–10.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ग्राम–रैंची में चौराही नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड–बारियातु, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 66.088 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 18.06.2024 (1.00 बजे अपराह्न से) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.07.2024 4.00 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 325930 Water Resource(24-25)D

### Office of the Nagar Panchayat Chhatarpur
**E-Procurement Notice**
**NIT No:- NPC-NIT-16/2023-24 (2nd Call )**

| Sr. No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Chhatarpur town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: 2,38,31,558.00 Operation & Maintenance Cost: 1,26,22,393.00 Total: 3,64,53,951.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | 3,64,540/- (Rupees Three Lakhs Sixty-Four Thousand Five Hundred Forty Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 13-06-2024 |
| 7 | Document downloading start Date | 15-06-2024 |
| 11 | Bid submission end date | 11-07-2024 |
| 12 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 12-07-2024 |
| 13 | Bid opening date (online | 15-07-2024 |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Chhatarpur |
| 16 | Helpline Number | 9608834366, 7004032340, 9471125404 |

**Note: Only e-Tender will be accepted**
**Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)**

Executive Officer
Nagar Panchayat Chhatarpur

PR 325986 District(24-25)D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# मणिपुर हिंसा और चुनाव पर मोहन भागवत के बयान ने बढ़ाई हलचल

## चुनाव सहमति बनाने की प्रक्रिया, संसद में किसी भी प्रश्न के दोनों पहलू सामने आए इसलिए ऐसी व्यवस्था

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का बयान सामने आया है। गौर करने वाली बात यह है कि उन्होंने यह बयान ऐसे वक्त में दिया है, जब नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है और मंत्रालय का भी बंटवारा हो चुका है। ऐसे में उनके द्वारा दिए गए बयान की टाइमिंग ने सियासी हलचल तेज कर दी है। इसके अलावा, उन्होंने अपने बयान में जिन विषयों का चयन किया है, वो भी बड़े पैमाने पर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। दरअसल, मोहन भागवत ने कहा, चुनाव सहमति बनाने की प्रक्रिया है। सहचित्त संसद में किसी भी प्रश्न के दोनों पहलू सामने आए इसलिए ऐसी व्यवस्था है। चुनाव प्रचार में जिस प्रकार एक-दूसरे को लताड़ना, तकनीकी का दुरुपयोग, असत्य प्रसारित करना ठीक नहीं है। राजनीतिक जगत में मोहन भागवत के इस बयान को सत्तापक्ष के लिए नसीहत के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। इसके अलावा, वो विपक्ष पर भी जोर देते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि 'विरोधी' की जगह 'प्रतिपक्ष' होना चाहिए। उनके बयान से यह साफ जाहिर होता है कि वो ऐसा कहकर विपक्ष का पक्ष ले रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने मणिपुर हिंसा पर भी अपनी बात रखी। मणिपुर में अभी भी हिंसा की आग रह रहकर सुलग जा रही है। शांति स्थापित करने की दिशा में ढेर सारे कदम उठाए गए लेकिन अभी तक इस हिंसा के दबने और इन कदमों के कोई सकारात्मक नतीजे सामने नहीं आए हैं। उन्होंने मणिपुर हिंसा पर कहा, एक साल से मणिपुर शांति की राह देख रहा है। इससे पहले 10 साल शांत रहा। पुराना गन कल्चर समाप्त हो गया ऐसा लगा और अचानक जो कलह वहां पर उपजा या उपजाया गया, उसकी आग में अभी तक जल रहा है, त्राहि-त्राहि कर रहा है।



### संघ की पत्रिका 'ऑर्गेनाइजर' ने लिखा

## संघ भाजपा की क्षेत्रीय ताकत नहीं है

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव के नतीजे अति आत्मविश्वास वाले भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके कई नेताओं के लिए एक 'रियलिटी चेक' के रूप में सामने आए हैं, क्योंकि वे अपने बुलबुले में खुश थे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चमक का आनंद ले रहे थे, लेकिन सड़क पर आवाजें नहीं सुन रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी एक पत्रिका में यह बात कही गई है। 'ऑर्गेनाइजर पत्रिका' के ताजा अंक में छपे एक लेख में कहा गया कि आरएसएस भाजपा की क्षेत्रीय ताकत नहीं है। लेकिन पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अपने चुनावी काम में स्वयंसेवकों से सहयोग मांगने के लिए उनके पास नहीं पहुंचे। इसमें कहा गया है कि उन पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भी चुनाव परिणामों में स्पष्ट दिखाई दी, जिन्होंने नए दौर के सोशल मीडिया समर्थित सेल्फी कार्यकर्ताओं से मान्यता के बिना काम किया। आरएसएस की आजीवन सदस्य रहे रतन शारदा ने लेख में कहा, 2024 के आम चुनाव के नतीजे अति आत्मविश्वास से भरे भाजपा कार्यकर्ताओं और कई नेताओं के लिए रियलिटी चेक के रूप में आए हैं।

उन्हें इस बात का एहसास नहीं था कि प्रधानमंत्री मोदी का 400 से ज्यादा सीट का आह्वान उनके लिए एक लक्ष्य था और विपक्ष के लिए यह एक चुनौती थी। बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाई भाजपा। इन चुनावों में भाजपा 240 सीट के साथ बहुमत के आंकड़े को नहीं छू पाई। हालांकि, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने लोकसभा की 293 सीट के साथ जनादेश हासिल किया। वहीं, कांग्रेस को 99 सीट पर जीत मिली। जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने 234 सीट पर जीत दर्ज की। चुनाव के बाद जीतने वाले दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी कांग्रेस को समर्थन देने का वादा किया है। जिससे विपक्षी गठबंधन में सीट की सीट की संख्या 236 हो गई।

## इन मंत्रियों ने संभाला पदभार



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कार्यभार संभाला।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को रेल भवन में अपना कार्यभार संभाल लिया।



गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया।



शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने मंगलवार को शास्त्री भवन में अपना कार्यभार संभाल लिया।

## नड्डा के मंत्री बनने के बाद भाजपा को अध्यक्ष की तलाश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री बनने के बाद पार्टी को नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश करनी है। भाजपा में आमतौर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के मुताबिक, सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने की परंपरा रही है। भाजपा के संविधान की धारा-19 के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष का चुनाव एक निर्वाचक मंडल करता है, जिसमें राष्ट्रीय और प्रदेश परिषद के सभी सदस्य शामिल होते हैं। इससे पहले पार्टी को जिला से लेकर राज्य स्तर तक चुनाव की लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्धारित नियमों के अनुसार ही कराया जाता है। पार्टी संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष वही व्यक्ति हो सकेगा जो कम से कम चार अवधियों तक सक्रिय सदस्य और कम से कम 15 वर्ष तक प्राथमिक सदस्य रहा हो। निर्वाचक मंडल में से कोई भी 20 सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव की अर्हता रखने वाले व्यक्ति के नाम का संयुक्त रूप से प्रस्ताव कर सकेंगे। यह संयुक्त प्रस्ताव कम से कम ऐसे पांच प्रदेशों से आना जरूरी है, जहां राष्ट्रीय परिषद के चुनाव संपन्न हो चुके हों। नामांकन पत्र पर उम्मीदवार की स्वीकृति आवश्यक है। इससे पहले आम तौर पर देशभर में पार्टी सदस्यता अभियान भी चलाती है। ऐसे में इस सारी प्रक्रिया को पूरा होने में तीन से चार महीने का वक्त लगता है। यही वजह है कि निर्वाचन प्रक्रिया से गुजर कर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन में लगने वाले समय को देखते हुए पार्टी स्तर पर कई विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है।



*नामांकन पत्र पर उम्मीदवार की स्वीकृति आवश्यक है।*

## पीएम का सभी से नियमित योगाभ्यास का आह्वान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से नियमित योगाभ्यास करने का आह्वान किया है। उन्होंने एक्स हैंडल पोस्ट पर आज योग के महत्व पर चर्चा की है। उल्लेखनीय है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

महत्वपूर्ण यह है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सूत्रधार प्रधानमंत्री मोदी हैं। उन्होंने लिखा है, "जैसे-जैसे योग दिवस नजदीक आ रहा है, मैं वीडियो का एक सेट साझा कर रहा हूं जो विभिन्न आसन और उनके लाभों पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा। मुझे आशा है कि यह आप सभी को नियमित रूप से योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा है, " योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना और दूसरों को भी इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। योग शांति का अभयारण्य प्रदान करता है, जो हमें शांति और धैर्य के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है।



## लोस चुनाव में मतदान करने वाले 4 बांग्लादेशी धराये

**मुंबई।** एटीएस ने मुंबई में फर्जी दस्तावेज से लोस चुनाव में मतदान करने वाले चार बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इन चारों को फर्जी दस्तावेज बनवाने में मदद करने वाले शख्स की तलाश जारी है। एटीएस ने रियाज हुसैन शेख (33 वर्ष) को अंधेरी से, सुल्तान सिद्दिकी शेख (54 वर्ष) को मालाड मालवणी से, इब्राहिम शफीउल्लाह शेख (46 वर्ष) को माहुल गांव और फारूक उस्मान गनी शेख (39 वर्ष) को जोगेश्वरी से गिरफ्तार किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी को ओमान के सुल्तान ने फोन पर बधाई दी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक का फोन आया। सुल्तान हैथम बिन तारिक ने हाल ही में संपन्न हुए आम चुनावों के बाद तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार तारिक ने ओमान और भारत के बीच सदियों पुराने मैत्री संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने भारत के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने तारिक को उनकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया और दिसंबर 2023 में भारत की अपनी ऐतिहासिक यात्रा का जिक्र किया, जिससे सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में मजबूती आई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए भारत-ओमान साझेदारी को और गहरा तथा मजबूत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने तारिक और ओमान के लोगों को आने वाली ईद अल अजहा पर हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

## बालियान अपनी हार के लिए खुद जिम्मेदार : संगीत

**मेरठ।** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में खराब प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं में आरोपों का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम पर आरोप लगाया था कि उन्होंने सपा प्रत्याशी को खुलकर चुनाव लड़ाया। इस पर पलटवार करते हुए संगीत सोम ने कहा कि उन्हें अपनी बात पार्टी फोरम पर रखनी चाहिए, हम भी वहीं अपनी बात रखेंगे। हार के लिए संजीव खुद जिम्मेवार हैं।

### सात पर सवाल

## यूपी के कई सांसदों के दोषी पाए जाने पर छिन सकती है सदस्यता

# अफजाल, धर्मेंद्र, इरफान व चंद्रशेखर के लिए खतरा

*दो वर्ष से अधिक की सजा हुई तो इनकी लोकसभा सदस्यता छीनी जा सकती है।*

एजेंसी

**लखनऊ ।** इंडिया ब्लॉक के कम से कम छह नवनिर्वाचित सांसदों के अलावा एक अन्य सांसद पर कई तरह के आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में उन्हें दो वर्ष से अधिक की सजा हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो इन सांसदों की सदस्यता खत्म की जा सकती है। गाजीपुर सीट से जीतने वाले अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में पहले ही चार साल की सजा सुनाई जा चुकी है। पिछले महीने इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उनकी सजा पर रोक लगा दी थी और इससे उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति मिल गई। इस मामले की सुनवाई जुलाई में होनी है। अगर अदालत ने अंसारी की सजा बरकरार रखी तो उनकी लोकसभा सदस्यता जा सकती है। आजमगढ़ सीट से जीतने वाले धर्मेंद्र यादव के खिलाफ भी चार मामले लंबित हैं, अगर उन्हें दो साल की सजा होती है तो उनकी सदस्यता भी जा सकती है। जौनपुर सीट से जीते बाबू सिंह कुशवाहा पर एनआरएचएम घोटाले से जुड़े कई मामले चल रहे हैं। यह घोटाला उस समय का है जब वह मायावती सरकार में मंत्री हुआ करते थे। उनके खिलाफ 25 मामले दर्ज है, जिसमें से आठ में आरोप तय हो चुके हैं।

सुल्तानपुर सीट से भाजपा की मेनका गांधी को हराकर जीतने वाले राम भुआल निषाद पर आठ मामले दर्ज हैं, जिनमें से एक मामला गैंगस्टर एक्ट के तहत भी है। वे 2024 के लोकसभा चुनाव के कमजोर विजेताओं में भी शामिल हैं। चंदौली लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री महेंद्र नाथ पांडे को हराने वाले वीरेंद्र सिंह पर भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। सपा के यह नेता अगर दोषी पाए गए तो यह उनके लिए बुरी खबर हो सकती है। वहीं सहारनपुर सीट से कांग्रेस के इमरान मसूद के खिलाफ भी आठ मामले दर्ज हैं। इनमें से एक मामला मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है, जिसे ईडी ने दर्ज किया है। वहीं दो मामलों में उनके खिलाफ आरोप तय हो चुके हैं।




### चंद्रशेखर आजाद पर 30 से ज्यादा मामले दर्ज हैं

नगीना आरक्षित सीट से जीतने वाले आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार चंद्रशेखर आजाद पर 30 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। अगर उन्हें किसी एक मामले में दो साल से ज्यादा की सजा होती है तो यह उनके राजनीतिक करियर के लिए बुरा होगा। गौरतलब है कि आपराधिक मामलों में दोषी पाए जाने के बाद कई राजनीतिक नेताओं को अपनी सदस्यता खोनी पड़ी है।

## अमरावती ही है आंध्र प्रदेश की राजधानी : चंद्रबाबू नायडू

एजेंसी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से एक दिन पहले मंगलवार को तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के नेता एन. चंद्रबाबू नायडू ने अमरावती को राज्य की एकमात्र राजधानी घोषित किया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद नवनिर्वाचित विधायकों को संबोधित करते हुए चंद्रबाबू नायडू ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार तीन राजधानियों के नाम पर राज्य के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करेगी और अमरावती को राजधानी के रूप में विकसित करने का काम जारी रखेगी। राज्य की राजधानी के रूप में अमरावती के विकास को रोकने के लिए पिछली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, राज्य से तेलंगाना के अलग होने के 10 साल बाद भी हम यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि राज्य की राजधानी कहां है। जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार ने अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने के टीडीपी सरकार के निर्णय को 2019 में पलट दिया था।



*सरकार 3 राजधानियों के नाम पर राज्य के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करेगी*